डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

शुक्रवार

28 जून 2024

आपकी आवाज



अश्विनी चौबे बोले...बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए

2



# संसद में बोलीं राष्ट्रपति... सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता व पारदर्शिता बहुत जरूरी

- राष्ट्रपति ने आपातकाल की निंदा करते हुए इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया



**एजेंसी/नई दिल्ली**

18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया। राष्ट्रपति ने कहा, अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा, सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने इस संदर्भ में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता भी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है।

मुर्मू ने कहा, हमारे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाने की हर कोशिश की सामूहिक आलोचना होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी को वो दौर याद है जब मतपत्रों को छीन लिया जाता था, लूट लिया जाता था। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए ईवीएम को अपनाने का फैसला किया गया था। मुर्मू ने कहा पिछले कई दशकों में ईवीएम ने सुप्रीम कोर्ट से लेकर जनता की अदालत तक हर कसौटी को पार किया है।

### लोगों ने हमेशा लोकतंत्र के प्रति विश्वास प्रकट किया है

आम चुनाव के दौरान कश्मीर में हुए मतदान में कई रिकॉर्ड टूटने की ओर ध्यान दिलाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इन चुनाव के माध्यम से घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग को बधाई देते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत के लोगों ने हमेशा लोकतंत्र के प्रति अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया है, चुनाव से जुड़ी संस्थाओं पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें इस विश्वास को सहेज कर रखना है, इसकी रक्षा करनी है।

### केंद्र सरकार अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से झूठ बुलवाकर' अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है। खरगे ने यह भी कहा कि अभिभाषण में महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर में हिंसा और जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों जैसे प्रमुख मुद्दों का उल्लेख नहीं था। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर पोस्ट किया, जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के उनके नारे को ठुकरा दिया और भाजपा को 272 के आंकड़े से दूर रखा। मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वह ऐसा बर्ताव कर रहे हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं, जबकि सच्चाई यह है कि देश की जनता ने बदलाव मांगा था। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, पिछले पांच वर्षों में एनटीए द्वारा कराई गईं 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती।

## परीक्षार्थियों को एक हॉस्टल में ठहराकर पेपर और जवाब की कुंजी देने का आरोप

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पटना से दो लोगों को किया गिरफ्तार

- आरोपी आशुतोष कुमार और मनीष कुमार को पटना के स्पेशल कोर्ट में किया गया पेश
- उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज अब सीबीआई उनकी रिमांड मांगेगी ताकि पूछताछ की जा सके

**केटी न्यूज/पटना**

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को दो लोगों को पटना में गिरफ्तार किया है। ये सीबीआई की ओर से इस केस में की गई पहली गिरफ्तारी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया, जहां उन्हें लीक हुए पेपर और जवाब की कुंजी दी। दोनों को पटना के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अब सीबीआई उनकी रिमांड मांगेगी ताकि पूछताछ की जा सके। उन्होंने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में 'लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट के आधे जले हुए पेपर बरामद किए थे।



### हम अगले सत्र तक इस पर कानून लाएंगे: सम्राट चौधरी

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीट पेपर लीक केस में बिहार से हो रही एक के बाद एक गिरफ्तारी पर कहा, इस पर कार्रवाई चल रही है। हम कानून ला रहे हैं और भारत सरकार ने भी कानून का प्रावधान किया है। 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। हम अगले सत्र तक इस पर भी कानून लाएंगे और सख्त कार्रवाई करके और स्पीडी ट्रायल चलाकर 3-6 महीने में आरोपियो को सजा दिलाने का काम करेंगे।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मनीष कुमार ने कथित तौर पर उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो पेपर पहले ही पाने के लिए पैसे देने को तैयार थे। इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को हॉस्टल में ले आए, जहां उन्हें प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी उपलब्ध कराई गई। इन छात्रों को इसी हॉस्टल में रखा गया और पांच मई के सीधे परीक्षा सेंटर पर ले जाया गया।

## ओएमआर सीट उपलब्ध कराने से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को जारी किया नोटिस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नीट परीक्षा में धांधली मामले में अन्य याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी किए गए इस नोटिस को एनटीए ने स्वीकार कर लिया है। अर्जी को भी अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ा गया। इस मामले में अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट में एक लर्निंग ऐप और छात्रों की तरफ से याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान कोचिंग सेंटर की ओर से कहा गया कि छात्रों को ओएमआर शीट देखने का अधिकार है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि कोचिंग सेंटर के कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है? याचिका में ओएमआर शीट उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज मिश्रा ने याचिकाकर्ता से कहा कि यह याचिका एक कोचिंग सेंटर द्वारा अनुच्छेद 32 के तहत याचिका है। इसमें कौन सा मौलिक अधिकार शामिल है? याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिका कुछ छात्रों की ओर से भी दायर की गई है। उन्होंने कहा कि हम बहुत से छात्रों को कोचिंग देते हैं और उनकी शिकायतों को सामने लाने की जरूरत है।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए के दफ्तर में जड़ा ताला

नीट विवाद को लेकर देश में अभी भी बवाल की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को कांग्रेस की स्टूडेंट विंग एनएसयूआई ने दिल्ली में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। वो एनटीए के दफ्तर में घुस गई। बड़ी बात यह रही कि विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एनटीए के दफ्तर में ताला लगा दिया। उस प्रदर्शन के दौरान इतना बवाल देखने को मिला कि पुलिस को भी अपनी तरफ से बल का प्रयोग करना पड़ा। इसी कड़ी में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर लाठी बरसाई गई, उन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने काफी सख्ती दिखाई। जानकारी के लिए बता दे कि भारतीय युवा कांग्रेस चाहती है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दे दें। उनका आरोप है कि नीट परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली हुई है, 24 लाख छात्रों के साथ धोखा हुआ है। इस धोखे को एक्सपोज करने के लिए ही कांग्रेस की युवा इकाई एनटीए के दफ्तर में घुस गई थी। अभी के लिए एनएसयूआई के कई कार्यकर्ता जख्मी बताए जा रहे हैं।

## नीट विवाद पर संसद के दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी दल इंडिया गठबंधन ने गुरुवार को कहा कि वह शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में नीट विवाद पर स्थगन प्रस्ताव लाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर बहस के दौरान विपक्ष नीट, महंगाई, बेरोजगारी, सीबीआई, ईडी और राज्यपाल कार्यालय के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दे उठाएगा। विपक्षी सदस्य सोमवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास एकत्र होंगे।

बैठक के बाद न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने बाकी चार दिनों के लिए अपनी रणनीतियों पर चर्चा की। जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद 'धन्यवाद प्रस्ताव' होगा। हमने इस पर भी चर्चा की। हमने कई मुद्दों पर बात की, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कैसे हुआ और राष्ट्रपति का संयुक्त अभिभाषण शामिल है। इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि विपक्ष हमलावर मोड में होगा और उल्लेख किया कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार है। उन्होंने कहा, कि विपक्ष उन्हें हर दिन इसकी याद दिलाएगा।

## सीजेआई बोले... जज के रूप में कभी दबाव का सामना नहीं करना पड़ा है



- ऑक्सफोर्ड यूनियन की ओर से आयोजित सत्र के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने रखे विचार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने गुरुवार को न्यायपालिका में विधायिका के किसी भी दखल की आशंका को खारिज किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के रूप में अपने 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार से किसी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। यह बात उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनियन की ओर से आयोजित सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कही। सीजेआई ने कहा, भारत में न्यायाधीशों को विवादों पर इस तरह से फैसला करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है कि अदालतें मौजूदा भावनाओं के विपरीत संवैधानिक परंपराओं के आधार फैसले ले सकें। राजनीतिक दबाव के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे सरकार के दबाव के अर्थ में पूछ रहे हैं, तो मैं आपको बताता हूं कि बीते चौबीस वर्षों से जब से मैं न्यायाधीश रहा हूं, मैंने कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है। भारत में हम जिन लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, उनमें यह भी शामिल है कि हम ऐसा जीवन जीते हैं जो सरकार की राजनीतिक शाखा से अलग-थलग है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आगे कहा, अगर आपका मतलब व्यापक अर्थों में राजनीतिक दबाव से है कि एक न्यायाधीश किसी ऐसे फैसले के प्रभाव को महसूस कर रहा है, जिसके राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। तो जाहिर है कि जब आप संवैधानिक मामलों पर फैसला कर रहे हों तो न्यायाधीशों को अपने फैसलों के प्रभाव से अवगत होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है। सामाजिक दबाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अक्सर अपने फैसलों में सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं। सीजेआई ने कहा, हमारे द्वारा निपटाए गए मामलों में गहन सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। न्यायाधीश के रूप में मेरा मानना है कि सामाजिक व्यवस्था पर हमारे फैसलों के प्रभाव के बारे में जागरूक होना हमारा दायित्व है।

## बिहार के किशनगंज जिले में बना पुल गिरा, आवागमन ठप

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढहने की अपनी तरह की चौथी घटना में गुरूवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा, यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका। सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बिहार में पिछले सप्ताह अररिया, सिवान और अररिया जिलों से पुल ढहने की तीन घटनाएं सामने आई हैं। पिछले कुछ वर्षों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं पर

## बीजेपी को दिल्ली बचाना है तो नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा: प्रशांत किशोर

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर नीतीश कुमार को लेकर बड़ी बात कही है। प्रशांत किशोर ने भाजपा की मजबूरियों पर बात करते हुए कहा कि देश में लोकसभा का रिजल्ट ऐसा आया है कि बीजेपी वाले चाहे भी तो नीतीश कुमार को नहीं हटा सकते हैं। आलम देखिए तो बिहार की जनता नीतीश कुमार को हटाने के लिए



कमर कस ली है। बीजेपी को दिल्ली बचाना है तो नीतीश जी को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा। इसके अलावा अगर नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाए रखना है तो बिहार बीजेपी से छूट जाएगी। समय आ गया है।

नीट पेपर लीक पर अपना रोष जाहिर करते हुए कहा कि जो बच्चे दिन रात अपना हाड़ मांस गला कर पढ़ाई कर रहे हैं, उनका पेपर लीक हो गया, उसकी चिंता किसी नेता को नहीं है। पढ़े-लिखे लड़के मुंबई में, दिल्ली में जाकर मजदूरी कर रहे हैं और 9वीं फेल नेता का लड़का तेजस्वी यादव बिहार में राज कर रहे हैं। बिहार के सभी लोगों को वो ज्ञान दे रहे हैं कि हमें गद्दी पर बैठा दो तो हम सबको नौकरी दे देंगे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# उप्र में चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए सीएम योगी ने मांगा प्रस्ताव

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें।



कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए।

उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना उचित होगा।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक नया लिंक एक्सप्रेस वे बनाने पर जोर

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेस वे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फरुर्खाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं। देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निमार्ता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है।




# वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से बने अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का सीएम ने किया लोकार्पण

केटी न्यूज/पटना







मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को वाल्मीकिनगर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस पूरे भवन का निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। 25 एकड़ भूभाग में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसका निर्माण 120 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है। कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री विजय चौधरी और जयंत राज भी मौजूद रहे। गंडक बराज के किनारे बने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस कन्वेंशन सेंटर से वाल्मीकिनगर घूमने आने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा होगी। यह कन्वेंशन सेंटर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल होगा। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

आधुनिक सुविधा से युक्त इस भवन में कुल 100 कमरे हैं, जिनमें डीलक्स, सुपर डीलक्स और अति विशिष्ट रूम शामिल हैं। इस सेंटर का 5 मई 2022 को मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया था। इस भवन का निर्माण भूकंप जोन चार और ग्रीन बिल्डिंग के मानकों के अनुसार किया गया है। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने पश्चिमी चंपारण, बगहा सहित भवन निर्माण विभाग के कई अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीटिंग रूम, लिफ्ट लॉबी, बहुउद्देश्यीय हॉल आदि का मुआयना कर भवन निर्मांम विभाग के सचिव श्री कुमार रवि से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मेंटेनेंस ठीक ढंग से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसके बन जाने से अब यहां आनेवाले पर्यटकों के आवासन में सुविधा होगी। यहां आनेवाले लोगों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण कराया गया है।


### लाल ईटों की जगह फ्लाई ऐश ईटों का हुआ है उपयोग

वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह में निर्मित भवनों में लाल ईटों के स्थान पर फ्लाई ऐश ईटों का उपयोग किया गया है। साथ ही वर्षा जल संचयन के लिए रिचार्ज पीट और रौशनी के लिए सोलर लाईट की व्यवस्था भी की गई है। परिसर वैकल्पिक उर्जा श्रोतों के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके लिए निर्मित भवनों पर सौर प्लेट लगाए गए हैं, जिससे 210 किलोवाट तक बिजली उत्पादन होगी। वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का पूरा परिसर पर्यावरण संरक्षण, जलसंचयन के अलावा अपनी सुंदरता और वास्तुकला का बेजोड़ नमूना पेश करती है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के पार्टी लाइन से हटकर बोलने पर खड़ा हुआ विवाद

# अश्विनी चौबे बोले...बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए

- विधानसभा चुनाव के बाद तय होना चाहिए सीएम का चेहरा
- अध्यक्ष के पद पर निश्चित रूप से संगठन के मूल का व्यक्ति होना चाहिए
- बोले चौबे...पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा अकेले अपने दम पर सत्ता में आए और अपने सहयोगियों को भी आगे ले जाए



केटी न्यूज/पटना

भागलपुर में भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार विधान सभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है और मैंने पार्टी नेतृत्व से भी कहा है कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा अकेले अपने दम पर सत्ता में आए और अपने सहयोगियों को भी आगे ले जाए। यही मेरी मंशा है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को अभी से काम पर लग जाना चाहिए। मैं बिना किसी अपेक्षा के इसे बखूबी निभाऊंगा। मुझे लगता है कि हम नीतीश कुमार को साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे। आज भी आगे बढ़ रहे हैं और आगे भी आगे बढ़ेंगे। चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा तय होगा। पार्टी और केंद्रीय नेतृत्व यह तय करेगा। लेकिन पार्टी के संगठन को आयातित माल हमें कभी बर्दाश्त नहीं। इसलिए अध्यक्ष के पद पर निश्चित रूप से संगठन के मूल का व्यक्ति होना चाहिए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी कई बार यह बात कह चुके हैं कि बिहार विधान सभा का चुनाव भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी लड़ेगी। लोकसभा सीट बंटवारे के समय सीट घटाए जाते समय ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनता दल यूनाइटेड को इस बात का आश्वासन दिया गया था और बाकी घटक दलों ने भी उसी को देखते हुए कम सीटों पर समझौता किया था। लोग लगातार सवाल कर रहे थे कि क्या 2025 के विधानसभा में भाजपा सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा था कि इसमें दिक्कत क्या है। बिहार में 1996 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

## संजय पासवान बोले... नीतीश नहीं होते तो भाजपा जीरो पर आउट होती



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान ने यह कह कर हंगामा मचा दिया है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में यदि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का साथ नहीं होता तो भाजपा जीरो पर आउट हो जाती। संजय पासवान ने एक कार्यक्रम के दौरान सभा के संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने अपनी बातों पर जोर देते हुए कहा कि इस बात में सच्चाई है। साथ ही उन्होंने जन स्वराज के और चर्चित राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की भी जमकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में उनकी ताकत बढ़ती जा रही है, हर जगह उनकी चर्चा हो रही है। संजय पासवान के इस बयान को पार्टी लाइन से अलग माना जा रहा है और यही कारण है कि उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में घमासान मचा हुआ है।

## चोरी के आभूषण के साथ पांच गिरफ्तार, एक सप्ताह पूर्व बंद घर से 50 लाख की संपत्ति की हुई थी चोरी

केटी न्यूज/पटना

बिहार थाना के अपर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि लक्ष्मीकांत सिन्हा के घर में चोरी की घटना को अज्ञात चोरों के द्वारा अंजाम दिया गया था। इसके उपरांत बिहार थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया था। स्पेशल टीम बनाकर पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की हरकत कैद हुई थी। इसके बाद एक संदिग्ध मोहम्मद शमशाद को हिरासत में लिया गया। जिसकी निशानदेही पर अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी की गई एवं जिस ज्वेलरी दुकान में चोरी का सामान बेचा गया था। उस दुकान के मालिक दीपक कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभिक्तों में से बिहार थाना क्षेत्र के चैनपुरा निवासी मोहम्मद अखलाक, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद शमशाद, मानपुर थाना क्षेत्र के अलौदिया निवासी सुरेश सिंह का पुत्र रोशन सिंह, थरथरी थाना क्षेत्र के थरथरी निवासी सीताराम साव का पुत्र दीपक कुमार है। रौशन सिंह, अखलाक, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद इम्तियाज का आपराधिक इतिहास भी पाया गया है।गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी किया गया 27.49 ग्राम स्वर्ण आभूषण, 2 किलो 745 ग्राम चांदी का आभूषण, एक मोबाइल एवं 15 हजार नगद बरामद किया गया।




## मोतीहारी में स्कूल से घर लौट रही दो बच्चियों पर हुआ वज्रपात, मौके पर मौत

केटी न्यूज/पटना



मोतिहारी में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे दो बच्चियों पर बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना पिपरा थाना क्षेत्र के सरियतपुर का है। मृतका की पहचान मधुरापुर निवासी कमल किशोर की पुत्री रूचि कुमारी के रूप में की गई है। फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के सरियतपुर का है। परिजनों का कहना है कि बारिश शुरू होने पर एचएम ने विद्यालय में छुट्टी कर दी। अगर बारिश में बच्चों की छुट्टी नही हुई होती तो यह घटना नही होती। मृतका श्रुति कुमारी सरियतपुर खां टोला प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी। श्रुति कुमारी की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि दो बच्ची सुबह घर से पढ़ाई करने प्राथमिक विद्यालय सरियतपुर खां टोला गई थी, लेकिन विद्यालय के छुट्टी के वक्त बारिश शुरू हो गई। दोनों बच्ची बारिश में ही भींगती हुई अपने घर जा रही थी, इसी बीच अचानक आसमानी बिजली गिर गई। जिससे आठ वर्षीय रुचि कुमारी बुरी तरह से झुलस गई। वहीं दस वर्षीय रेशमा कुमारी भी इस घटना में घायल हो गई। पास के लोगों ने दोनों को मोतिहारी सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रूचि को मृत घोषित कर दिया। वहीं रेशमा का इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है।रुचि के मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि जब छुट्टी के वक्त बारिश हो रही थी तो प्रधाध्यापक ने बच्चों को घर कैसे जाने दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाबुझा कर शव को अंतःपरिक्षण के लिए मोतिहारी भेज दिया। इधर बच्ची के मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

## निजी अस्पताल में प्रसव कराने आई महिला की मौत, हंगामा

**गोपालगंज।** जिले के निजी अस्पताल में प्रसव कराने आई महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा। हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। साथ ही जांच कर दोषियों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। मृतका की पहचान यूपी के कुशीनगर जिले के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के फागू छपरा निवासी संजय शर्मा की पत्नी पूजा देवी के रूप में की गई है। प्रसूता पूजा देवी अपना प्रसव कराने के लिए अपने मायके आई थी। जहां मायके वालों ने 26 तारीख को उसे निजी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए भर्ती कराया था, ऑपरेशन के बाद एक बच्ची को जन्म भी दिया। लेकिन देर रात उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई।

### मदनपुर थाना के मंझार गांव के बघार से 7 मई 2022 को लड़की का शव हुआ था बरामद

# ऑनर किलिंग के मामले कोर्ट ने लड़की के दादा व पिता को सुनाई उम्रकैद की सजा, लगा 35 हजार का जुर्माना

- लड़की के गर्दन पर काला निशान और दोनों बांहों पर खरोंच का था निशान
- लड़की का चल रहा था रिश्तेदार के साथ प्रेम प्रसंग



केटी न्यूज/पटना

अपर लोक अभियोजक महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मदनपुर थाना कांड संख्या-216/22 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए काराधीन दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है। एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मदनपुर थाना के मंझार गांव के बघार से 7 मई 2022 को एक लड़की का शव बरामद हुआ था। इसकी सूचना गांव के चौकीदार ने फोन कर मदनपुर थानाध्यक्ष को दी। उसने बताया कि मंझार बघार में एक लड़की का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि लड़की के गर्दन पर काला निशान हैं और दोनों बांहों पर खरोंच है। मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी मिली कि मृतका औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के बहुआरा गांव निवासी राजा राम की पुत्री है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन बना कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस जब राजाराम के घर पहुंची तो लड़की के पिता राजा राम और दादा कैलाश राम फरार थे। वही इस मामले में लड़की की मां कांति देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी लड़की का प्रेम प्रसंग रिश्तेदार से चल रहा था। बदनामी के डर से लड़की के पिता और दादा उसकी दूसरे जगह शादी कराने की बात कर रहे थे, लेकिन लड़की नहीं मानी। इसके बाद गुस्से में लड़की के पिता और दादा ने 06 मई 2022 को अंधेरी रात में लड़की को घर से बाहर ले गए और बिना लड़की के वापस आ गए। इस पर लड़की की मां ने पूछा कि लड़की कहा है, तो दोनों ने कहा कि परिवार के सम्मान के लिए लड़की का काम तमाम कर दिए है। तुम चुप रहना। इसके बाद बतौर सूचक तत्कालीन मदनपुर थानाध्यक्ष ने मामला दर्ज किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया कि रिश्तेदार से प्रेम प्रसंग के कारण साजिश के तहत लड़की के पिता और दादा ने लड़की की हत्या कर दी। इसी मामले में कोर्ट ने औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के बहुआरा निवासी अभियुक्त पिता राजा राम और दादा कैलाश राम को भादंवि की धारा-302/34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25-25 हजार का जुर्माना लगाया। जुमार्ना नहीं देने पर कोर्ट ने एक साल के साधारण कारावास का प्रावधान किया है।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# बोर्ड की बैठक में दो करोड़ की विकास योजनाएं की गईं पारित

♦ चौसा नपं में पारित योजनाओं से नगर पंचायत क्षेत्र को बनाया जाएगा स्वच्छ व सुंदर

**केटी न्यूज/चौसा**





चौसा नगर पंचायत क्षेत्र को बहुत जल्द स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को आयोजित सामान्य बोर्ड की बैठक में लगभग दो करोड़ की योजनाएं पारित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी की अध्यक्षता व कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सुहैल के संचालन में नगर पंचायत कार्यालय में सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य पार्षद ने नगर पंचायत के विकासात्मक कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि नपं क्षेत्र में बरसात पूर्व सभी बड़े-छोटे नालों की पानी निकासी के लिए युद्ध स्तर पर उड़ाही का कार्य कराया जा रहा है। जल-जमाव की त्वरित निकासी के लिए सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी एवं सफाई जमादार के देख-रेख में दल का गठन किया गया है। ताकि पंचायत क्षेत्र में जल जमाव की समस्या उत्पन्न न हो।

उन्होंने बताया कि नगर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय व मूत्रालय का निर्माण कराया जाए, नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार चापाकल का निर्माण करवाया जाएगा, प्रमुख चौक चौराहों पर कूड़ेदान की व्यवस्था तथा हर घर डस्टबिन दिया जाएगा, क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यकतानुसार ट्रैक्टर व ट्रॉली तथा पेयजल की संकट के निदान के लिए पानी टैंकर का क्रय किया जाएगा। बैठक में चौसा नपं के सभी प्रमुख चौक-चौराहे स्थित पोल पर एलईडी व तिरंगा लाइट लगाए जाने का निर्णय लिया गया। सभी वार्डों में गली नली का निर्माण विभागीय एवं निविदा के माध्यम से कराने का निर्णय लिए गया। नपं क्षेत्र में दो जगहों अल्लाह शाहिद बाबा एवं वार्ड संख्या 13 में स्थायी प्याऊ के लिए टंकी के निर्माण के साथ नलका की व्यवस्था व नगर पंचायत क्षेत्र में आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा का लगाने का काम किया जाएगा।

इस दौरान ईओ ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के पूर्व तैयारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए पेंटिंग, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक, रैली कार्यक्रम कराने पर बैठक में निर्णय लिया गया। वही, प्रत्येक वार्ड में 25-25 एलईडी बल्ब लगाए जाएंगे। बैठक में उप मुख्य पार्षद सरिता देवी, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य ललिता देवी, चंदन चौधरी, आनंद कुमार रावत, वार्ड पार्षद हृदय नारायण सिंह, शैल देवी, दिनेश कुमार, नयनतारा देवी, पुष्पा देवी, रंजू कुमारी, शीला देवी, छोटे लाल चौधरी, अंजू कुमारी के अलावे सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी मोहम्मद अरशद हैदर नकवी, कनीय अभियंता विनय कुमार एवं प्रभारी प्रधान सहायक सत्य प्रकाश उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व पौराणिक स्थलों को पर्यटकीय क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग




**बक्सर।** बक्सर लोकसभा चुनाव में मतदाता संपर्क अभियान के वक्त भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी बक्सर को बनारस की तरह विकसित करने का वादा कर चुके मिथिलेश तिवारी आज एक कर्मयोगी की भूमिका में नजर आए। बक्सर के विकास का सपना देखने वाले, बक्सर को एक पर्यटक हब बनाने का संकल्प लेने वाले हाल ही में बक्सर लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने चुनाव में बहुत कम वोटो से हारने के बाद भी बक्सर का हक और बक्सर के विकास के लिए अपनी वचनबद्धता के प्रति गंभीर नजर आए। गुरूवार को वे बक्सर के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बक्सर के आध्यात्मिक सांस्कृतिक पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों को पर्यटकीय क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें बक्सर में प्रभु श्रीराम एवं श्रीलक्ष्मण को शिक्षा देते हुए मुद्रा में महर्षि विश्वामित्र की मूर्ति की स्थापना। बक्सर जेल परिसर में स्थित वामन भगवान के मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ भगवान वामन महोत्सव की शुरूआत कराने। नौ दिनों का सीताराम विवाह महोत्सव का पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजन कराने। सिद्धाश्रम, वीर गभार्पुरी, व्याघ्रसर और अब बक्सर में त्रेता युग से प्रत्येक नवंबर माह में बृहद स्तर पर आयोजित होने वाले पंचकोशी मेला का आयोजन सरकारी स्तर पर कराने। बक्सर में स्थित माता अहिल्या स्थान का संपूर्ण विकास भी पर्यटन विभाग द्वारा कराने तथा बाबा रामेश्वर नाथ महादेव और बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ महादेव मंदिर का संपूर्ण विकास एवं श्रावण मास में सरकारी महोत्सव का आयोजन करवाने की मांग की गई है।

### 35वें प्रांत स्तरीय समूह प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के लगभग 800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**बक्सर।** अहिरौली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार पटना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार से आयोजित हो रहे तीन दिवसीय 35वां प्रांत स्तरीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता के तहत कबड्डी एवं खो खो का मैच 28 से 30 जून तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का उदघाटन शुक्रवार को शाम तीन बजे रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। वही समूह खेल प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को विद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में विद्या भारती के क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद, विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार, बीरेंद्र कुमार, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख राकेश पांडेय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि खेल के महाकुंभ में राज्य के विभिन्न जिले में स्थित सरस्वती शिशु मंदिरों व विद्या मंदिरों के चयनित 800 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर प्रतिवर्ष विद्यालय स्तर से लेकर के अखिल भारतीय स्तर तक विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन विद्या भारती के तत्वावधान में किया जाता है। खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय परिसर में की गई है। खेल को बेहतर तरीके से संपन्न कराने को लेकर चयनित 35 प्रांतीय निर्णयायकों की टीम बनाई गई है। खेल मैदान में कबड्डी के दो और खो खो के लिए दो कोर्ट बनाए गए हैं। जहां खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। वही प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## खबरें फटाफट

### सीओ से अभद्रता करने वाला बीडीसी गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर सीओ के चैंबर में घुस अभद्रता करने वाले बारूपुर पंचायत के बीडीसी अलीशेर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 13 जून की शाम उक्त बीडीसी ने अंचल कार्यालय में घुसकर बीडीसी अलीशेर शाह ने हंगामा कर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किया था एवं सीओ के साथ अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया था। इसके बाद सीओ डॉ. शोभा कुमारी ने उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### डीएम ने की मामलों पर सुनवाई

**बक्सर।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा लोक शिकायत की द्वितीय अपील की सुनवाई समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस दौरान लोक शिकायत अधिकार निवारण से संबंधित कुल छह मामलों पर सुनवाई की गई। जिसमें एक मामले का निष्पादन जिला पदाधिकारी द्वारा ऑन द स्पाट किया गया। वही, शेष मामलों के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई। सुनवाई में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंचलाधिकारी बक्सर, राजपुर एवं सिमरी उपस्थित थे।

## बुधवार की देर रात इटाढ़ी थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

# पड़ोस में चल रही थी पार्टी, अपराधियों ने सोए अधेड़ को मारी गोली; हुई मौत

♦ जेनरेटर चलाने निकले पड़ोसी की पड़ी नजर, परिजनों को दी घटना की जानकारी
♦ घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस, छानबीन कर जुटा रही साक्ष्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खनिता गांव में रात्रि पहर घर के बाहर सोए एक अधेड़ की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। देर रात परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक की पहचान खनिता गांव के स्वर्गीय सुजान हजाम के 50 वर्षीय पुत्र रसीद हजाम के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता था। जबकि परिवार के अन्य सदस्य गांव में ही नाई का काम करते है। ऐसे में उसकी हत्या क्यों की गई, यह बड़ा सवाल बन गया है।

### जेनरेटर के शोर में दबी गोली की आवाज



पोस्टमार्टम हाउस शव लेकर पहुंचे परिजन।

### घटना के बाद खौफजदा हैं ग्रामीण

इस घटना के बाद ग्रामीणों में भी भय व्याप्त है। बता दें कि रशीद की तरह कई अन्य ग्रामीण भी घर के बार दरवाजे पर सोते है। वहीं, रशीद की किसी से कोई खास दुश्मनी भी नहीं थी। बावजूद नृशंस तरीके से गोली मार उसकी हत्या कर दी गई। जिस कारण ग्रामीणों का खौफजदा होना स्वभाविक है। इस घटना के बाद गुरूवार को दिन में भी ग्रामीण सशंकित नजर आए। जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों को भी इस घटना से आश्चर्य हो रहा था कि आखिर किस कारण उनकी हत्या की गई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक प्रत्येक दिन अपने दरवाजे पर ही सोता था। हर रोज की तरह रसीद कार्य से थका हारा घर पहुंचा, जहा रात्रि पहर भोजन कर अपने घर के दरवाजे पर सो गया। वहीं पड़ोस के एक घर मे जन्मदिन की पार्टी चल रही थी अचानक 12 बजे के आसपास लाइट चली गई। तब जेनरेटर चालू करने के लिए पड़ोसी घर का एक व्यक्ति बाहर आया। उसकी नजर सो रहे रसीद पर पड़ी तो वह भौचक हो गया। रसीद खून से लथपथ था तथा उसके प्राण पखेरू उड़ गए थे। जाहिर है सोए हालत में ही किसी ने गोली मार उसकी हत्या कर दी थी। जिसके बाद वह भागकर पहले अपने घर गया तथा इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद उक्त घर के लोग रशीद के दरवाजे पर आए तथा दरवाजा खुलवा परिजनों को इसघटना की जानकारी दी। सूचना पर लोग पहुंचे, परिजनों को सुचना दी गयी, जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।

**सूचना पर रात में ही मौके पर पहुंची पुलिस :** घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद घटना की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि रशीद को दो पुत्र और एक पुत्री है। इस संबंध में इटाढ़ी थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उसके सर में सटाकर गोली मारी गई है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने किसी से पुरानी अदावत से इंकार किया है। वही, मृतक के भतीजा ने अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### नानी के दाह संस्कार के लिए आये किशोर की नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से मौत

**बक्सर।** जिला मुख्यालय स्थित रामरेखा घाट पर नहाने के दौरान एक 17 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। जिसे स्थानीय गोताखोरों द्वारा काफी मशक्कत के बाद डूबे युवक को निकाला गया। जिसे आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है उक्त युवक यूपी के बलिया का रहने वाला था। जो अपने ननिहाल नानी के दाह-संस्कार में आया था।

मिली जानकारी के अनुसार बक्सर निवासी राजकुमार गुप्ता की मां का देहांत हो गया। जिसके दाह-संस्कार करने यूपी के बलिया निवासी दिनेश कुमार गुप्ता व उसका पूरा परिवार के साथ उनका पुत्र आयुष अपनी नानी के मौत होने पर बक्सर आया था। जहा दाह-संस्कार के बाद पूरे लोग गंगा स्नान के लिए रामरेखा घाट पहुंचे। जहां सबके साथ आयुष भी गंगा स्नान कर रहा था। इसी बीच वह नहाने के दौरान गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। आसपास के लोगों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन, वह असफल रहे। काफी खोजबीन के बाद स्थानीय गोताखोरों द्वारा शव को पानी से निकाला गया। जिसे परिजन आनन-फानन में उसे उठाकर सदर अस्पताल लेकर चले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## केन्द्रीय परिवहन मंत्री को पत्र भेज सांसद ने की गांव से गुजरने वाली एनएच- 319 के मार्ग बदलने की मांग

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने जिले के चौसा प्रखंड स्थित बनारपुर गांव से गुजरने वाली एनएच-319 के निर्धारित मॉर्ग में बदलाव के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि गांव के लिए आपको पूर्व में पत्र लिख चुके हैं और आपके विभाग के मुख्य अभियंता गांव का दौरा कर चुके हैं, लेकिन ना गांव वालों को सूचना दिया गया और न ही किसी से परामर्श किया गया। अतः आपसे अनुरोध है कि मुख्य अभियंता को पुनः एक बार बनारपुर गांव का दौरा करना चाहिए और ग्रामीणों से परामर्श करना चाहिए।

आगे उन्होंने पत्र में लिखा है कि बनारपुर गांव के लोगों का तीन बार भूमि अधिग्रहण का सामना करना पड़ा है। पहला डेहरी चौसा नहर के लिए, दूसरा एसपीएल पावर प्लांट के लिए और तीसरा रेल कॉरिडोर एसपीएल और वॉटर पाइपलाइन के लिए। तीनों बार अधिग्रहण से सरकार द्वारा पहले ही भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। इस कारण अधिकांश ग्रामीण भूमिहीन हो चुके हैं। यदि फिर से एनएच -319 के लिए जमीन अधिग्रहण की जाती है तो यह ग्रामीणों के दिल तोड़ने वाला फैसला होगा। सुधाकर ने लिखा है कि गांव से 100 मी उत्तर में कर्मनाशा नदी के समीप से जमीन अधिग्रहण किया जाता है तो गांव से सटे एनएच -319 के लिए सिर्फ डेढ़ किलोमीटर हिस्से को शिफ्ट करने की जरूरत पड़ेगी। यदि ऐसा होता है तो पटना के मरीन ड्राइव के आधार पर योजना भी बनाया जा सकता है। जिससे ग्रामीणों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। सांसद ने पत्र में लिखा कि गांव में पहले से मौजूद एनएच 14 को आवश्यक स्तर पर विकसित किया जाना चाहिए, जिसमें सिर्फ 15 से 20 मकान को शिफ्ट करने की जरूरत पड़ेगी।

### मोबाइल व ब्लूटूथ के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन से चोरी की मोबाइल व ब्लूटूथ के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार चोरों में डुमरांव के तकिया मोहल्ला निवासी अरुण कुमार तथा अहिरौली का चुनमुन राजभर शामिल है। जिसे जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रकाश कुमार पंडा के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल, सऊनि योगेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षी ब्रजेश राय और जीआरपी बक्सर के होमगार्ड जवान मदन सिंह बक्सर रेलवे स्टेशन र गश्त कर रहे थे। इसी बीच एक यात्री ने उन्हें सूचना दी कि सोते वक्त किसी ने उनका वन प्लस कंपनी का ब्लूटूथ चोरी कर लिया है। जिसके बाद मामले में आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई की।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल से लगा कचरे का अंबार

**केटी न्यूज/बक्सर**



बकाए वेतन की भुगतान को लेकर गुरूवार को बक्सर नगर परिषद के ई-रिक्शा चालक तथा सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए है। उनके हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई। पूरे नगर परिषद क्षेत्र की सड़कों के किनारे कचरे का अंबार लगा रहा। शाम होते होते इनसे दुर्गंध भी निकलने लगी थी। जानकारी के अनुसार इस हड़ताल में 24 ई-रिक्शा चालकों के साथ ही करीब 200 सफाईकर्मी शामिल हुए।

सफाई कर्मियों ने नगर परिषद प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि शुक्रवार तक उनके बकाए मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ तो शनिवार को वे लोग काला बिल्ला लगाकर शहर में घुमकर भिक्षाटन करेंगे। सफाईकर्मियों के हड़ताल से गंभीर हुई समस्या के बाद नगर परिषद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए अतिशीघ्र भुगतान करने का निर्देश कार्य एजेंसी को दिया है। ईओ ने कहा है कि यदि सफाईकर्मियों का शीघ्र भुगतान नहं हुआ तो एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। जिसके बाद कर्मियों को आज शुक्रवार की संध्या तक उनके भुगतान होने की संभावना बनी हुई है। वहीं भुगतान नहीं होने तक कर्मी अपना हड़ताल जारी रखेंगे। कर्मियों के नेता इंद्रजीत चौबे ने बताया कि यदि शुक्रवार तक सफाई कर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं होता है तो वे लोग शनिवार को काला बिल्ला लगाकर थाली हाथ में लेकर नगर में भीक्षाटन करेंगे। ज्ञात हो कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था में कार्य एजेंसी पिछले लंबे समय से विफल साबित हो रही है। जिसके कारण नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई बार एजेंसी के खिलाफ कारवाई का मुद्दा भी उठा। लेकिन अबतक कार्रवाई नहीं हो सकी है और न ही कार्य एजेंसी ने अपने कार्य संसकृति में कोई सुधार लाया है। जिससे प्रबंधन पर कई सवाल खड़े हो रहे है। इस संबंध में बक्सर नगर परिषद के ईओ अमित कुमार ने कहा कि कार्य एजेंसी को शुक्रवार तक मजदूरों के भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।

## बक्सर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा को लेकर सहयोगी संस्थानों के साथ की बैठक

# 10 जुलाई तक योग्य लाभुकों को प्रेरित करें फ्रंट लाइन वर्कर्स: बीडीओ

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से गुरुवार से मिशन परिवार विकास अभियान की शुरूआत हो गई। जिसके तहत 27 जून से 10 जुलाई तक सामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा का संचालन किया जाएगा। इस क्रम में सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित मिश्रा ने प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और सभी सहयोगी संस्थानों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि समुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य योग्य लाभुकों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के इस्तेमाल के साथ स्थायी साधनों के प्रयोग को लेकर प्रेरित करना है। जिसमें आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं, जीविका दीदियां व विकास मित्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इनके माध्यम से लाभुकों को विशेषकर पुरुषों को नियोजन के स्थायी साधन के इस्तेमाल के लिए जागरूक किया जाए। ताकि, अभियान को सफल बनाया जा सके।

### विभिन्न गतिविधियों का करें संचालन

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड के पंचायतों व ग्राम स्तर पर लोगों को सामूहिक स्तर पर जागरूक किया जाए। जिसमें आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इस दौरान आम जनों में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने, बहु-बेटी सम्मेलन के आयोजन आदि का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि योग्य दंपतियों को उत्प्रेरित कर के पूर्व पंजीयन गर्व निरोधक सामग्रियां का वितरण सुनिश्चित करने के अलावा बंध्याकरण, नसबंदी आदि के कार्य अनिवार्य रूप से कराएं।

**11 जुलाई को मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस :** बैठक में सदर प्रखंड के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि 11 जुलाई को सदर प्रखंड समेत पूरे जिले में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। जिसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए विभाग ने 27 जून से 10 जुलाई तक सामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा तथा 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का थीम ष्विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शानष है। इस अभियान में गर्भ निरोधक, आपातकालीन स्थायी व अस्थायी उपाय एवं परामर्श सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही,जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा योग्य दंपतियों को इच्छित सेवा प्रदान किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय बैठक बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पर्यवेक्षिका समेत अन्य लोग उपस्थित हुये।

## आज से शुरू होगी प्रधान शिक्षक के लिए नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बीपीएससी द्वारा शुक्रवार को प्रधानध्यापक (प्रधान शिक्षक) की लिखित परीक्षा शुक्रवार और शनिवार को ली जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर बीपीएससी ने अधिसूचना जारी किया है। परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड 21 जून से ही जारी कर दिया है।

वहीं, 28 जून शुक्रवार को प्रधानाध्यापक एवं 29 जून को प्रधान शिक्षक की परीक्षा आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। एक घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के बाद उपयोग में आई ओएमआर उत्तर शीट को सील बंद कराने के पश्चात ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष छोड़ेगें। वहीं बीपीएससी का कहा है कि अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए अपना अपडेटेड पासपोर्ट साइज फोटो (25 केबी) अपने डैशबोर्ड में लॉगइन करने के बाद अपलोड करना होगा। अगर किसी अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन में नाम, पिता का नाम, माता के नाम में त्रुटि है तो एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले फोटोग्राफ अपलोड करते हुए अपना सही नाम, पिता का नाम, माता का नाम तय स्थान पर डालें।

लंबे समय से सरकारी जमीन का किया गया था अतिक्रमण, लोगों ने भेदभाव का लगाया आरोप

# ब्रह्मपुर में भारी विरोध के बीच डीएम के निर्देश पर हटाया गया अतिक्रमण, तीन हिरासत में



ब्रह्मपुर चौरस्ता पर अतिक्रमण हटाते कर्मी।

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर गुरूवार को अंचल प्रशासन की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल ब्रह्मपुर चौरास्ता के आस पास की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान प्रशासनिक टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा तथा पुलिस ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने वाले तीन लोगों को हिरासत में भी लिया था। वही, जानकारों की मानें तो अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम भी आपस में उलझी थी। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस टीम के सहयोग से जेसीबी के सहारे चौरास्ता के आस पास की सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासनिक टीम ने तोड़ उक्त स्थल को अतिक्रमणमुक्त कराया। यह कार्रवाई ब्रह्मपुर सीओ खुशबू खातून के नेतृत्व में की गई। इस दौरान ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह के साथ बड़ी संख्या में पुलिस टीम भी मौजूद थी। लोगों ने प्रशासनिक टीम पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव के आरोप भी लगाए। लेकिन, सीओ ने किसी की एक न सुनी। लोगों का कहना था कि पूर्व में प्रशासनिक टीम सिर्फ मापी कर चली गई थी। पहले से नोटिस नहीं दिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। सीओ खुशबु खातून ने बताया कि सरकारी जमीन पर सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मालूम हो कि ब्रह्मपुर से रघुनाथपुर सड़क मार्ग में सरकारी अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय एवं थाना सहित कई स्कूल एवं कॉलेज है तथा सड़क के किनारे सब्जी बेचने वालों द्वारा सड़क किनारे का अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके अलावे सड़क पर ही लोग अपना गाड़ी लगाते है। जिससे जाने आने में प्रतिदिन लोगों को अतिक्रमण के कारण भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसके निजात के लिए प्रशासन ने गुरुवार को शक्ति का इस्तेमाल करते हुए बुलडोजर से अतिक्रमण किए हुए जमीन को खाली करवाया। बुलडोजर और प्रशासन को देखते ही अतिक्रमणकारी अपना अपना सामान समेटने लगे और सड़क मार्ग को खाली कर दिया। वहीं दूसरी तरफ कई लोग इस कार्रवाई का विरोध भी कर रहे थे। अतिक्रमण हटाने के क्रम में तू-तू, मैं-मैं भी हुआ लेकिन थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह द्वारा लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया करा अतिक्रमण हटाया गया। स्थानीय दुकानदार जय प्रकाश वर्मा, गणेश गुप्ता तथा मुन्ना गुप्ता की मानें तो प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमण हटाने की पूर्व में सूचना नहीं दी थी। बल्कि सिर्फ मापी की गई थी। दुकानदारों ने बताया कि मात्र एक या डेढ़ फीट के लिए पूरा शेड ही उखाड़ दियागया। वहीं सरकारी काम में बाधा डालने के खिलाफ पुलिस ने तीन लोगों को अपने हिरासत में ले लिया था।

**जिलाधिकारी ने दिया था निर्देश** : बता दें कि पिछले दिनों रांची हाई कोर्ट के जज के साथ ब्रह्मपुर शिव मंदिर में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने डीएम अंशुल अग्रवाल गए थे। इस दौरान जिला परिषद की अध्यक्ष तथा उनके प्रतिनिधि परमा यादव ने डीएम का ध्यान अतिक्रमण की तरफ आकृष्ट कराया गया था। जिसके बाद डीएम ने सीओ को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश के बाद सीओ ने पहले अतिक्रमित भूमि को चिन्हित किया था तथा गुरूवार को पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंच अतिक्रमण हटाया गया।

### चर्चा में रहा विवाद, अतिक्रमण हटाने के दौरानआपस में उलझी प्रशासनिक टीम

अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासनिक टीम को कई बार लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लोग एक तरफ इस कार्रवाई का विरोध कर रहे थे तो दूसरी तरफ प्रशासन से अपनी गुहार भी लगा रहे थे। जानकारों की मानें तो इस दौरान लोगों की बात सुनने के मुद्दे पर प्रशासनिक टीम भी आपस में उलझ गई। जिसके कारण वहां पर काफी भीड़ जुट गई। हालांकि इस मामले की न तो प्रशासनिक पदाधिकारी न और ही पुलिस पदाधिकारी ने पुष्टि की। लेकिन ब्रह्मपुर में पूरे दिन इस बात की चर्चा होते रही। प्रत्यक्षदर्शियों नेएक अधिकारी के कार्यशैली को भी असंवैधानिक करार दिया।

### ♦ गुप्त सूचना पर पुलिस को प्रताप सागर के पास मिली सफलता, चालक से पूछताछ के आधार पर तस्कर की पहचान में जुटी पुलिस

## तीन मवेशियों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, तीन पर मामला दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस व एसपीसीए विभाग के संयुक्त कार्रवाई में ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 स्थित चना गांव के समीप एक पिकअप पर लदे तीन मवेशियों के साथ एक को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस मामले में पिकअप चालक भाग निकला। ओपी पुलिस ने एसपीसीए निरीक्षण कृष्ण कुमार गुप्ता के बयान पर वाहन मालिक के साथ तीन पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर बरामद मवेशियों को आदर्श गौशाला बक्सर में भेज दिया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप पर लदे तीन मवेशी थाना क्षेत्र में देखे गये है। सूचना के आधार पर पुलिस मुख्य सड़क पर जाल बिछाते हुए वाहनों की चेकिंग करनी शुरू कर दी। इसी दौरान वाहन चालक ने दूर से ही पुलिस को देख लिया तथा चना गांव के समीप वाहन को छोड़ भाग निकला। पुलिस जब वहां पहुंची तो पिकअप में तीन मवेशी के साथ एक आरोपी धराया। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला स्थित जुनहरा थाना के नुनहरा गांव निवासी मो. कादिम के रूप में हुई है। पकड़े गये आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी सहित वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मवेशियों को लेकर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

## डीएम ने समाहरणालय संवर्ग के 57 लिपिकों को किया इधर से उधर

**केटी न्यूज/बक्सर**

डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा बुधवार को कार्यालय प्रबंधन कार्य हित में सरकार के सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग बिहार सरकार के निदेर्शानुसार समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल कार्यालय में 57 पदस्थापित समाहरणालय संवर्ग के लिपिको का स्थानांतरण किया गया। साथ ही सभी को निश्चित अवधि तक नए पदस्थापन पर योगदान करने का निर्देश जारी किया है।

बता दे कि सरकारी कार्य मे तेजी लाने हेतु एक जगह जमे 57 लिपिकों को इधर-उधर किया है। उन्होंने बताया कि इससे कार्यो में तेजी आएगी। साथ ही कार्य भी तेजी से आगे बढ़ेंगे। वहीं डीएम ने सभी संबंधित नियंत्रित पदाधिकारी को निर्देश दिया दिया है कि स्थानांतरित लिपिकों को 10 जुलाई तक निश्चित रूप से विरमित करना सुनिश्चित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे, निर्धारित अवधि तक विरमित नहीं करने की स्थिति में 11 जुलाई को पूर्वाह्न से सभी स्थानांतरित प्रतिनियुक्त लिपिक स्वतः विरमित समझें जाएंगे। स्थानांतरित प्रतिनियुक्त लिपिकों को निर्देश दिया जाता है कि 11 जुलाई को अपराह्न तक निश्चित रूप से स्थानांतरित प्रतिनियुक्त कार्यालय में अपना योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यालय अवधि के अंतर्गत स्थानांतरित प्रतिनियुक्ति लिपिको विरमित नहीं करने वाले संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी लिपिक के माह जुलाई का वेतन भुगतान नव पदस्थापित कार्यालय से किया जाएगा।

## लोक अदालत में 354 मामलों का हुआ निष्पादन

### ♦ प्रखंड कार्यालय के सभागार में लगाया गया था लोक अदालत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में चलंत लोक अदालत लगाया गया था। इस लोक अदालत में कुल 354 मामलों का निष्पादन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण पटना के तत्वावधान में किया गया। इसमें डुमरांव, केसठ, नावानगर अंचलों के सभी तरह के विवादों का निटपटारा किया गया। केश के निपटारा होने लोगों में काफी खुशी थी। इस चलंत लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी के रूप में पूर्व न्यायधीश बलराम सिंह, न्यायधीश सदस्य रूखसाना बेगम, समाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर मिश्र, पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव,



पीएलवी अनीशा भारती, संजीव कुमार, उपेन्द्र सिंह, दिप्ती पांडेय, रामेश्वर राय मौजूद रहे।

दिनभर चले इस लोक अदालत में डुमरांव अंचल से 10, केसठ अंचल से 6, नावानगर से 8, नावानगर के ही निलाम पत्र वाद 9, डुमरांव अनुमंडल कार्यालय के 107 द.प्र.स. के कुल 321 मामलों का निष्पादन हुआ। चलंत लोक आदालत के पीठासीन पदाधिकारी ने बताया की यह कार्यक्रम बक्सर जिले में दो दिनों से चल रहा है। इसमें अपने क्षेत्र के और अपनी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, बैंक ऋण, इंश्योरेंस आदि मामले सुलह के आधार पर निष्पादन किए गए। बताया गया की इस आधार को बनाकर कोई आवेदन दे सकता है। इसका आयोजन जिल में 26 जून 2024 से ही शुरू है जो 28 जून को समाप्त होगा।

## डीएम के आदेश पर भी नहीं हटा रास्ते पर बना गैरेज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दिव्यांगों के इलाज और अभ्यास के लिए डुमरांव प्रखंड कार्यालय में दो मंजिला बुनियाद केन्द्र बना हुआ है। इस दिव्यांग केन्द्र में जाने के लिए पीएचसी से होकर गुजरना पड़ता है। बुनियाद केन्द्र जाने वाले रास्ते में पीएचसी का गैरेज बना हुआ है। लिहाजा दिव्यांगों का लाना वाला वाहन वहां तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे उन्हे गोद में उठाकर लाना और ले जाना पड़ता है। इस गैरेज को हटाने के लिए बुनियाद केन्द्र प्रबंधन ने डीएम को वस्तु स्थिति को अवगत कराते हुए गैरेज को हटाने की मांग की थी। डीएम अंशुल अग्रवाल ने अपने अधिकारियों को भेज वस्तु स्थित की रिपोर्ट मांगी थी। रिपोट के अनुसार गैरेज को हटाना जरूरी बताया गया था। डीएम ने दो माह पहले ही गैरेज को हटाने के लिए पीएचसी प्रभारी को आदेश निर्गत कर दिया और उसकी कॉपी बुनियाद केन्द्र प्रबंधन को भी भेजा गया। डीएम के आदेश आते ही बुनियाद केन्द्र प्रबंधन इस गैरेज को हटाने के लिए पीएचसी प्रभारी डार. आर बी प्रसाद पर दबाव बनाने लगा, लेकिन अभी तक उक्त गैरेज को वहां से हटाया नहीं गया है, जिससे आज की तारीख में भी दिव्यांग उसी सकरा और गढ्ढेनुमा रास्ते से आने-जाने पर मजबूर हैं। बता दें की इस बुनियाद केन्द्र में दिव्यांग के डाक्टर, आंख, कान, नाक के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा देते हैं। पूरे अनुमंडल क्षेत्र के दिव्यांग इस बुनियाद केन्द्र में पहुंचते हैं। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि रास्ता नहीं होने से उन्हें कितनी परेशानी होती होगी।



## एक नजर

### डुमरांव में सफाई कर्मियों ने एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम, नहीं तो करेंगे आंदोलन



**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के सफाई एनजीओ की मनमानी के खिलाफ सफाईकर्मियों में आक्रोश पनप रहा है। सफाईकर्मी इस बार आर-पार के मूड में है। अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर नप के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार को एक ज्ञापन सौंपा और सात दिनों का अल्टीमेटम दिया है। इस अवधि तक मांगे पूरी नही होती है तो आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सफाईकर्मियों का नेतृत्व यूनियन के नेता संजय शर्मा ने किया। गुरुवार को नगर परिषद पहुंचे सफाईकर्मियों ने इओ से अपनी पीड़ा बतायी तथा लिखित मांगों में कहा कि अब तक कोरोना काल की बकाया राशि का भुगतान नही किया गया। जबकि दिन-रात मेहनत कोरोना काल मे शहर की सफाई की गयी। मांगों में सभी सफाईकर्मियों को कुशल श्रमिक का दर्जा देने, ईपीएफ की बकाया राशि का तत्काल भुगतान करने, दैनिक मजदूरों का मेहनताना छह सौ रुपये प्रतिदिन करने, मासिक अवकाश का भी भुगतान करने, सफाई का काम विभाग द्वारा कराने और एनजीओ के द्वारा मनमाने तरीके से भुगतान पर रोक लगाते हुए माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान करने की गारंटी देने की मांग किया है। यूनियन के नेता संजय शर्मा ने बताया कि इस मांग को लेकर नगर के सभापति और उपसभापति को भी अवगत कराया गया है। एनजीओ द्वारा सरकार के न्यूनतम मजदूरी दर का भुगतान नही किया जाता। भुगतान मांगने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने की बात सामने आयी है। मौके पर जीतन राम, पिंटू बांसफोड़, अजय पासवान, संतोष राम, अर्जुन कुमार, दीपक बांसफोड़, सरोज राम सहित अन्य शामिल थे।

### एडीएम ने देर रात अस्पताल का किया निरीक्षण

**डुमरांव।** विधायक अजीत कुशवाहा ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई मजदूरों के निकाले जाने संबंधित मामले की जांच की। तीन मजदूरों के निकाले जाने का मामला सामने आया था। विधायक ने उन तीनों को एक सप्ताह के भीतर रखने का अल्टिमेट दिया। इसकी जानकारी डीएम को लग गई थी। डीएम अंशुल अग्रवाल ने पूरी जांच के लिए एडीएम गिरीजेश कुमार को अनुमंडल अस्पताल भेज सारी रिपोर्ट तलब किया। डीएम के आदेश पर पहुंचे एडीएम ने उपस्थित डाक्टर से एक सप्ताह के भीतर कितने डाक्टर व स्टाफ आए और गैरहाजिर रहे इसकी जानकारी मांगी। उन्होंने डीएस डा. गिरीश कुमार को आदेशित किया की हर सप्ताह प्रितिदिन का रिपोर्ट भेजा जाए। इस तरह का रिपोर्ट मांगे जाने से जो डाक्टर एक दो दिन कार्य कर सप्ताह भर गायब रहते हैं, उनके लिए मुसिबत खड़ी हो जाएगी। उन्हें प्रतिदिन ओपीडी सेवा में मौजूद रहना मजबूरी हो जाएगी। जबतक एडीएम अस्पताल में मौजूद रहे हड़कंप मचा रहा।

### पूर्णाहूति व भंडारे के साथ रूद्र यज्ञ संपन्न

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत खरपुरा में विगत 25 जून से रूद्र यज्ञ का आयोजन किया गया था। इस आयोजन के तहत 25 जून को जल यात्रा 26 जून को फल यात्रा एवं पूणार्हुति भंडारा कार्यक्रम 27 जून गुरुवार को संपन्न हुआ। इसको लेकर 24 जून से श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। कथा में प्रवचन कर्ता की भूमिका परम पूज्य श्री जियर स्वामी जी महाराज के शिष्य मोहनजी दास द्वारा निभाई गई। उनके द्वारा श्री राम कथा का रसपान श्रद्धालु श्रोताओं को कराया गया। कथा चार दिवसीय चला। कथा का समापन विधिवत आरती के साथ गुरुवार देर शाम को हुआ। साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम का नेतृत्व राम बिहारी पांडे एवं गुड्डू पांडे द्वारा किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीण व क्षेत्र के लोगों का सहयोग बढ़ चढ़कर रहा। इस कार्यक्रम से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।




श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के छठवें दिन संपन्न हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

## विश्वामित्र ने दी थी प्रभु श्रीराम को बलस व अतिबला की शिक्षा : पौराणिक जी महाराज






**केटी न्यूज/बक्सर**

सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम बक्सर द्वारा आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह नव दिवसीय श्रीराम कथा के छठवे दिन कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहूतियां भी दी गई। वही श्रीराम कथा के दौरान चर्चित कथा वाचक कृष्णानंद शास्त्रीजी उर्फ पौराणिक जी ने कहा कि श्रीराम कथा में सिद्धाश्रम धाम बक्सर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम महर्षि विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा करने बक्सर आए थे तो उस समय उनकी उम्र मात्र 15 वर्ष की थी। महर्षि ने श्रीराम को बलस एवं अतिबला इन दो विद्याओं की शिक्षा प्रदान की थी। इसी विद्या के सहारे प्रभु श्रीराम ने ताड़का का वध किए थे। श्री राम ने मारीच को अपने वाण से मार समुद्र पार भेज दिया तथा सुबाहु का वध किये। अन्य राक्षसों को पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण से ऊपर आकाश में भेज विश्वामित्र के पितृ यज्ञ को आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी से चतुर्दशी तक पूर्ण कर दिये।

यह बक्सर श्रीराम की शिक्षा स्थली तो नहीं है कर्म भूमि अवश्य है। महर्षि विश्वामित्र ने श्री राम को सरयू तट पर विद्या प्रदान किया था। श्रीराम सर्वप्रथम अलौकिक मानव का कर्म बक्सर में किया। उन्होंने कहा कि महर्षि विश्वामित्र की शिक्षा ग्रहण कर प्रभु दुनिया के सबसे महान धनुर्धर बन गए थे। जनक के दरबार में विश्व के समस्त राजा महाराजा देव दनुज और राक्षस धनुष उठा नहीं सके और पराजित हो गए। जहां विश्व की समस्त शक्तियां धनुष को हिला ना सकी वहीं सबके देखते देखते कमल नल के समान बिना परिश्रम के श्रीरामचंद्र ने शिव के उक्त धनुष को दो खंडो में विभक्त करके विश्व विजेता बन गए। शिव धनुष का खंडन करने के बाद उस कालखंड के अद्वितीय वीर परशुरामजी के क्रोध को शांत किए थे। पौराणिक जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम की पितृ भक्ति, मैत्री भक्ति एवं धर्म धारण का अद्भुत काम सृष्टि का उदाहरण बन राज्य से निष्कासन की तथा वनवासी जीवन की स्वीकार्यता ने श्रीराम को महामानव बना दिया। वही श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ में पूरे दिन हजारों श्रद्धालु शामिल हुए तथा मंडप परिक्रमा करते दिखे।



# डीएम व एसपी के आदेश पर अवैध बालू लदे 12 ट्रक, एक ट्रैक्टर और एक लोडर जब्त

- एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में देर रात तक चलती रही छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी रहा है। डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर इमादपुर इलाके से अवैध बालू लदे 12 ट्रक, एक ट्रैक्टर और एक लोडर को जब्त किया गया। खनन विभाग प्राथमिक दर्ज करते हुए फाइन वसूलने की कार्रवाई कर रहा है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी, एसडीओ अनिल कुमार और एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर इमादपुर इलाके में छापेमारी करने का आदेश दिया गया। टीम द्वारा देर रात तक छापेमारी की जाती रही। उस दौरान इमादपुर थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे 12 ट्रक, एक ट्रैक्टर और एक लोडर को जब्त किया गया। उसके



बाद खनन विभाग की ओर से जब्त वाहनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुमार्ना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में पीरो अंचल इंस्पेक्टर, पीरो, सहार, तरारी, इमादपुर और हसन बाजार थानाध्यक्ष शामिल थे। बता दें कि मंगलवार की रात भी टीम की ओर से इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा घाट से अवैध बालू लदे सात ट्रक, दो ट्रैक्टर और एक लोडर जब्त किया गया था। उससे पहले शनिवार की रात भी इमादपुर और संदेश इलाके से दर्जन भर अवैध बालू लदे पांच ट्रक एवं 11 ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। वहीं डीएम ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त

**नसरीगंज।** बालू के अवैध कारोबार पर नियंत्रण को लेकर एसपी रोहतास विनीत कुमार के दिशा-निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुल से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि इस मामले में विभाग को सूचना भेज दी गई है । साथ ही साथ जब्त ट्रैक्टर को पुलिस की निगरानी में रखा गया है। पुलिस की कार्रवाई से



बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इस माह में पुलिस ने अवैध बालू लदे तीसरे वाहन को जब्त की है ।

## एक नजर

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**दिनारा।** दिनारा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के धरकंधा गांव से शिवलाल पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज न्यायालय से वारंट निर्गत था ।

### पुलिस ने 79 हजार 500 रुपये वसूला जुर्माना

**बिक्रमगंज।** पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया। जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के नटवार रोड एवं सासाराम रोड में सघन रूप से पुलिस पदाधिकारी के द्वारा वाहन जांच की गई । जिस क्रम में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा करीब 79 हजार 500 सौ रुपये जुमार्ना वसूला गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में वाहन चालकों का हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक सहित अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा

### 03 दिन भी शिक्षकों को हाजिरी बनाने में हुई परेशानी

**गोपालगंज।** जिले के सभी 2006 प्राथमिक, मध्य, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षकों को ई शिक्षाकोष एप पर ऑनलाइन हाजिरी बनाने के लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने निर्देश दिया है। 25 जून से हाजिरी बनाने के लिए जिला स्तर पर भी सभी पदाधिकारी युद्ध स्तर पर काम कर रहे थे। हालांकि अभी बीपीएससी से चयनित शिक्षकों का डाटा अपलोड नहीं हुआ है। वहीं अभी सैकड़ों ऐसे नियमित व नियोजित शिक्षक हैं, जिन्होंने अभी तक अपना डाटा अपलोड नहीं किया है। स्थापना डीपीओ जमालुद्दीन ने इसको लेकर एक सप्ताह पहले ही पत्र जारी कर ई शिक्षा कोष ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया था। इसके बाद कार्य में तेजी आई थी। गुरुवार की सुबह शिक्षक अपने विद्यालय पर पहुंचकर ऑनलाइन हाजिरी बनाने के लिए जद्दोजहद करते रहे। भोरे प्रखंड की नवसृजित प्राथमिक विद्यालय दयाल छापर में किसी शिक्षक का ऐप डेढ़ किलोमीटर दूर बता रहा था, किसी का एक किलोमीटर तक दूर बता रहा था, तो किसी का ढाई किलोमीटर दूर बता रहा था। यह स्थिति जिले के अन्य स्कूलों में भी थी। बताया जा रहा है कि लगभग 30 फीसदी शिक्षकों ने ही ऑनलाइन हाजिरी बनाई है। हालांकि शिक्षा विभाग की मानें तो अभी 3 महीने तक ऑनलाइन हाजिरी बनाने का कार्य ट्रायल में रखा गया है। यही कारण है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों में कम से कम प्रतिदिन एक शिक्षकों की हाजिरी लगाने का निर्देश दिया गया है। ई शिक्षा कोष ऐप सही तरीके से काम करना शुरू कर देगा तो आने वाले समय में सभी की ऑनलाइन हाजिरी बननी शुरू हो जाएगी। शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी बनाने के लिए ई शिक्षाकोष ऐप को अपडेट जो किया गया है। उसमें लोकेशन सही नहीं डाला गया है। यही कारण है कि स्कूल पर रहने के बाद भी लोकेशन दूर बता रहा है। बहुत से ऐसे स्कूल हैं, जहां नेटवर्क का प्रॉब्लम है। विभाग को चाहिए कि पहले सभी विद्यालयों पर वाईफाई की व्यवस्था की जाए। उसके बाद ऑनलाइन हाजिरी ली जाए। ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षक बेहद परेशान है। विभाग द्वारा बार-बार अल्टीमेटम भी दिया जा रहा है, लेकिन शिक्षकों की समस्या को कोई सुनने को तैयार नहीं है। थक हार कर शिक्षा विभाग द्वारा 27 जून से 29 जून तक जिले एवं प्रखंड के पदाधिकारीयों का ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रशिक्षण कराया जाएगा, उसके बाद सभी अधिकारी विद्यालय के सभी शिक्षकों को 3 जुलाई तक प्रशिक्षण दिलाने का काम करेंगे। तीसरे दिन भी मोबाइल ऐप से हाजिरी बनाने में हुई परेशानी

### दो साल के मासूम को पिता ने उतारा मौत के घाट

**जहानाबाद।** पिछले दो दिनों से लापता 2 साल के मासूम बच्चे का शव सुबह मसौढ़ी थाना क्षेत्र के डाक बंगला परिसर के भूखंड में बरामद किया गया है। मासूम बच्चे का शव मिलते ही आसपास में हलचल मच गई और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई है।जानकारी मिलते ही रहमतगंज मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाली नाजिया खातून दौड़ी पहुंची और अपने बच्चे की पहचान की। नाजिया खातून ने अपने पति मोहम्मद गुलजार पर ही अपने बच्चे की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के समक्ष उन्होंने बयान दिया है।उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने बच्चे को दिखाने के लिए वह गई थी। उसी समय से उसका बच्चा गायब हो गया था और कल रात को हमारे पति ने हमसे कहा था कि तुम्हारे बच्चे की हत्या करके उसके शव को फेंक दिया है, अब तुम दूसरा बच्चा पैदा कर लेना। इस पूरे प्रकरण के बाद पुलिस ने आरोपी मोहम्मद गुलजार को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबरें फटाफट

### विधि-विरुद्ध एक किशोर हुआ गिरफ्तार

**नसरीगंज।** कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैथी गांव से शराब कांड के मामले में विधि-विरुद्ध एक किशोर को गिरफ्तार कर जुवेनाइल कोर्ट सासाराम को सुपुर्द किया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि किशोर के विरुद्ध शराब कांड मामले में किशोर न्यायालय सासाराम से वारंट निर्गत था । जिसका तामीला करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंपा गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त जख्मी

**आरा।** खवासपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय खवासपुर गांव में सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव निवासी महेश गोड़ का पुत्र पवन गोड़ और मदन गोड़ का पुत्र सन्नी गोड़ शामिल है दोनों दोस्त है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह दोनों बाइक से रिश्तेदार के घर खवासपुर गए थे। दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान उनकी बाइक और अनियंत्रित होकर पलट गई। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ाया प्रेमी युगल

**समस्तीपुर।** घटना के संबंध में बताया गया है कि अकबरपुर गांव की रहने वाली एक युवती को लोगों ने रात भागीरथपुर गांव के एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद जुटे लोगों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों को रस्सी से हाथ पांव बंद डाला।

### आरा सदर अस्पताल के न्यू इमरजेंसी वार्ड की गुरुवार की दोपहर की घटना

# घायल का इलाज कराने पहुंचे जवान को अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने पीटा, बवाल

- जवान को सिर सहित अन्य जगहों पर आयी गंभीर चोट, सदर अस्पताल में कराया गया इलाज
- मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा इंचार्ज सहित पांच सुरक्षा कर्मियों को किया गिरफ्तार
- एसपी बोले: फुटेज के आधार पर की जा रही कार्रवाई, नहीं बख्शे जाएंगे कोई दोषी

**केटी न्यूज/आरा**

सदर अस्पताल, आरा में तैनात प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों का दु:साहस एक बार फिर सामने आया है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा इस बार घायल बुजुर्ग का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे डायल 112 के एक सिपाही की जमकर पिटाई कर दी। करीब आधा दर्जन की संख्या में रहे सुरक्षा कर्मियों द्वारा थप्पड़ और लाठी-डंडे से सिपाही को पीटा गया। उसमें सिपाही को काफी चोटें आयी है। जख्मी सिपाही जहानाबाद जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी हारून अशरफ के 39 वर्षीय पुत्र साबिर रजा हैं। वह जिला बल के सिपाही हैं और फिलहाल नवादा थाना के डायल 112 नंबर वाहन में तैनात हैं। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इधर, पुलिस कर्मी के साथ मारपीट की घटना से अस्पताल में देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर एएसपी परिचय कुमार, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय और नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ पहुंचे। उसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस द्वारा सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर और इंचार्ज सहित पांच सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें इंचार्ज संजय कुमार सिंह, सुपरवाइजर घनश्याम उपाध्याय गार्ड महेश चौधरी, मैनुद्दीन अंसारी और राजेश सिंह शामिल हैं। इस मामले में सिपाही के बयान पर सभी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

**एसपी ने किया मामले की जांच शुरू:** एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार गुरुवार की दोपहर नवादा थाना के डायल 112 नंबर पुलिस द्वारा जख्मी हालत में एक लावारिस व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। घायल को एडमिट करने को लेकर अस्पताल के सुरक्षा कर्मी सिपाही से उलझ गए। उसी दौरान सिपाही की पिटाई कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान करने के बाद मारपीट करने वाले सभी पांचों प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। इस मामले में अन्य गार्ड भी आरोपित होंगे, तो उनके खिलाफ भी विधि-संगत कार्रवाई की जाएगी। घायल के परिजनों को बुलाने की मांग पर बिगड़ा मामला और सुरक्षा कर्मियों करने लगे मारपीट घायल के परिजनों को बुलाने को लेकर मामला बिगड़ गया। उसके बाद सुरक्षा कर्मियों द्वारा सिपाही की पिटाई कर दी गई। सिपाही साबिर राजा ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर सूचना मिली कि नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में सड़क किनारे एक बुजुर्ग लावारिस अवस्था में गिरे हैं। सूचना मिलने पर वह डायल 112 वाहन के साथ पहुंचे और बुजुर्ग को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों द्वारा मरीज के परिजनों को बुलाने को कहा गया। कहा जाने लगा कि परिजनों के आने के बाद ही घायल को एडमिट किया जायेगा। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी होने लगी। उसके बाद सुरक्षा कर्मियों द्वारा लाठी-डंडे से उनकी पिटाई की जाने लगी। उसमें उनके सिर और आंखों के पास गंभीर चोटें आयी हैं ।उसके आंख के बगल से खून भी बह रहा था। बाद में एएसपी सहित नगर और नवादा थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंचे। उसके बाद उनकी जान बच सकी।



## पंद्रह दिन पहले अस्पताल कर्मचारी के साथ की गयी थी मारपीट, कार्रवाई नहीं होने से बढ़ा मनोबल

**आरा।** सुरक्षा कर्मियों द्वारा करीब पंद्रह रोज अस्पताल के एक कर्मचारी के साथ भी मारपीट की गयी थी। उसे लेकर नगर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी। अस्पताल में ऐसी चर्चा है कि उस मामले में कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण सुरक्षा कर्मियों का मनोबल बढ़ गया। उसका नतीजा हुआ कि घायल का इलाज कराने पहुंचे सिपाही की पिटाई कर दी गई। लोगों का कहना है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा इलाज कराने आने वाले मरीज के परिजनों के साथ भी ठीक व्यवहार नहीं किया जाता था। बता दें कि 12 जून को सदर अस्पताल के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी परमेश्वर प्रसाद के साथ भी मारपीट की गई थी। तब एक डाक्टर के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। उसके बाद पुलिस और अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। ऐसे में अस्पताल प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय



लोगों का कहना है कि सुरक्षा कर्मियों को मनोबल बढ़ा हुआ है। वह आने आगे किसी को कुछ नहीं समझते है। इन पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए।

# जगदीशपुर में दवा लेकर घर लौट रहे किशोर की सड़क हादसे में मौत, दोस्त गंभीर रूप से जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। अस्पताल से दवा लेकर दोस्त के साथ घर लौट रहे किशोर को किसी वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में उसका एक दोस्त भी जख्मी हो गया है। घटना बुधवार दोपहर में हुई थी। देर शाम किशोर ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृत किशोर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के टिकठी गांव निवासी दसई प्रसाद का 16 वर्षीय पुत्र सागर कुमार था। पड़ोस के शिवजी कुमार ने बताया कि सागर कुमार बुधवार को वह दवा लेने के लिए अपने दोस्त विशाल के साथ अनुमंडलीय अस्पताल गया था। दवा लेकर वह दोनों पैदल घर लौट रहे थे। उसी दौरान दुलौर गांव के समीप किसी वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी थी। उसमें दोनों जख्मी हो गया गए। इसके बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सागर कुमार को आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां




इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि किशोर अपने चार भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां ललिता देवी, तीन भाई सोनू कुमार,निरंजन कुमार, विकास कुमार और बहन पूनम देवी है। घटना के बाद किशोर के घर में कोहराम मच गया है।

# यूपी निवासी ट्रक चालक से लूटपाट में सारण के दो अपराध कर्मी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा इलाके में पिछले साल फरवरी में यूपी निवासी ट्रक चालक से लूटपाट में पुलिस ने सारण जिले के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को बुधवार की रात डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव से पकड़ा गया है। उनमें चकिया गांव निवासी विनोगी राय के पुत्र संजय कुमार उर्फ बिट्टू कुमार और कामता राय का पुत्र बिट्टू कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले साल 12 फरवरी की रात बड़हरा थाना क्षेत्र के छोटी बबुरा पुल के समीप यूपी के कुशीनगर जिले के धूरिया इमालिया गांव निवासी ट्रक चालक अफजल अंसारी से हथियार के बल पर लूटपाट की गयी थी। तब एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार भी किया गया था। उस मामले में चालक के बयान पर सारण के आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम की ओर से लगातार छापेमारी की जा रही थी। उसी क्रम में बुधवार की रात चकिया गांव निवासी संजय कुमार उर्फ बिट्टू कुमार और बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### जहानाबाद की जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक की

# डेंगू को देखते हुए जलजमाव वाले स्थान पर करें फॉगिंग: डीएम

**केटी न्यूज/आरा**

जिलाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहुत की गयी। बैठक में सर्वप्रथम डीएम ने विभिन्न संस्थानों के तहत उपलब्ध कराई जाने वाले सेवाओं की जानकारी के लिए निर्धारित मार्गदर्शिका उपलब्ध कराने का निदेश दिया। ताकि निरीक्षण के क्रम में उक्त मार्गदर्शिका के अनुरूप जांच किया जा सके। साथ हीं साथ उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में निर्धारित जांच सुविधायें को आम जनों तक हर हाल में मुहैय्या कराने की बात कही। डीएम ने अतिरिक्त प्राथमिक




स्वास्थ्य केन्द्र, ओकरी एवं मखदुमपुर का नव निर्मित भवन जो लगभग बन कर तैयार हो चुका है को एक माह के अंदर बीएमएस आईसीएल से हस्तगत कर उपयोग में लाने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में डेंगू बीमारी से संबंधित आईईसी का सभी संस्थानों में अधिष्ठापित कराने का तथा जल जमाव वाले जगहों पर फॉगिंग कराने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा एनसीडी स्क्रीनिंग शत प्रतिशत कराने हेतु सभी अधीक्षक -प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को इस संबंध में संबंधित संस्थान के एएनएम को लक्ष्य देकर कराने का निदेश दिया गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत डीबीटी पेमेन्ट स्टेटस का ब्योरा उपलब्ध कराने हेतु सीडीओ को निदेशित किया गया। भव्या पोर्टल पर समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में विलंब से रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। उन्हें ससमय कराने का निदेश दिया गया। भव्या ऑनलाईन कन्सलटेशन पर घोसी, रतनी-फरीदपुर, हुलासगंज एवं ओकरी का कन्सलटेशन काफी कम है, इसके लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, घोसी, रतनी-फरीदपुर, हुलासगंज एवं काको का वेतन शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने तक बंद करने का सख्त निदेश डीएम ने दी। साथ ही भंडारपाल ओकरी को हटाने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को चेतावनी दी गई कि अगर वे कार्रवाई नहीं करते हैं तो डीएम के स्तर से कार्रवाई की जायेगी। बैठक में स्वास्थ्य संस्थानों में आम जनों को कन्सलटेशन में जो भी जांच चिकित्सक द्वारा लिखा जाता है। सभी जांच सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हो रहे हैं अथवा नहीं का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु सभी को निदेशित किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले के एएनसी रजिस्ट्रेशन की उपलब्धि बहुत कम है, इस संबंध में एएनसी रजिस्ट्रेशन को ससमय कराने हेतु निदेशित किया गया।



# वज्रपात से बचाव के लिए डीएम ने जारी की एडवाइजरी, तालाब, पानी से भरे क्षेत्र से रखें दूरी

♦ सावधानी और तैयारी ही एकमात्र तरीका है, जिसके द्वारा वज्रपात के खतरे को कम किया जा सकता है या बचा जा सकता है

**केटी न्यूज / बलिया**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश पर जिले में वर्षा, अतिवृष्टि, भारी वर्षा के साथ वज्रपात लाइटनिंग से वचाव के संबंध में क्या करें, क्या न करें इसके लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें आंधी-तूफान और भारी वर्षा के दौरान ऊंची इमारतों, पेड़ों, मनुष्यों, जानवरों आदि पर बिजली गिरने की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे जान- माल का नुकसान होता हैं। सावधानी और तैयारी ही एकमात्र तरीका है। जिसके द्वारा वज्रपात के खतरे को कम किया जा सकता है या उसके प्रभाव से बचा जा सकता है। वज्रपात जोखिम वाले क्षेत्र शहरी एवं उप शहरी क्षेत्र बिना तड़ित चालक के उंची इमारतें असुरक्षित, संचार टावरों का भूमि पर अच्छी तरह विद्युत सम्पर्क स्थापित नहीं किया जाना असुरक्षित, पेड़ असुरक्षित, तालाब, झील, पानी से भरे क्षेत्र असुरक्षित हैं।

### बिजली गिरने की संभावना होने पर क्या करें


**बलिया।** बाहर जाने से बचे, जितना जल्दी हो सके पक्की छत के नीचे पहुंच जाएं। तालाव, नदी तट, आदि जैसे जल निकायों से दूर रहें, एड़ियों को सटा कर कान बंद कर बैठ जाये, बिजली गिरने के दौरान किसान कभी खुले मैदान या खेत मे न खड़े हों, कोशिश करें कि यदि आप किसी वाहन में सफर कर रहे हैं तो अपने वाहन में ही रहें, यदि समूह में हैं तो दूर -दूर रहें। यदि आप खुली जगह में हैं तो, अपने शरीर को उंकडू कर एड़ियों को सटा कर कान बंद कर बैठ जाय। जिनके पास स्मार्ट मोबाइल फोन है वे सभी दामिनी एप डाऊनलोड करें व उससे प्राप्त सूचनाओं का पालन करें और अपने आस -पास के लोगों तक पहुंचाएँ। कंप्यूटर, लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन, कूलर, एयर कंडीशनर एवं अन्य विजली से चलने वाले उपकरणों को बंद कर दें। पानी सम्बंधित गतिविधियों जैसे नहाना, बर्तन व कपड़े धोना, पानी भरना आदि को स्थगित कर दें क्योंकि बिजली धातु के पाइप के माध्यम से प्रवाहित हो सकती हैं।दरवाजे, खिडकियाँ, धात की बाल्टी और नल इत्यादि से दूर रहें। साइकिल, मोटरसाइकिल या कृषि वाहन इत्यादि विजली को आकर्षित कर सकते हैं, इसलिए इनसे उतर जाएं अथवा दूर रहें।

## एक नजर

### पत्नी की पिटाई करना पड़ा भारी, बड़े भाई ने चाकू मारकर किया घायल

**हल्दी।** थाना के स्थानीय गांव में पत्नी की पिटाई करना पति को भारी पड़ गया। बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी को घायल देख छोटे भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। खून से लथपथ छोटा भाई थाना पहुंच पुलिस को बड़े भाई के खिलाफ शिकायत किया। मेडिकल कराने के बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुट गई। हल्दी गांव के मस्जिद निवासी फेकू शाह ने गुरुवार को घरेलू विवाद में पत्नी रेहाना की पिटाई कर दिया। इसमें रेहाना का सिर फट गया। थोड़ी देर बाद फेकू पत्नी का उपचार कराने के बाद घर पहुंचा। उसी समय फेकू का बड़ा भाई अनवर ने रेहना का सिर फटा देख भाई को डांटने लगा। इसको लेकर दोनों भाईयों में विवाद हो गया। आपसी मारपीट में अनवर ने चाकू से छोटे भाई फेकू की गर्दन पर वार कर दिया। बीच-बचाव के बावजूद गर्दन पर कई जगह जख्म हो गया। फेकू खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों भाईयों को अलग किया। फेकू उसी हालत में थाना पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पंखें से लटकी मिली विवाहिता, चार वर्ष पूर्व हुई थी शादी



**चितबड़ागांव।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 चितेश्वर नगर निवासी प्रियंका यादव 24 वर्ष पत्नी सुरेंद्र यादव 27 जून गुरुवार की सुबह 5 बजे अबूझ परिस्थितियों में पंखे में रस्सी बांधकर लटकती हुई मृत पाई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतका प्रियंका यादव के पिता विजय शंकर यादव पुत्र राम लक्षन यादव निवासी गोविंदपुर, नरही की तहरीर के अनुसार उनकी पुत्री प्रियंका यादव की शादी 4 वर्ष पूर्व नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 चितेश्वर नगर निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र जनार्दन यादव के साथ हुई थी और हमने शादी में अपनी स्वेच्छा से काफी दहेज में सामान दिया था। 27 जून गुरुवार की सुबह 5 मेरे मोबाइल पर फोन आया कि आपकी बेटी बीमार है और फिर 6:30 बजे फोन आया कि आपकी पुत्री मर गई है। मृतका प्रियंका के पिता विजय शंकर यादव ने प्रियंका के पति सुरेंद्र यादव पुत्र जनार्दन यादव, ससुर जनार्दन यादव 65 वर्ष पुत्र रामराज यादव, सास शिवराती देवी 62 वर्ष पत्नी जनार्दन यादव एवं जेठानी सरिता यादव 34 वर्ष पत्नी धर्मेंद्र यादव इन चारों के विरुद्ध दहेज के लिए मारने पीटने वह प्रताड़ित करने के साथ प्रियंका यादव की हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी और तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कचरा फेंकने के विवाद में युवक की पिटाई

**गाजीपुर।** भूडकुड़ा कोतवाली अंतर्गत अलीपुर मदरा गांव में अच्छे लाल के दरवाजे पर पड़ोसियों द्वारा कचरा फेंकने और बर्तन धोने का घर वालों ने विरोध किया। इस पर घर के युवक को कई लोगों ने मिलकर लाठी से पीटकर घायल कर दिए। बता दें कि लहूलुहान हालत में पीड़ित अच्छेलाल कोतवाली पहुंचा और थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने तत्काल न तो मुकदमा किया और न ही मेडिकल कराया। गुरुवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे कोतवाली पहुंचे तो युवक का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाल तारावती ने कहा कि तहरीर मिली है, बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बलिया।** अपर जनपद न्यायाधीश हरीश कुमार एवं अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री गार्गी शर्मा द्वारा गुरुवार की शाम जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा जेल अस्पताल, पाठशाला व किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता की गई। वातालाप के दौरान बंदियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेलर को निर्देशित किया गया। जेलर जिला कारागार को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, उनसे प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया को प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें, जिससे उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित किया जा सकें।

### बाढ़ पूर्व तैयारियो को लेकर मऊ के जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**मऊ ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने जनपद में बाढ़ से पूर्व तैयारियो का स्थलीय निरीक्षण सहित विकास खंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत सूरजपुर में मनरेगा कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। बाढ़ पूर्व तैयारियो हेतु बाढ़ से बचाव के लिए जनपद मऊ में सरयू नदी के दाएं तट पर मुक्तिधाम की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। यह परियोजना 701.69 लाख रुपए की है। यह परियोजना शत प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। एक अन्य परियोजना जो सरयू नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम सूरजपुर के पुनर्स्थापना कार्य से संबंधित है तथा जिसकी लागत 632.88 लाख रुपए है। इस परियोजना का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। यह परियोजना भी 90% पूर्ण हो चुकी है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को शीघ्र ही शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लेने को कहा। जिससे बरसात प्रारंभ होने से पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाय। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत सूरजपुर में मनरेगा कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। यहां पर एक बंधे का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा तालाब के निर्माण कार्य भी हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बंधे के निचले हिस्सों में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।

## खबरें फटाफट

### बलात्कार के आरोपी को मिली 25 वर्ष कारावास की सजा

**बलिया।** बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 30 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। दोषी का नाम गोलू उर्फ नित्यानन्द पाण्डेय पुत्र रामानन्द पाण्डेय निवासी किड़िहरापुर थाना भीमपुरा है। दोषी के खिलाफ वर्ष 2023 में नगरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत आरोपी को दोषी करार दिया गया। दोषी को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 30 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### एडी बेसिक से महिला शिक्षकों की मुलाकात

**चंदौली।** महिला शिक्षक संघ के वाराणसी मंडल के पदाधिकारी बृहस्पतिवार को ऐडी बेसिक से मुलाकात की ।इस दौरान चारों जनपदों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया ।वहीं 15 जुलाई से शुरू होने वाली आनलाइन हाजिरी से पहले कुछ बेसिक दिक्कतों को शासन तक पहुंचाने की बात की। इस दौरान ऐडी बेसिक ने शिक्षकों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सुझाव भी दिए और हमेशा सहयोग करने का भरोसा दिलाया। शिक्षकों की जो भी समस्याएं हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनीता तिवारी ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीति अग्निहोत्री, रितु श्रीवास्तव, अल्का सिंह, मनीषा प्रसाद,दीप्ति सिंह, अनुपमा सिंह, सुनीता तिवारी,प्रीति अग्निहोत्री,अल्का सिंह उपस्थित रही।

### आकाशीय बिजली से चरवाहे की मौत

**चंदौली।** सदर कोतवाली अंतर्गत माटीगांव रेवसा में एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गुरुवार दोपहर दोबजे के लगभग मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुल्लू सोनकर 30 वर्ष पुत्र बिरजू सोनकर गुरुवार को बत्तख चराने के लिए सिवान में गये हुए थे। अपराह्न 1:30 बजे के करीब अचानक मौसम बदला और बारिश शुरू हुई। पहले तो हल्की फुल्की बारिश हुई लेकिन कुछ ही देर बाद तेज गरज चमक के साथ बारिश तेज हो गई। जब तक बुल्लू अपने बत्तखों को लेकर घर पहुंचता कि अचानक आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में वह आकर झुलस गया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# सभी ब्लैकस्पॉट पर जल्द लगवाएं टेबल टॉप व साइन बोर्ड: जिलाधिकारी

♦ कहा, यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई तेज हो

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चिन्हित ब्लैकस्पॉट पर सभी वह कार्य हो जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। सभी ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप एवं साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवा दिया जाए। उन्होंने हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग, मोबाइल चलाते समय वाहन चलाना, गलत साईड में गाड़ी चलाने पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने की दिशा में कार्यवाही पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने पूर्व में हुई बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की भी समीक्षा की। वर्ष 2022-23 में चिन्हित ब्लैकस्पॉट पर क्या कार्य हुए, इसकी विस्तार से जानकारी ली। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में साइन बोर्ड, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर जल्द से जल्द लगवाकर अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए के माध्यम से सभी विद्यालयों में परिवहन यान समिति की बैठक करा लिया जाए। छात्राओं को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। रोड सेफ्टी पॉलिसी 4ई (इंजिनियरिंग, इनक्रोचमेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) के अन्तर्गत इमरजेंसी केयर से सम्बन्धित विन्दुओं पर गंभीरता से सूचना देने का निर्देश सीएमओ को दिया गया। बैठक में एएसपी दुर्गाप्रसाद तिवारी, एआरटीओ अरूण कुमार राय सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### बिना फिटनेस के नहीं चलना चाहिए कोई वाहन

जिलाधिकारी ने विशेष जोर देकर कहा कि विद्यालय वाहनों की फिटनेस की जांच कर ली जाए। बिना फिटनेस के कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक करा ली जाए। विद्यालय वाहन के चालकों का चरित्र व लाइसेंस की भी जांच करा ली जाए। ये सब कार्यवाही दस दिन के अंदर हो जाए।

### जिलाधिकारी ने इनटेक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

#### आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया निर्देश

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए माल्देपुर में बन रहे इंटेक वेल और कटरिया में निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों के पूरा होने की समयावधि सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी ली। कार्यदाई संस्था एल एंड टी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कटारिया के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिलाधिकारी ने इंटेक वेल निरीक्षण के दौरान नदी की कटान एवं बाढ़ से प्रभावित होने के बारे में पूछा तो सहायक अभियंता ने बताया कि इसकी क्षमता 186 मिलियन लीटर प्रतिदिन की है। इस इंटेक वेल को हाई फ्लड लेवल से 3.50 मीटर ऊपर डिजाइन किया गया है, जिससे यह बाढ़ से प्रभावित नहीं होगा। जिलाधिकारी ने गंगा नदी की कटान की स्थिति को देखते हुए समुचित और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन मानस को कोई क्षति न हो। इसी प्रकार उन्होंने कटारिया में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए मानक एवं गुणवत्ता के साथ तय समय में कार्य पूर्ण कराएं। दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा जनवरी 2025 तक है। इस निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी राजेश गुप्ता, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता मुकीम अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।



### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के दिवान पट्टी महेगवा गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि श्रीवंत चौहान-30 पुत्र भोला चौहान व अपने साथी राजेंद्र चौहान- 35 के साथ अपने नलकुप पर धान की नर्सरी में पानी देने गया था। इसी बीच तेज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से मरदह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने पर मऊ के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में श्रीवंत चौहान की मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक को मऊ हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया गया है। घटना को लेकर हालत नाजुक बनी हुई है। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोलाहल मच गया है। गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। पहले भाई का नाम सतीश, दूसरा अंगद, तीसरा श्रीवंत, चौथा यशवंत था। तीनों भाइयों सहित पिता भोला चौहान, माता सुरेश्वरी देवी, पुत्र कार्तिक, पुत्री कृति का रो- रो कर बुरा हाल था। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जंगीपुर डॉ. वीरेंद्र यादव ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाजवादी पार्टी का परिवार साथ में है।

## बाहर की दवा लिखवाने वालों की अब खैर नहीं

♦ सीएमओ ने व्हाट्सएप और मोबाइल फोन नंबर कराया चस्पा पर कार्रवाई तेज हो

**बलिया।** बाहर की दवा और जांच लिखने वाले जिला अस्पताल के चिकित्सकों के प्रति विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। सीएमओ डॉ. विजयपति द्विवेदी ने तीन व्हाट्सएप और मोबाइल फोन नंबर अस्पताल परिसर में चस्पा करवाए हैं। मरीज या तीमारदार उक्त नंबर पर इसकी शिकायत कर सकता है।

शिकायत की सीएमओ स्वयं अपने स्तर से जांच करेंगे। मरीज के लिए लिखी गई दवा जीवनरक्षक है या कमीशन के चक्कर में बाहर की दवा लिखी गई है। अगर दवा जीवन रक्षक नहीं हुई तो बाहर की दवा लिखने वाले डॉक्टर से मरीज को दवा के पैसे का भुगतान कराया जाएगा। तीनों नंबर इमरजेंसी से लेकर सभी सार्वजनिक स्थान पर चस्पा किए गए हैं।

### इस नम्बर पर कर सकते हैं शिकायत



**बलिया।** अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए डॉ. अभिषेक मिश्रा का 9170000085, मुरली श्रीवास्तव 9450488595 व शैलेंद्र पांडेय का मोबाइल नंबर 8299589591 कागज पर चस्पा करवाया गया है। सीएमओ डॉ. विजयपति द्विवेदी ने कहा कि सरकारी अस्पताल का डॉक्टर बाहर की दवा व जांच लिखता है तो मरीज या तीमारदार दिए गए किसी भी नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज करवा सकता है। डॉक्टर पर जांच के बाद कार्रवाई होगी। अगर जरूरी हुआ तो मरीज को दवा का पैसा डॉक्टर वापस करेंगे।

## विद्युत पोल के छरकी में दौड़ रहे करेंट से लड़की अचेत, सीएचसी पहुंची

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

भूडकुड़ा कोतवाली के गौरा खास मस्जिद के पास सरकारी ट्यूबवेल के पास कई वर्षों पुराना लोहे का बिजली पोल लगा है। जिस पर ट्रांसफार्मर भी है और लगभग दर्जनों गांव में यहीं से बिजली आपूर्ति की जाती है। जिस पोल के पास में कई घर है वहीं की रहने वाली 18 वर्षीय सोनी वर्मा बारिश होने के बाद खाना बनाने जा रही थी जिस पोल के पास से गुजरते ही वह छरकी के चपेट में आ गई और वहीं वेहोस हो गई।जिसे परिजनों ने कपड़ा पकड़कर दूर खींचा और बेहोशी की ही हालत में तत्काल पैडिल रिक्सा से जखनियां अस्पताल पहुँच कर भर्ती किया। घायल की माँ राधिका देवी बिजली विभाग के लोगों को बुलाने के लिए निवेदन किया लेकिन किसी नें एक न सुनी वहीं घटना के बाद तुरंत विभाग के लोगों ने पहुँच कर छरकी में आ रहे करेन्ट की वजह ढूढ़ कर रिपेयरिंग की और लोगों नें राहत की सास ली अब सोचने की बात यह है कि घटना के बाद क्यों जागता है विभाग,किसी एमरजेंसी में जिम्मेदार अधिकारियों का फोन क्यों नहीं लगता है ।

> 18 वर्षीय सोनी वर्मा बारिश होने के बाद खाना बनाने जा रही थी जिस पोल के पास से गुजरते ही वह छरकी के चपेट में आ गई और वहीं वेहोस हो गई

## एसडीएम के अड़ियल रवैये से नपा चेयरमैन खफा

# ददरी मेला पर इस साल लग सकता है ग्रहण

**केटी न्यूज/बलिया**

विगत वर्ष ददरी मेला-2023 के आयोजन व्यवस्था के कार्यों की स्वीकृति आत्रेय मिश्रा तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर के द्वारा नहीं किये जाने के कारण कराये गये कार्यों पर ग्रहण लग गया है। स्वीकृति नहीं होने के स्थिति में आगामी ददरी मेला एवं कार्तिक पूर्णिमा स्नान के आयोजन में काफी समस्या आने वाली है।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने इस विषय पर बताया कि बलिया के परम्परा में प्रत्येक वर्ष ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं ददरी मेला का आयोजन होता है। जिसके क्रम में 2023 ददरी मेला, कार्तिक पूर्णिमा स्नान का आयोजन नगर पालिका परिषद, बलिया द्वारा किया गया, जिसमें कई व्यवस्थाओं, स्नान मार्ग का निर्माण, घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, स्नानार्थी शिविर, शौचालय आदि एवं ददरी मेला भारतेन्दु मंच निर्माण व्यवस्था, बिजली आपूर्ति एवं मार्ग, सफाई आदि के कार्यों के स्वीकृति आत्रेय मिश्रा तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी-बलिया के द्वारा नहीं दिया गया है। स्वीकृति न होने के स्थिति में इस वर्ष के ददरी मेला एवं स्नान के आयोजन के व्यवस्था कार्य पर व्यापक असर पड़ेगा तथा आयोजन में काफी कठिनाइयां आयेंगी। आत्रेय मिश्रा तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी से स्वीकृति के लिए कई बार सम्पर्क किया गया है, लेकिन अधिकारी के अड़ियल व्यवहार के कारण स्वीकृति की प्रकिया पूर्ण नहीं हो पा रही है। जिस कारण इस वर्ष आयोजन में पूर्ण कार्यों के स्वीकृति न होने के स्थिति में काफी कठिनाइयां आयेंगी।



## रास्ते के विवाद में भतीजे ने गोली मारकर चाचा की कर दी हत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भुडकुड़ा कोतवाली अंतर्गत घटारो गांव गाजीपुर-आजमगढ़ सरहद पर बसा है। यह अति संवेदनशील गांव माना जाता है। गुरुवार की सुब पुश्तैनी भूमि पर रास्ते का विवाद एकाएक तूल पकड़ लिया। इस बीच हुई मारपीट में भतीजे ने अपने चाचा को पिस्तौल से गोली मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई घटना की खबर मिलते ही मुकामी पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए और पूरे मामले में गहन छानबीन की।

एसपी ने पीड़ितों को आश्वासन दिया के घटना को अंजाम देने वाले हत्यारोपियों पर बहुत जल्द कठोर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि यह वाकया उस समय हुआ जब मृतक बिमलेश उर्फ विनीत की भाभी और पत्नी रास्ता से मिट्टी हटाने गई थी। तभी दूसरे पक्ष से आरोपी बिट्टू चौहान, भाई पिंटू चौहान सहित महिलाओं ने मृतक की पत्नी, भाभी, भतीजी को गाली गुप्ता देने के साथ ही हाथपाई करने लगे। इसके बाद बिट्टू चौहान पिस्तौल लेकर आया और अपने चाचा के सिर पर ही मुठिया से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में सिर में चोट लग गई थी। उसके बाद भतीजे बिट्टू ने चाचा के कनपट्टी में सटाकार गोली मार दी। गोली लगते ही चाचा तड़प के मौके पर दम तोड़ दिए। घर के अन्य सदस्य अगल-बगल के लोग गोली की आवाज सुनकर बाहर निकले तो वहां पर पूरी तरह से चीख पुकार मची थी। बिमलेश की खून से लथपथ शव पड़ी थी। चारो तरफ चीख पुकार मच गई। दोनों सगे भाई आरोपी मौके से फरार हो गए।

मालूम हो कि शंकर चौहान के चार पुत्र थे। जिसमें विमलेश सबसे छोटा बेटा था। तीन बड़े भाई सऊदी सहित अन्य जगहों पर कमाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते का विवाद को लेकर काफी पहले से कहासुनी चली आ रही थी। इसी प्रकरण को लेकर दो पक्षों में कहासुनी बाद मामला तूल पकड़ लिया और भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। ग्रामीणों ने कहा कि बिट्टू चौहान ने ही अवैध पिस्टल से अपने चाचा को सिर में गोली मारी है। मौके पर पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेंद्र, पुलिस उपाधीक्षक बलराम और कोतवाल तारावती सहित अन्य थानों को फोर्स ने पहुंचकर घटना स्थल पर जांच पड़ताल करने में जुट गए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि मामला जमीनी विवाद के रास्ते का था। इसमें पूर्व में आवेदन आया था। जिसमें कार्रवाई भी की गई है। घटना के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए क्राइम ब्रांच सहित कई टीमें में लगाई गई हैं। अपराधियों की जो जगह और सजा होगी वह अवश्य मिलेगी। हत्या के मामले में मुकदमा लिख लिया गया है।



# नोएडा में 1510 करोड़ रुपए से निर्मित होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

- बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ कंसेशन एग्रीमेंट
- 8 वर्षों में पूरा होगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रोजेक्ट, 230 एकड़ में फिल्म फैसिलिटी के साथ कॉमर्शियल कंपोनेंट्स होंगे विकसित

**केटी न्यूज / लखनऊ/नोएडा**

सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे।

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे।




## 156 एकड़ में निर्मित होंगे फिल्मी कंपोनेंट्स

भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा।

## एक नजर

### उतरौली डैम में नहाने के दौरान डूबने से 10वीं के छात्र की मौत, घर में मातम

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना अंतर्गत उतरौली डैम में बृहस्पतिवार को स्नान करते समय कक्षा दस का छात्र आयुष राय- 17 डूब गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला।इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने वाहन से रेवतीपुर सीएचसी उसके बाद गाजीपुर एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सक ने देखते ही छात्र को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी घर की महिलाओं को होते ही मां डिंम्पल राय सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया एवं घटना के बाद से ही गांव में शोक व सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों ने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर जिला मुख्यालय भेज दिया। मृत छात्र के पिता हरेंद्र राय ने बताया कि उनके तीन पुत्र व पुत्रियों में आयुष दूसरे नंबर पर था। बताया कि वह गांव के ही एक निजी स्कूल में कक्षा दस में दाखिले के लिए घर से जरूरी 3300 रुपये लेकर चला था। मगर बीच रास्ते में दोस्तों के साथ उतरौली साइकिल से डैम में स्थान करने चला गया। बिलखते पिता ने बताया कि घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने उनसे बताया कि वहां डैम में स्नान करते समय वह गहरे पानी में डूबने लगा, उसे बचाने के लिए लोगों ने काफी प्रयास किया। मगर वह कुछ समय बाद पानी में समा गया। पिता ने बताया कि इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से डैम में कुछ दूर पर डूबे आयुष को किसी तरह पानी से बाहर निकाला जा सका। उसे प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृत छात्र के पिता ने बताया कि वह घर पर रहकर खेती- बारी करता है। बताया कि आयुष अपने तीन भाई बहनों में पढ़ने में काफी होनहार था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डूबे छात्र के शव को डैम से बरामद कर लिया गया है। इसके बाद पंचनामा के उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** सुहवल थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे वांछित युवक को? बृहस्पतिवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान क्षेत्र के? रेलवे क्रासिंग के समीप दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को थाने लाकर उससे कड़ी पूछताछ की। उसका मेडिकल मुआयना कराने के बाद चालान कर सक्षम न्यायालय में पेश किया। उसके ऊपर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिनों के न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया। बता दें कि थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले छह साल से बगल का ही एक युवक युवती के घर आते जाते उसकी आखें चार हो गई। नजदीकियां इतनी बढी कि युवक ने प्रेमिका युवती से शादी का प्रस्ताव रखा,इसके बाद दोनों में प्रेम परवान चढने लगा।जिसके बाद आरोपी युवक ने युवती के मना करने के बाद भी उसके साथ शारिरिक संबंध बनाने लगा। काफी दिनों बाद जब युवती ने प्रेमी युवक को उसकी शादी के रखे गए प्रस्ताव की याद दिलाई तो प्रेमी युवक ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद प्रेमिका युवती अपने परिजनों के साथ प्रेमी के घर पहुंची तो उसे वहां से भगा दिया। इसके बाद पीड़ित युवती परिजनों संग सीधे थाने पहुंचकर प्रेमी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने हमराही आरक्षी धीरेंद्र कुमार, आरक्षी एहसान अली और मोहित सिंह के साथ रमवल वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी बगल के रेलवे क्रॉसिंग के समीप खड़ा है, जो कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तत्काल बाद वह पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थल की ओर रवाना हुए। वहां पुलिस की गाड़ी आता देख आरोपी पैदल भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर कुछ दूर जाते ही दबोच लिया गया। बाद में पूछताछ कर उसका चालान कर दिया गया।

### ट्रेन से गिरे यात्री की मौत, लाइन किनारे मिला शव

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसनग आरपीएफ पोस्ट के समीप स्थित रेलवे लाइन के किनारे गुरुवार दोपहर एक बजे एक 30 वर्षीय रेल यात्री का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार अपराह्न आरपीएफ मानसनगर पोस्ट को सूचना मिली कि किसी का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा हुआ है। आरपीएफ ने जाकर मौका मुआयना किया। घटना स्थल अलीनगर थाना क्षेत्र के होने के कारण इसकी सूचना अलीनगर थाने को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से मिले टिकट व पहचान पत्र के आधार पर उसकी शिनाख्त देवा 30 वर्ष बिनोद दास निवासी मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई। वह मुजफ्फरपुर से आ रहा था।

## खबरें फटाफट

### पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 3-4 जुलाई को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 तीन और चार जुलाई को होगी। पीयू कैट के समन्वयक प्रोफेसर मिथिलेश सिंह के अनुसार प्रवेश परीक्षा डी फार्मा, बीटेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीएससी, बीकाम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, एमबीए तथा एमबीए के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा 3 और 4 जुलाई को होगी। इन परीक्षाओं का एडमिट कार्ड 25 जून से डाउनलोड हो रहा है। प्रवेश परीक्षा तीन चरणों में होगी प्रथम चरण 9 से 11, दूसरा चरण 12 से 2, तीसरा चरण तीन से पांच बजे होगी। सभी परीक्षाएं परिसर के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में होगी, जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा नहीं हो रही है उन पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश मेरिट के आधार पर 5 जुलाई से लिया जाएगा। अभ्यर्थी संबंधित विभाग से संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नये सदस्यों को जोड़ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी ने किया संगठन का विस्तार

**चंदौली।** डीडीयू नगर क्षेत्र अंतर्गत लंका रोड स्थित हनुमान मंदिर पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी द्वारा गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के संगठन का विस्तार करते हुए 12 सदस्यों को संगठन में जोड़कर उनको पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। गौ माता की सेवा और जगत कल्याण के लिए गौ रक्षा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी केप्रदेश कार्यकारिणी सुजीत कुमार के तत्वावधान में संगठन को मजबूती देने के लिए गौ रक्षा वाहिनी संगठन में नए सदस्यों को जोड़ा गया।

## पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का हुआ गठन

# राज्य में सुरक्षा का बेहतर वातावरण तैयार करना सरकार का दायित्व : सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने यूपी-112 द्वितीय चरण के अंतर्गत उच्चीकृत पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- सीएम ने कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षियों को वातानुकूलित हेलमेट का भी किया वितरण

**केटी न्यूज/लखनऊ**

कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी। प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटबिल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही वातानुकूलित हेलमेट का वितरण किया। सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है।

सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में नए युग में प्रवेश किया है। निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह केवल नारे नहीं, जमीनी हकीकत है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की तो समुचित प्रशिक्षण भी कराया। बड़े महानगरों को छोड़ विकास प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सामान्य जनपद में सबसे ऊंची बिल्डिंग पुलिस लाइन के अंदर बन रहे पुलिस के आधुनिक बैरक की है। यहां अवस्थापना सुविधाओं का विकास और ट्रेनिंग की क्षमता को बढ़ाया गया। पुलिस बल के आधुनिकीकरण के अनेक प्रयास हुए। पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन किया गया। गत वर्ष पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है।




### कानून के राज ने पुलिस को बनाया विश्वास का प्रतीक

सीएम योगी ने कहा कि पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया। 2017 में सीएम बनने के बाद पहली प्रशासनिक बैठक की, वहां पता चला कि यूपी आबादी में देश का सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन यह छठवीं अर्थव्यवस्था था। जैसे-जैसे प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ तो यूपी देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा और अब तेजी के साथ देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। सीएम ने कहा कि समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं देंगे तो पुलिस बल पिछड़ जाएगा। ऐसा होने से सबसे खतरनाक असर सामान्य नागरिकों की सुरक्षा पर पड़ेगा। जनता का विश्वास एक बार व्यवस्था से हटा तो उसे बहाल करने में लंबे समय तक कवायद करनी पड़ेगी।

### फ्लीट में शामिल होंगे 6278 वाहन

सीएम योगी ने कहा कि हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया। सात वर्ष में फोर व्हीलर के साथ टू व्हीलर भी शामिल किया गया, जिससे गली-मोहल्लों तक पीआरवी आमजन की सेवा के लिए पहुंच सके। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय यूपी पुलिस का पीआरवी 112 सुर्खियों में बना था। लोगों ने पुलिस बल के सेवा भाव को देखा था। जिन गली-मोहल्लों में फोर व्हीलर नहीं जा सकती, वहां टू व्हीलर की सुविधा पहुंची। अगले तीन वर्ष का बड़ा कार्यक्रम शासन ने तय किया है। इस फ्लीट में 6278 फोर और टू व्हीलर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास प्रारंभ किया है।

### सीएम योगी ने कानपुर पुलिस के प्रयासों की सराहना की

कानपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कर्मचारी कल्याण के लिए एसी हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल की गई। इसका निर्माण हैदराबाद की कंपनी ने किया है। कानपुर मेट्रो में काम कर रही एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर ने कानपुर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए सीएसआर गतिविधि के माध्यम से सहयोग दिया है। सीएम ने कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षी सुगौरव तिवारी को हेलमेट पहनाया। सीएम ने कहा कि गर्मी के नए रिकॉर्ड टूटे हैं। अंतिम चरण की चुनाव ड्यूटी के लिए जब पुलिस व कर्मचारी प्रस्थान कर रहे थे तो एक ही दिन में दर्जनों मौतें हुईं। उस समय तापमान बहुत अधिक था। लू-भीषण गर्मी में भी यूपी पुलिस लोगों को बेहतर सुविधा देती है। ट्रैफिक पुलिस के जवान चौराहे पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करते है। कई बार ऐसा करते-करते जवान बेहोश हो जाते हैं या कोई अप्रिय घटना हो जाती है। यह एसी हेलमेट कुछ हद तक मदद करने में सहभागी बनेगा। सीएम ने कहा कि कानपुर कमिश्नरेट पुलिस का यह प्रयास सराहनीय है।

# पेशेवर अपराधियों के खिलाफ होगी गैंगस्टर की कार्रवाईः एसपी

**केटी न्यूज / चंदौली**

नवागत एसपी आदित्य लांग्घे ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय चंदौली पहुंचकर कार्यभार संभाला। इसके साथ ही मीडिया से रूबरू होकर अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर चंदौली पुलिस की पैनी नजर होगी और समय-समय पर उनकी नकेल कसी जाएगी, ताकि जनपद में कानून-व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पेशेवर अपराधियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही होगी। इसके अलावा फरियादियों को न्याय दिलाना भी प्राथमिकता में होगा। बताया कि जिले के सभी थानाध्यक्ष अपने



कार्यालयों में मौजूद रहकर आम जनता की फरियाद को सुनेंगे और उसे समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी स्तर से मामलों को बिना वजह लंबित करने की शिकायत या सूचना मिलती है तो संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जनपद में अपराधियों के भय को दूर करने के लिए पुलिस व्यापक गश्त करेगी। इसके अतिरिक्त जनपद की सीमा के अंदर शराब तस्करी, पशु तस्करी समेत अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं व मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस की नजर चौबीसों घंटे रहेगी। कहा कि जनपद की यातायात व्यवस्था बेहतर हो। इसके लिए प्रभावी रूप से कार्य किया जाएगा। विदित हो कि एसपी आदित्य लांग्घे आगरा जीआरपी के पद पर तैनात थे और स्थानान्तरण के बाद चंदौली एसपी के रूप में उन्होंने नए दायित्व को गुरुवार को संभाला। इस अवसर पर एएसपी विनय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।




## सीडीओ की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा बैठक

# डुगडुगी बजाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें शिक्षक: सीडीओ

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कायाकल्प, मिशन प्रेरणा फेस-2, निपुण भारत के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया,कि प्रत्येक विद्यालय का एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण कर शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति की जांच करें। अनुपस्थित पाये जाने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही करें।

ईट-भट्टों, बस अड्डा, स्टेशन आदि सहित अन्य स्थनों पर जाकर बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए



उनका नामांकन कराये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों को मीटिंग के माध्यम से और गांव में डुग्गी और मुनादी करके नामांकन बढाएं।अध्यापक एसएमसी और पीटीएम बैठक कर पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित करें। बैठक के दौरान उन्होंने मूकबधिर एवं दृष्टि बाधित बच्चों के लिए दिव्यांग जन कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा बचपन डे-केयर स्कूल संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया तथा प्रधान के माध्यम से ऐसे दिव्यांग बच्चों की चिन्हाकन किए जाने के लिए निर्देशित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आरबी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूराम, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भामा शाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचकर बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी अभय पाण्डेय से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने 29 जून को दानवीर भामा शाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने की जानकारी दी और उन्हें पत्रक सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के प्रयास से 25 वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रदेश सरकार ने 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कहा कि यह निर्णय आसान नहीं था। दो दशक का प्रयास अब जाकर धरातल पर उतरा है। निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी दिवस के अवसर व्यापारियों को सम्मानित करेगा।इस दौरान प्रेमनाथ शर्मा, महेंद्र गुप्ता, अनिरुद्ध जायसवाल, बाबू खान, बसंत गुप्ता उपस्थित रहे।

## सुभाषितम्

बलवान व्यक्ति की भी बुद्धिमानी इसी में है कि वह जानबूझ कर किसी को शत्रु न बनाए। - शुप्रनीति

# इक सुन्दर सपना आखिर टूट ही गया

- राकेश अचल

` सपनों का टूटना मनुष्य जीवन का सबसे दुखद पहलू है । ईश्वर ने मनुष्य को ये सुविधा दी है कि वो सोते-जागते स्वप्न देखे,उन्हें साकार कर ,उन्हें टूटने न दे ,लेकिन कहते हैं कि ईश्वर एक हाथ से वरदान देता है तो दूस्सरे हाथ से उसे छीन भी लेता है। सबसे बड़ा उदाहरण भस्मासुर का है। 44 साल पहले राम जी का नाम लेकर गठित भाजपा के तत्कालीन नेतृत्व का ही नहीं बल्कि मौजूदा नेतृत्व का भी एक ही सुन्दर सपना था कि देश कांग्रेस-विहीन हो जाये,लेकिन 2024 के आम चुनाव में भाजपा का ये सुन्दर सपना बुरी तरह से टूट गया है । देश कांग्रेस विहीन तो नहीं हुआ उलटे कांग्रेस के हिस्से में लोकसभा के विपक्ष के नेता का पद और आ गया। भाजपा के इस सुन्दर सपने में रंग भरने के लिए भाजपा के छोटे से लेकर हर बड़े कार्यकर्ता ने हाड-तोड़ श्रम किया । लालकृष्ण आडवाणी से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी तक इसमें लगे रहे,किन्तु आक्रामकता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ मोशा की जोड़ी आगे बढ़ी । इस जोड़ी ने 2014 में कांग्रेस को जमीन पर ला पटका,लेकिन 2019 के आम चुनाव ने फिर से अंगड़ाई ली और उठ खड़ी हुई । 2024 के आम चुनाव में तो कांग्रेस ने कमाल ही कर दिया । आज कांग्रेस के पास सत्ता का नेतृत्व तो नहीं है, लेकिन एक मजबूत विपक्ष का नेतृत्व अवश्य है। भाजपा का सपना टूटते देख मुझे वेदना होती है । किसी का भी सपना टूटते देख मै द्रवित हो जाता हूँ। भाजपा के मामले में तो मुझे रामचरित मानस की वो चौपाई अक्सर याद आ जाती है -

**जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा।**
**तासु दून कपि रूप दिखावा।।**

भाजपा ने पिछले एकदशक में कांग्रेस को मिटटी में मिलाने के सौ जतन किये लेकिन कांग्रेस मरी नहीं,मिटी नहीं। कांग्रेस एक कोशीय अमीबा की तरह मर-मरकर जीवित होती रही। कांग्रेस के मौजूदा नेता राहुल गांधी ने भाजपा के एक दशक के शासनकाल में सबसे जायदा सहा । मुकदमें झेले,संसद की सदस्यता गंवाई ,फिर अदालत के हस्तक्षेप से वापस पाई । सरकारी मकान छोड़ा । अठारह-अठारह घंटे तक जांच एजेंसियों के सामने बैठकर पूछताछ का सामना किया। भाजपा की सरकार लेकिन राहुल गांधी को जेल नहीं भेज पाई। जबकि उसके लिए ऐसा करना बहुत कठिन नहीं था। आज स्थिति ये है कि राहुल तमाम अग्निपरीक्षाओं को उत्तीर्ण कर कुंदन की तरह बाहर निकले हैं। आज संसद में वे लोकसभा अध्यक्ष ,सदन के नेता के बाद तीसरे नंबर पर जब खड़े होते हैं तो कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने का सपना देखने वालों की नजरें शर्म से नीचे झुक जाती हैं।

कांग्रेस का इस देश से पुराना नाता है ,भाजपा से भी रिश्तेदारी किये देश को आधी सदी होने वाली है । भाजपा भी, कांग्रेस की तरह एक विचारधारा की पोषक पार्टी है । देश में पहले भी विचारधाराओं पर आधारित कैडर वाले राजनीतिक दल हुए हैं ,लेकिन कांग्रेस और भाजपा के विचरों जैसी पुख्तगी किसी और दल में नजर नहीं आती । एक जमाने में सबसे मजबूत विचार देने वाले वामपंथी भी आज हासिये पर है। वे कांग्रेस की तरह उठ खड़े होने में कामयाब नहीं हुए,हालाँकि उन्होंने आज भी अपना रास्ता नहीं छोड़ा और वे आज भी साम्प्रदायिकता के खिलाफ हर लड़ाई में बराबर से खड़े नजर आते हैं। सवाल ये है कि अब जब कांग्रेस पहले से दोगुनी ताकत के साथ अपने सहयोगियों के साथ लोकसभा में मौजूद है तो भाजपा के कांग्रेस विहीन सपने का क्या होगा ? क्या आने वाले पांच साल में सत्तारूढ़ भाजपा अपने सहयोगी दलों कि साथ देश को कांग्रेस विहीन करने कि अभियान में फिर जुटेगी ? भाजपा कि लिए कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने की लड़ाई अब तक जितनी आसान रही उतनी भविष्य में शायद न हो ,क्योंकि उसके प्रमुख सहयोगी दल तेलगू देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड ने कभी देश को कांग्रेस विहीन करने का न नारा दिया और न ही ऐसे किसी अभियान का हिस्सा बनी । मौका आने पर ये दोनों दल कांग्रेस के साथ खड़े नजर आये। भविष्य में भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ये दोनों दल आगे भी भाजपा का साथ निभाएंगे ? हकीकत ये है कि इस देश को आजादी से पहले भी कांग्रेस की जरूरत थी और आजादी कि बाद भी जरूरत रही । ये बात और है कि महात्मा गाँधी ने आजादी मिलने कि बाद कांग्रेस को भंग करने की बात कही थी। महात्मा गाँधी का मन न रखकर कांग्रेस के नेताओं ने हालाँकि ठीक नहीं किया,कांग्रेसी भी जनसंघ की तरह कांग्रेस का कोई दूसरा नाम रखकर काम चला सकते थे ,लेकिन जो नहीं होना होता ,सो नहीं होता। कांग्रेस एक शताब्दी से ज्यादा समय के बाद देश सेवा में उसी तरह सन्नद्ध है जैसे कि भाजपा आज है । भाजपा को कांग्रेस राष्ट्रद्रोही लगती है ये और बात है । जिस दिन भाजपा की मान्यता को इस देश की जनता की मान्यता भी मिल जाएगी ,उस दिन कांग्रेस समाप्त हो जाएगी । किन्तु ये दिन शायद कभी आएगा नहीं। लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव के समय कांग्रेस ने एक बार फिर गाम्भीर्य के साथ ही अपनी राजनीतिक परिपक्वता का मुजाहिरा किया। कांग्रेस यानि इण्डिया गंठबंधन ने आपने प्रत्याशी के सुरेश के नाम की घोषणा के बाद मतदान की जिद नहीं की। लोकसभा अध्यक्ष का सर्वसम्म्त चुनाव करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा और उसके गठबंधन ने कांग्रेस और आईएनडीआईए का आभार मानने के बजाय चुनाव के तुरंत बाद अपना असली रंग दिखा दिया । लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जिस तरह से नवनिर्वाचित सदस्यों को हड़काने की कोशिश की उससे जाहिर है भाजपा के नेताओं,प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष की चाल,चरित्र और चेहरे में कोई बदलाव नहीं आया है। वे लोकतंत्र की गरिमा का ख्याल रखने के लिए तैयार नहीं है । नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष भूल रहे हैं कि उनके सामने जो विपक्ष है वो कुम्हण बतियाँ नहीं है जो किसी की तर्जनी देखकर कुम्हला जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के साथ जनादेश से आये एक नहीं सैकड़ों लक्ष्मण खड़े हैं जो राउर [विपक्ष कि नेता ] का अनुशासन [आज्ञा ] पाकर पूरी लोकसभा को गेंद के समान अपने हाथों पर उठा सकते हैं। बैशखियों कि सहारे खड़ी भाजपा सरकार कि लिए अवसर है कि वो देश की जनता की आकांक्षाओं को समझे और समन्वय के साथ सरकार चलाये। विपक्ष को लोकसभा के उपाध्यक्ष का पद सहर्ष सौंपे। दुनिया में देश की पहचान को धब्बा लगाने के लिए कीचड़ में खड़े होकर सियासत करना ठीक नहीं है देश को अदावत की राजनीति से मुक्ति चाहिए। यदि ऐसा न हुआ तो अगले चुनाव में देश की जनता अपना निर्णय फिर बदल सकती है। अभी उसने भाजपा से उसका कवच - कुंडल छीना है मुमकिन है कि भविष्य में वो उससे सब कुछ छीन ले। अभी भी मौका है कि भाजपा का मौजुदा नेतृत्व श्रीमदभागवत गीता के बजाय श्रीमदमोहन भागवत की हिदायतों को ध्यान में रखकर अहंकार त्याग दे अन्यथा भाजपा का भविष्य कंटकीर्ण ही बना रहने वाला है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बार-बार हथेली नहीं लगा पायेगा भाजपा को गिरने से बचने के लिए। आखिर संघ को भी भाजपा ने तनखैया बना दिया है।

## बढ़ती धार्मिक कट्टरता से दुनिया की बड़ी आबादी नास्तिकता की ओर

समय और काल के हिसाब से प्रकृति जन्य परिवर्तन होते हैं। सामाजिक विकास में भी बदलाव आता है। उसी के अनुसार लोगों की सोच बनती है। पिछले 25-30 सालों से दुनिया के देशों में धार्मिक कट्टरता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। धार्मिक कट्टरता के बल पर सत्ता तक पहुंचने के लिए धार्मिक आधार बहुत आसान रास्ता बन गया है। जिसके कारण दुनिया के सभी देशों में धार्मिक एवं जातीय कट्टरता को आधार बनाकर सत्ता में काबिज होने की प्रवृत्ति दुनिया के देशों में बढ़ती जा रही है। ईसाई, मुस्लिम राष्ट्रों के साथ-साथ अब हिंदू राष्ट्र भी धार्मिक कट्टरता के सहारे सत्ता तक पहुंचाने का मार्ग खोज रहे हैं। अमेरिका जैसे देश में धार्मिक कट्टरता बढ़ रही है। धार्मिक कट्टरता से नाराज लोग अब धर्म मानने या परिवर्तन करने के स्थान पर बड़ी संख्या में नास्तिक बन रहे हैं। दुनिया में करीब 800 करोड़ की आबादी है। धर्म के स्थान पर लोग अब वैज्ञानिक, लोकतांत्रिक, सामाजिक विकास और सामाजिक सामंजस्य से अपने जन्म के समय के धर्म से दूर होते जा रहे हैं। दुनिया के विकसित देशों में जो जनगणना हुई है उसको देखने से पता लगता है कि दुनिया में नास्तिकों की संख्या तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। दुनिया के देशों में अभी 31.5 फीसदी आबादी ईसाई है। 23.2 फीसदी इस्लाम धर्म को मानने वाली आबादी है। हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की संख्या भी लगभग 15 फीसदी है। दुनिया के देशों में 7.5 फीसदी बौद्ध धर्म को मानने वाली आबादी है। सारी दुनिया के देशों में 5.09 फीसदी आबादी जनजाति धर्म को मानने वाली हैं। जैन धर्म को मानने वालों की संख्या 0.8 फीसदी है। दुनिया के देशों में मात्र 0.2 फीसदी यहूदी हैं। सिख और अन्य धर्म को मानने वालों की संख्या ना के बराबर है। जनसंख्या के आधार पर दुनिया के देशों में 218 करोड़ के आसपास ईसाई धर्म को मानने वाले लोग हैं। 191 करोड़ लोग इस्लाम धर्म को मानने वाले हैं। 116 करोड़ लोग हिंदू धर्म को मानने वाले हैं। भारत, नेपाल, मॉरीशस, अमेरिका सहित अन्य देशों में हिंदू आबादी अधिक रहती है। बौद्ध धर्म मानने वाले 55 करोड़ लोग हैं। इसके बाद जैन धर्म, यहूदी और सिख धर्म मानने वालों की आबादी भी है। सामाजिक व्यवस्था में अब धार्मिक आधार के स्थान पर लोग सामाजिक स्तर पर किसी भी धर्म को मानने के साथ सर्व धर्म समभाव के आधार पर पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते बना रहे हैं। इसमें धर्म गौढ़ होता जा रहा है। ऐसे में दुनियां के सबसे नास्?ता?क देश की बात करें तो पहले नंबर पर चीन का नाम आता है। वर्?ड पॉपुलेशन सर्वे 2023 के अनुसार यहां की 91 फीसदी आबादी ईश्वर को नहीं मानती और न ही किसी धर्म को ही फॉलो करती है। यहां भगवान, धर्म और इंसान के बीच श्रद्धा का कोई सिद्धांत लागू नहीं होता है। अमेरिका जैसे देश में लगभग 6 करोड़ की आबादी किसी भी धर्म को नहीं मानती है। यह आबादी मानव धर्म ओर प्रकृति जन्य परिवर्तन, वैज्ञानिक एवं तकनीकी से प्रभावित होकर अपने जीवन को नई दिशा और दशा दे रहे हैं। ताइवान, कोरिया, हॉन्गकांग एवं अन्य देशों में किसी भी धर्म को नहीं मानने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। भारत में 2001 और 2011 की जनगणना धार्मिक आधार पर शुरू की गई। भारत में जन्म के आधार पर धर्म की जानकारी जनगणना में दर्ज की जाती है। अब जो जनगणना होगी, उसमें किसी भी धर्म को नहीं मानने वालों की संख्या का पता भारत में भी चल सकेगा। धार्मिक ग्रंथो में हजारों वर्ष पुराने सिद्धांतों के आधार पर धर्म के आधार पर सामाजिक व्यवस्था की बात की जाती है। जो वर्तमान समय में सामाजिक, आर्थिक, प्राकृतिक, और वैज्ञानिक परिवर्तन के अनुकूल नहीं है। धार्मिक ग्रंथों में समय के अनुकूल कोई परिवर्तन नहीं हुए हैं। धार्मिक आस्था एवं कट्टरता के कारण लोगों का धर्म के प्रति लगाव कम हो रहा है। धार्मिक कट्टरता और वर्तमान में फैली हिंसा लोगों को धर्म से दूर कर रही है।

## चिंतन-मनन

### आशा निराशा



एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा। बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ...। मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें ?

- प्रभुनाथ शुक्ल



आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा। माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुईं। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और ब्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है।

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई।

# भारतीय सेना महान है

-संजय गोस्वामी

जी हाँ भारतीय सेना का गौरव विश्व में सर्वश्रेष्ठ है इसका मैं उदहारण मैं अपने जीवन में अतीत में हुए कुछ घटनाओ से देना चाहता हूँ सन 1994 की घटना जब मेरी उम्र करीब 23साल की थी तो ग्रेजुएशन लेवल पर सेना के सर्विस कमीशन में अफसर हेतु एसएसबी हेतु भोपाल में आमंत्रित किया गया और स्लीपर क्लास का रेलवे का आने जाने का भाड़ा मिला जब मैं भोपाल गया तो शहर से दूर पहाड़ी पर चलते हुए सेना का कैंप मिला वहाँ रेस्ट्रिक्टएड जोन था एडमिट कार्ड दिखाने पर अंदर आने की अनुमति मिली सुबह एसएसबी का इंटरव्यू होने वाली थी दोपहर करीब 2बजे पहुँचा कुछ लोग और पहुंचे और शाम होते होते लगभग सारे लोग पहुँच चुके थे क्योंकि एक दिन पहले रीपोर्ट करने को कहा गया था अतः शाम में एक ऑफिसर आया और सबसे रूबरू हुआ कुछ साउथ के कैंडिडेट हवाई चप्पल पहने थे उनको सफेद जूता या अच्छे चप्पल पहनने की हिदायत दी और रात में कहाँ मिलता इसलिए सफेद या स्पोर्ट शू (जूते) जो पहले ही लिखित रूप में लाने को कहा गया था लेकर आए थे वही पहन लिए पोशाग जो गन्दा था उसे बदलने व साफ सुथरा कपड़ा पहनने का आदेश दिया गया ऐ होता है पर्सनालिटी डेवलपमेंट में कपड़ो व जूते का महत्व और अच्छा भी है और इसपर उन्होंने ऐ तर्क दिया की यदि आप किसी ड्राइवर के साथ कहीं निकलते है तो सेना में किसी के बारे में पूछने का इतना समय नहीं होता और ऐसे में अगर ड्राइवर ने आपसे अच्छे कपड़े पहन लिए तो वही अफसर देखने में लगेगा और आप ड्राइवर हालांकि ऐसा कंफ्यूजन कम होता है क्योंकि आपका नेम प्लेट भी सेना की वर्दी में लगा होता है लेकिन अगर लूज पैंट और कपड़े पहनने में लग गए तो आपको समय कपड़े को सँभालने में ही लगा रहेगा अतः वेल मेन्टेन होना जरुरी है भारतीय शस्?त्र सेना में तीन प्रभाग हैं: भारतीय थल सेना, भारतीय नौ सेना और भारतीय वायु सेना। सेना का कार्य बाह्य संकट, आंतरिक खतरों, अस्थिरता आदि को रोकना है तथा शांति स्थापना की कार्रवाईयाँ, मित्र देशों को सैन्य सेवा प्रदान करना तथा मानवीय सेवा करना, आपदा राहत कार्यों में नागरिक अधिकारियों को सहायता देना है। भारतीय सेना के लड़ाके हथियार / शस्त्र या उपकरण हैं- बख्तरबंद गाड़ियाँ पैदल और मेकेनाइज्ड सेना रक्षा के क्षेत्र में करियर देश में सबसे प्रतिष्ठित एवं सम्मानित करियर में से एक माना जाता है।भारतीय थल सेना का सैल्यूट एकदम हाथ खोल के होता है जिसका कारण ये है कि वो ये दिखाना चाहते है कि उनके हाथ में कोई हथियार नहीं है भारतीय नौसेना का सैल्यूट नीचे हाथ रख के होता है ,पुराने जमाने में ऐसा माना जाता है कि नाविक और नौसैनिक जहाज पर काम करते करते मशीन को हाथ लगते हुए अपने हाथ ग्रीज और ऑयल के कारण गंदे हो जाते थे , तथा वो यही गंदे हाथ छुपाने के लिए अपना हथेली नीचे कर के सैल्यूट करते हैं। वायुसेना का सैल्यूट ( को मुझे सबसे आकर्षक लगता है ) वो थोड़ा 45 डिग्री मोड़ पर रहता है , जिसका तात्पर्य यह है कि वो अपने आसमान में उड़ते हुए वायुयान की तरह ऊंचाई को छूना चाहता है :-) ऐसे युवा जो उत्साह, साहस एवं चुनौतियों से भरे क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए रक्षा क्षेत्र सबसे बेहतर विकल्प है क्योंकि यह उनकी सारी पेशेवर उम्मीदों की पूर्ति करता है। भारतीय सशस्त्र बल समान रूप से पेशेवर सेवाएँ देने वाला भारत का सैन्य बल है जिसके अंतर्गत भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना एवं भारतीय तटरक्षक बल आते हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज आपका दिन शुभ होगा। आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ होगा। | **तुला** आज भाग्य में वृद्धि के योग है। सांसारिक सुख में वृद्धि होगी और सफलता प्राप्त होगी। |
| **वृषभ** समस्या वाला हो सकता है। आज किसी मामले में आपकी अधिकारियों से अनबन हो सकती है। | **वृश्चिक** आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन** समस्या को बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आज किसी मामले में फैसला करने से पहले सतर्क रहें। | **धनु** आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। |
| **कर्क** आज दिन शुभ है और आज आपका भाग्योदय होगा। आपको कारोबार और व्यापार में लाभ होगा। | **मकर** नई डील से अचानक धन लाभ होगा। संतान की तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। |
| **सिंह** करियर के मामले में मिलेजुले फल देने वाला रहेगा। आपके घर में शुभ कार्यक्रम होने के योग हैं। | **कुंभ** आज किसी महान सफलता से हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आ सकता है। |
| **कन्या** आज लाभ के योग हैं और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। | **मीन** आज आपका दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है। |

## विशेष

### विनाश चाहती हैं सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक ऐसी बात बोल दी है, जिससे ईश्वर पर आस्था रखने वालों को यह लगने लगा है कि वाकई अब तानाशाह का अनिष्ठ होकर रहेगा। दरअसल उन्हें उम्मीद थी कि उनके पति सीएम केजरीवाल को जमानत पर रिहाई मिल ही जाएगी, लेकिन जिस तरह से सीबीआई की एंट्री हुई उससे वो दुःखी और आक्रोषित हो गईं। सीबीआई ने केजरीवाल को अपनी रिमांड पर ले लिया है। इससे आहत सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा, कि अभी तक तो हमेशा यही प्रार्थना रही है कि ईश्वर सबको सदबुद्धि दे।

### संसद तक पहुंचा नीट पेपर लीक मामला

अभी तक तो यही समझा जा रहा था कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने जो कहा था वही सही है, क्योंकि उन्होंने शुरू में ही इस बात से इंकार कर दिया था कि नीट पेपर लीक हुआ ही नहीं। इसे अदालत ने संभवतः स्वीकार ही कर लिया और इस कारण नीट एग्जाम कैंसिल करने की बजाय काउंसलिंग की इजाजत दे दी। अब जबकि संसद में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा, कि पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। तो यह साफ हो गया कि शिक्षा मंत्री को दी गई जानकारी गलत थी और उस आधार पर उन्होंने भी जो कहा वह सरासर झूठ ही था।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1797: फ्रांस ने यूनान के इयोनियम द्वीप पर कब्जा कर लिया. 1838: बंकिमचंद चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ. 1839: पंजाब के राजा रणजीत सिंह का निधन. 1881: न्यूजीलैंड के आव्रजन कानून में जापानियों के आवागमन पर रोक लगायी गयी. 1942: द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटिश सैनिक उत्तर अफ्रीका में पीछे हटे. 1942: जर्मन सैनिकों ने खाकोव क्षेत्र में सोवियत फौजों पर जवाबी हमले किए. 1950: उत्तर कोरिया ने सोल पर कब्जा कर लिया. 1956: पोलैंड में श्रमिकों के दंगे में अनेक लोग हताहत हुए. 1986: पश्चिम यूरोपीय देशों के नेताओं ने नीदरलैंड्स बैठक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला ठंडे बस्ते में डाल दिया. 1997: यूगोस्लाविया सेना ने संघर्ष विराम की घोषणा की जिससे सस्लोवनिया उससे अलग नहीं हो.

## दैनिक पंचांग

28 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.39 बजे से |
| चंद्र | मीन में | सिंह | 08.56 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 11.07 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.18 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.33 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.54 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.41 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 23.13 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.44 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 02.24 बजे स |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 04.22 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 180 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 16.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 10.11 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 21.39 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 05.33 बजे, बव 16.28 बजे तदनन्तर बालव 03.23 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872024
**जूलियन दिन** 2460489.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# वेट लॉस ही नहीं डिप्रेशन से भी छुटकारा दिला सकता है चीकू

**आलू की तरह दिखने वाला फल चीकू सपोटा के नाम से भी जाना जाता है। चीकू में विटामिन-बी, विटामिन ई, पोटैशियम,फाइबर और मिनरल आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। चीकू खाने से त्वचा, दिमाग और पाचन अच्छा रहता है। चीकू खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। चीकू का हर भाग स्वास्थ्य लाभों से भरा है इसके पत्ते, जड़ और छाल को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं चीकू खाने से व्यक्ति को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।**

## हड्डियां बनाए रखे मजबूत

चीकू में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू का रोजाना सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू खाने से बुढ़ापे की वजह से होने वाली कमजोर हड्डियों को ठीक करने में भी मदद मिलती है।

## डिप्रेशन में राहत

चीकू दिमाग को सेहतमंद बनाए रखने के साथ नींद न आने की समस्या को भी दूर करता है। चीकू का सेवन करने से गहरी और अच्छी नींद आती है। चीकू में मौजूद तत्व दिमाग में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं चीकू का सेवन डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है।

## एनर्जी

चीकू को एनर्जी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं।
जिन लोगों को एनर्जी की कमी महसूस होती है उनके लिए चीकू का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

## वेट लॉस

चीकू शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होता और वेट लॉस में मिलती है। चीकू को दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है। ये शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर को मजबूत भी बनाता है।



# आपके स्वास्थ्य को बेहतर और सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करती है हरी मिर्च

**भोजन का स्वाद बढ़ाने और खाने में तीखापन लाने के लिए हरी मिर्च का उपयोग किया जाता है। अधिकतर लोग इसे अलग से खाने के साथ लेकर खाना भी पसंद करते है। लेकिन क्या आप जानते हैं हरी मिर्च कई सेहत गुणों से भरपूर है। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर और आपको सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करती है।**

हम आपको बता दें, कि हरी मिर्च कई तरह के पोषक तत्वों जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन, क्रीप्टोक्सान्थिन, लुटेन -जॅक्सन्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें मौजूद हैं।

- रक्तचाप को नियंत्रित करने में हरी मिर्च काफी फयदेमंद होती है। मधुमेह होने की स्थिति में भी हरी मिर्च में रक्तचाप का स्तर नियंत्रित रखने के गुण होते हैं।
- हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो किसी भी प्रकार के संक्रमण से शरीर और त्वचा की रक्षा करते हैं। यह त्वचा के लिए एंटी इंफ्लेमेटरी मेडिसिन की तरह काम करती है।
- हरी मिर्च में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी होता है, जो रोगों के लड़ने की क्षमता में वृद्धि कर हमारी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। हरी मिर्च खाने के बाद आपकी बंद नाक का खुल जाना भी इसी का एक उदाहरण है।
- कैंसर से लड़ने और शरीर को सुरक्षित रखने के लिए भी हरी मिर्च फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की आंतरिक सफाई के साथ ही फ्री रेडिकल से बचाकर कैंसर के खतरे को कम करती है।
- इसके सेवन से फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी कम होता है। अतः धूम्रपान का सेवन करने वालों को हरी मिर्च को अपने भोजन में ज्यादा शामिल करना चाहिए, क्योंकि उन्हें फेफड़ों के कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा होता है।
- हरी मिर्च को मूड बूस्टर के रूप में भी जाना जाता है। यह मस्तिष्क में एंडोर्फिन का संचार करती है जिससे हमारा मूड काफी हद तक खुशनुमा रहने में मदद मिलती है।
- वजन घटाने में हरी मिर्च आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। इसका प्रमुख कारण है, कि हरी मिर्च में कैलोरी बिल्कुल भी नहीं होती। इसके प्रयोग से आप पोषक तत्वों को तो ग्रहण करते हैं, लेकिन शरीर को कैलोरी नहीं मिलती।
- विटामिन-ई से भरपूर हरी मिर्च हरी आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। यह आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ ही कसाव लाती है, जिससे त्वचा जवां और खूबसूरत दिखाई देती है।
- हरी मिर्च पुरूषों में प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम करती है। वैज्ञानिक द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाती है।
- दिल के लिए भी हरी मिर्च काफी फायदेमंद होती है। एक शोध के अनुसार हरी मिर्च से हृदय से संबंधित सारी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इस से रक्त में थक्कों की समस्या ठीक हो जाती है।

# उम्र बढ़ते ही क्यों होती है पेट में सूजन और भारीपन की समस्या



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। चेहरे पर झुर्रियां, सफेद बाल, त्वचा का मुरझाना जैसे बढ़ती उम्र के आम लक्षण हैं। इसी के साथ-साथ लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। उम्र के एक पढ़ाव पर लोगों को मोतियाबिंद, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह सहित न जाने कितने ही विकारों का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था में लोगों की सेहत को प्रभावित करने वाली हेल्थ कंडीशन की एक लंबी लिस्ट में ब्लोटिंग यानी पेट फूलना की भी एक बड़ी समस्या है। आमा भाषा में इसे इसे पेट की सूजन भी कहते हैं। पेट की सूजन को गेस्ट्राइटिस भी कहते हैं और इसके कई बार कोई लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन महसूस होते हैं। यहां हम आपको इस विकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## ब्लोटिंग का क्या कारण है?

आमतौर पर सभी एज ग्रुप के लोग समय-समय पर अपने पेट को फूला हुआ महसूस करते हैं। लेकिन एक उम्र के साथ ये समस्या बार-बार होने लगती है। पेट में सूजन तब होती है जब गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट हवा या कहें गैस से भर जाता है। यही गैस हमारे पेट को भरा हुआ, तंग या सूजा हुआ महसूस कराती है। अत्यधिक पेट फूलना और पेट में गड़गड़ाहट सूजन के कुछ अन्य सामान्य लक्षण हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में यहां जिक्र है। वृद्ध लोगों के मामलों में इन्हीं फैक्टर्स के कारण बार-बार सूजन होती है। कुछ विशिष्ट फलों और सब्जियों में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है जिसे पचा पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। पेट में फाइबर को पचाने में थोड़ी मुश्किल होती थी, जिससे अक्सर पेट फूलने या सूजन की समस्या हो जाती है। यही वजह है कि वृद्ध लोगों के लिए ठीक से पका हुआ हल्के भोजन करने की सलाह दी जाती है, जिसे वे आसानी से निगल सकें। यदि ये समस्या गंभीर है तो उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए जो अक्सर सूजन का कारण बनते हैं।

### दूसरी हेल्थ कंडीशन्स

कुछ अन्य स्वस्थ्य स्थितियां जो ज्यादातर बुढ़ापे में उभरती हैं, जो सूजन और बैचेनी का कारण बन सकती हैं।

- इरिटेबल बॉएल सिंड्रोम
- सीलिएक रोग
- क्रोहन रोग
- गैस्ट्रोएसोफेगल प्रतिवाह रोग
- पेट दर्द
- बड़ी आंत में सूजन
- इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज
- मधुमेह

## पेट के एसिड में कमी

उम्र बढ़ने के साथ ही पेट में भोजन पचाने वाले एसिड की भी कमी हो जाती है जिससे बुजुर्गों का पेट फूलने लगता है। बता दें कि बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के साथ ही फूड को डाइजेस्ट करने वाले एसिड पेप्सिन का उत्पादन लगभग 40 प्रतिशत कम हो जाता है। पेप्सिन की कमी से शरीर के लिए प्रोटीन को तोड़ना मुश्किल हो जाता है, जिससे लोग फूला हुआ महसूस करते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों को प्रोटीन के एनिमल बेस्ड सोर्स का सेवन कम करना चाहिए।



# दवाओं के असर को कम कर देती हैं खान-पान की कुछ ये चीजें

दवा लिखते समय डॉक्टर हमेशा उसे खाने के तरीके से लेकर समय तक के बारे में सलाह देते हैं। बावजूद इसके कई बार व्यक्ति अनजाने में दवा के साथ कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेता है, जो उसे फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगती हैं। दवा के साथ इन चीजों का सेवन शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगता है। कोई भी दवा लेते समय उसके साथ जुड़ी कुछ सावधानियां भी रखनी जरूरी हैं। खान-पान की कुछ चीजें दवाओं के असर को कम कर देती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी खास चीजों के बारे में जिन्हें दवा के साथ लेने की गलती भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।

## डेयरी प्रोडक्ट्स

डेयरी प्रोडक्ट आपके शरीर में कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का असर ठीक से नहीं होने देते हैं। दूध में पाए जाने वाले कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स केसीन प्रोटीन के साथ मिलकर दवाइयों के असर को कम कर देते हैं। अगर आप एंटीबायोटिक ले रहे हैं तो उस समय दूध ना पिएं।

## पोटेशियम से भरपूर फूड्स

ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए ली जाने वाली दवा, शरीर को आवश्यकता से अधिक पोटेशियम बनाए रखने में मदद कर सकती है। शरीर में किसी भी चीज की अधिकता हानिकारक होती है, पोटैशियम की अधिकता से हृदय और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है। कुछ अन्य पोटेशियम वाले फूड्स जिनसे आपको बचना चाहिए वे हैं आलू, मशरूम, शकरकंद, आलू आदि।

## मुलेठी

मुलेठी का इस्तेमाल कुछ लोग पाचन के लिए हर्बल उपचार के तौर पर करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ग्लाइसीरिजिजिन साइक्लोस्पोरिन सहित कुछ दवाओं के असर को कम कर देता है। इसके अलावा, अगर आप ट्रांसप्लांट कराने की कोई दवा ले रहे हैं तो भी मुलेठी का सेवन ना करें।

## पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों के रूप में भी पहचाना जाता है, कुछ दवाओं के अवशोषण और प्रभावशीलता को बाधित कर सकती हैं। केल, ब्रोकली आदि जैसी सब्जियां विटामिन के का एक बड़ा स्रोत हैं। विटामिन के का अधिक सेवन वार्फरिन जैसी दवाओं के प्रभाव में बाधा डाल सकता है। वारफेरिन का सेवन अक्सर ब्लीडिंग, रक्त के थक्कों या अन्य रक्त संबंधी विकारों के जोखिम को कम करने के लिए किया जाता है।

## शराब

दवा के साथ शराब का सेवन आपकी दवा के असर को कम करने के साथ आपकी सेहत पर भी बुरा असर डाल सकता है। एक अवधि में शराब और दवा का एक साथ सेवन करने से लीवर को काफी नुकसान हो सकता है और इससे लीवर से संबंधित अन्य विकार पैदा हो सकते हैं।

## सिगरेट

धूम्रपान फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान आपको बीमारियों के प्रति संवेदनशील बनाकर आपकी इम्यूनिटी को भी कमजोर कर सकता धूम्रपान आपके द्वारा ली जा रही दवा के अवशोषण, वितरण और प्रभाव में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

## एनर्जी ड्रिंक्स

एनर्जी ड्रिंक्स के साथ भी दवाई नहीं खानी चाहिए. यह दवाई के डिजॉल्व होने के टाइम को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपकी बॉडी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।



# पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं चिया सीड्स

चिया सीड्स पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं। ये बीज भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और दिल के लिए हेल्दी पॉलीअनसेचुरेटेड वसा से भरपूर होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के साथ आपको हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा, इन सुपर सीड्स को वेट लॉस के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसे कैसे यूज करना है, आपको इसके बारे में कुछ बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

## चिया सीड्स के पोषक तत्व

100 ग्राम चिया सीड्स में 16.5 ग्राम प्रोटीन, 42.1 ग्राम कार्ब्स, 34.3 ग्राम फाइबर, 30.7 ग्राम फैट और 0 शुगर होता है। उच्च प्रोटीन, उच्च फाइबर पोषण संयोजन वजन घटाने के लिए इसे बहुत अच्छा बनाता है। जबकि को एक्टिव रखने के साथ चिया सीड्स खाने से पेट भरा-भरा भी लगता है।

## चिया सीड्स के साथ वेट लॉस

चिया बीज प्रति 100 ग्राम में 486 ग्राम कैलोरी होती है। कैलोरी वह इकाई है जो ऊर्जा को मापती है, जो शरीर के स्वस्थ कामकाज के लिए आवश्यक है। आसान शब्दों में, यह वह ऊर्जा है जो लोग अपने खाने-पीने के लिए प्राप्त करते हैं, जिसका उपयोग वे शारीरिक गतिविधियों को करने के लिए करते हैं। इसके अलावा वेट मैनेंजमेंट में भी चिया सीड्स बहुत फायदेमंद है। जो लोग जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन करते हैं, उनका वजन बढ़ सकता है, क्योंकि शरीर में एक्सट्रा कैलोरी को बर्न करना इतना आसान नहीं होता है।

## चिया सीड्स के फायदे

चिया सीड्स हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। चिया सीड्स में क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक एंटीऑक्सीडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें अल्फा-लिनोलेनिक एसिड नामक एक ओमेगा -3 फैटी एसिड होता है, जो आपकी दिल की हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है जिन लोगों का शुगर लेवल हाई रहता है, उन्हें भी चिया सीड्स भी इस्तेमाल करना चाहिए। चिया सीड्स में मौजूद फैटी एसिड त्वचा की जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है और पानी पीने से त्वचा में नमी बनी रहती है। चिया सीड्स को हमेशा पानी में भिगाकर ही इस्तेमाल करना चाहिए।



# एलर्जिक तत्वों से बनाएं दूरी

हम में से कुछ को किसी भी चीज से एलर्जी नहीं होती, जबकि कुछ लोगों को बहुत ही नॉर्मल चीजों से भी एलर्जी हो जाती है। असल में एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम का नुकसान न पहुंचाने वाली चीजों की तरह एब्नॉर्मल रिएक्शन है। आप जो कुछ भी खाते हैं या अप्लाई करते हैं, यह उसका रिएक्शन भी हो सकता है। आमतौर पर मोल्ड, पॉलन या जानवरों की वजह से यह एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। सांस लेने या खाने के दौरान इनसे हमारा एक्सपोजर होता है। आंखों से पानी आना या इनमें खुजली होना, छींकें आना, नाक बहना, रैशेज, रेड पैचेज के साथ रैशेज, थकान या बीमार महसूस करना वगैरह एलर्जी के सामान्य लक्षण हैं। गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पूरी बॉडी में इचिंग, सांस फूलना, गले में कसाव महसूस होना, हाथों और पैरों में सिहरन वगैरह हैं।

## दूसरी, एलर्जी रिएक्शंस हैं

**फूड एलर्जी** – खाने की कुछ चीजों से एलर्जिक रिएक्शन के कारण पेट में दर्द, उलटी या डायरिया की शिकायत हो सकती है। कीड़े का काटना-मधुमक्खी या किसी और कीड़े के डंक से सूजन, रेडनेस या दर्द हो सकता है।

## कॉमन एलर्जी

वैकसीन, पेनिसिलीन और एस्पिरीन जैसी दवाइयां, कुछ खास तरह की मछलियां, धूल, पॉलन, पीनट्स, कीड़े के काटने, छोटी चोट, हॉट या कोल्ड टेम्परेचर, एक्सरसाइज या खास तरह के इमोशन से भी एलर्जी हो सकती है। एलर्जी के कारणों में दूध, नट्स, वीट और एग्स सबसे कॉमन हैं।

## आपको हो सकती है एलर्जी...

वैसे, एलर्जी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन बच्चों में यह कॉमन है। आपके परिवार में अगर किसी को एलर्जी है, तो यह आपको भी हो सकती है। वैसे, यह भी हो सकता है कि आपके पैरेंट्स को एलर्जी हो, लेकिन आप इसके शिकार न हों। आपके आसपास का माहौल भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेवार है। कई बार स्मोक, पलूशन, हार्मोंस वगैरह में घर के पर्दे, चद्दर वगैरह बदल डालें।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई ने बॉन्ड के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए जुटाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिए 10,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर जुटाई है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों




से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ रुपए से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसे 5,000 करोड़ रुपए के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना अधिक अभिदान मिला।

बैंक ने कहा कि उसे कुल 143 बोलियां मिलीं, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। एसबीआई ने कहा, प्रतिक्रिया के आधार पर बैंक ने सालाना देय 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपए स्वीकार करने का फैसला किया है।

### डॉलर की मजबूती के कारण येन 38 साल के निचले स्तर पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशिया के बाजार आज गिरावट के साथ खुले हैं। येन करीब 4 दशक के निचले स्तर पर फिसल चुका है। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.93 प्रतिशत गिरकर खुला। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स में भी 1 प्रतिशत की कमजोरी दिख रही है। हैंग सैंग से भी कमजोरी कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन 160.82 के स्तर पर फिसल चुका है, जो 1986 के बाद सबसे कमजोर है। येन डॉलर के मुकाबले 38 साल के निचले स्तर पर है। येन में महीने भर में लगभग 2 प्रतिशत और वर्ष के लिए 12 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के बीच महत्वपूर्ण ब्याज दर अंतर है।

### बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए करने पर हो विचार: ईवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन को दोगुना करके एक लाख रुपए करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है। आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

# औंधे मुंह गिर गए सोने के भाव, चांदी भी हुई सस्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में पहले तेजी आई थी। कुछ दिन पहले सोने के भाव 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर निकल गए थे। अब इसमें दोबारा गिरावट आई है। चांदी के भी भाव कम हो रहे हैं।

**क्या हैं गोल्ड के भाव** - एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना करीब 130 रुपये की गिरावट के साथ 70,959 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया है। सोने में सुबह से ही गिरावट देखी जा रही है। सोना आज सुबह गिरावट के साथ खुला है। वहीं 5 अक्टूबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 169 रुपये सस्ता होकर 71,251 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

**क्या है चांदी की कीमत-** एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 340 रुपये गिरकर 86,625 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 385 रुपये लुढ़कर 88,750 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है।

**सोने के वैश्विक भाव** - सोने की वैश्विक कीमतों में भी आज गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.09 फीसदी या 2.00 डॉलर की



गिरावट के साथ 2,311.20 डॉलर प्रति औंस पर हैं। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 2,300.54 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुके हैं।

**चांदी की वैश्विक कीमत** - चांदी के वैश्विक भाव में आज गिरावट आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.57 फीसदी या 0.17 डॉलर की गिरावट के साथ 29.09 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 28.79 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

**बीते दिनों बढ़े थे भाव-** सोने की कीमतों में पिछले दिनों लगातार तेजी देखने को मिली थी। हालांकि चांदी के भाव कम हुए थे। आज भी चांदी गिरावट के साथ ट्रेड कर रही है। इस सप्ताह की शुरुआत से ही सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

### बजट के बाद सस्ता हो सकता है सोना

**मुंबई।** बजट में गोल्ड-सिल्वर पर इंपोर्ट ड्यूटी में 5 पर्सेंट तक की कटौती देखने को मिल सकती है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और फाइनेंस मिनिस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार सरकार इंपोर्ट ड्यूटी को 15 पर्सेंट से नीचे लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है, जिससे ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद गोल्ड की बढ़ रही तस्करी पर नकेल लग सके। अगर गोल्ड-सिल्वर पर मौजूदा 15 पर्सेंट ड्यूटी को 5 पर्सेंट कम कर 10 पर्सेंट तक लाया जाता है, तो गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में कमी आएगी।

सूत्रों के अनुसार इस बात पर भी चर्चा है कि पुराने गोल्ड को बेचते वक्त कस्टमर को जीएसटी में कुछ इंसेंटिव मिले, जिससे इंपोर्ट में कमी आए और सरकार के घाटे पर दबाव कम हो। इंडस्ट्री के अनुसार इस कदम से गोल्ड में करीब 3000 रुपये और सिल्वर में 3800 रुपये तक की कमी दिखाई आ सकती है। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता के अनुसार ड्यूटी कम होने से गोल्ड और सिल्वर सस्ते होंगे।

ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के महासचिव नितिन केडिया ने कहा कि इस कदम से तस्करी पर लगाम लगेगी। अगर सरकार जीएसटी को ही 18 पर्सेंट कर दे और कस्टम ड्यूटी जीरो तो स्मगलिंग पूरी तरह रुक सकती है। अगर पुराने गोल्ड को देते वक्त 3 पर्सेंट जीएसटी हटा दिया जाए तो यह इंसेटिव बहुत बड़ा होगा, जो गोल्ड इंपोर्ट को भी कम कर देगा। हालांकि ॥ष्छस्न्रष्ट सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता का मानना है कि ड्यूटी कम करने से दाम ज्यादा कम नहीं होंगे। सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के चलते सोने की तस्करी के मामलों में तेजी देखने को मिली है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,658 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह एक साल पहले की तुलना में करीब 35 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में तस्करी के मामलों में आई तेजी को रोकना सरकार के लिए भी बेहद जरूरी है।

# सिगरेट की लत छुड़ाने वाले निकोटीन गम बिजनेस को 5000 करोड़ में खरीदेगी डॉक्टर रेड्डीज लैब्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फार्मा कंपनी डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ब्रिटिश कंज्यूमर हेल्थकेयर प्लेयर हेलियन पीएलसी के पूरे निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी बिजनेस को यूनाइटेड स्टेट्स मार्केट के बाहर 500 मिलियन पाउंड (करीब 5276 करोड़ रुपये) में खरीद रही है। यह




थेरेपी सिगरेट की लत छुड़ाने में मदद करती है। इस डील के तहत डॉ रेड्डीज की ब्रांच डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज एसए, हाल ही में गठित हेलियन ग्रुप की कंपनी नॉर्थस्टार स्विट्जरलैंड एसएआरएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी और इसके लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में दी गई है।

### एडवांस पेमेंट 458 मिलियन पाउंड

डील में 458 मिलियन पाउंड का एडवांस पेमेंट और 42 मिलियन पाउंड तक का परफार्मेंस बेस्ड आकस्मिक पेमेंट शामिल है। इसे 2025 और 2026 में देना होगा। डॉ रेड्डीज ने कहा कि इस डील के 2024 की चौथी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। डॉ रेड्डीज ने कहा, प्रस्तावित अधिग्रहण में लॉजेंज, पैच, गम जैसे सभी प्रारूपों के साथ-साथ अमेरिका के बाहर सभी लागू वैश्विक बाजारों में पाइपलाइन उत्पाद शामिल होंगे।

### पोर्टफोलियो का कुल रेवेन्यू 2023 में लगभग 217 मिलियन पाउंड का शुद्ध राजस्व था

अधिग्रहित किए जा रहे पोर्टफोलियो का कुल रेवेन्यू 2023 में लगभग 217 मिलियन पाउंड का शुद्ध राजस्व था। कंपनी वैश्विक स्तर पर कंज्यूमर हेल्थकेयर ओटीसी बिजनेस में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। एनआरटी जोन में हैबिट्रोल, दर्द निवारक ब्रांड डोन, फर्टिलिटी और पितृत्व के लिए प्रेममा जैसे महिलाओं के हेल्थ प्रोडक्ट और मीनोपॉज के लिए मेनोलैब्स पोर्टफोलियो जैसे कई ब्रांड हासिल कर रही है।

# वैश्विक वित्तीय संकट के बाद कनाडा में मासिक कॉर्पोरेट दिवालिया निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा की अर्थव्यवस्था मंदी के स्तर पर पहुंच रही है। इस पतन की गति को देखना आश्चर्यजनक है। कनाडा में वैश्विक वित्तीय संकट के बाद मासिक कॉर्पोरेट दिवालियापन निचले स्तर पर पहुंच रहा है। यह बात एक्स पर ट्विट करते हुए बारचार्ट ने कही है।

आपको बतां दे कि जनवरी में ही 800 से अधिक कंपनियों ने बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया। इससे पहले 2023 में देश में बैंकरप्सी फाइलिंग में करीब 40 फीसदी की तेजी देखने को मिली। अभी जितनी कंपनियां बैंकरप्सी के लिए आवेदन कर रही हैं, वह संख्या 13 साल में सबसे ज्यादा है। कोरोना काल के दौरान कंपनियों को 45,000 डॉलर का ब्याज मुक्त लोन दिया गया था जिसे चुकाने की डेडलाइन जनवरी में खत्म हुई थी।




**भारत से लिया था पंगा-** कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल भारत से पंगा लिया था। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। दोनों देशों ने ही एक-दूसरे के टॉप डिप्लोमेट्स को निष्कासित किया था। दोनों देशों के बीच विवाद की शुरुआत सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 देशों के सम्मेलन से ही हो गई थी। इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रूडो की बैठक हुई थी। इसमें मोदी से ट्रूडो से कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को कहा था।

जी-20 के बाद दो दिन को ट्रुडो भारत में ही रहे थे। विमान में तकनीकी खराबी आ जाने के चलते उन्हें भारत में रहना पड़ा था। कनाडा लौटने पर उनकी काफी किरकिरी हुई थी। अपने देश लौटते ही ट्रूडो आक्रमक दिखें। उन्होंने भारत पर कनाडा की घरेलू राजनीति में दखल देने का आरोप लगाया। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि हरदीप सिंह निज्जर कनाडा का नागरिक था और उसकी भारत ने हत्या करवाई। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद काफी बढ़ गया था।

### कितने देश हैं मंदी में

इस समय ब्रिटेन समेत दुनिया के आठ देश मंदी में फंसे हैं। इनमें ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क, एस्तोनिया, फिनलैंड, लक्जमबर्ग, मोल्दोवा, पेरू और आयरलैंड शामिल हैं। दिलचस्प बात है कि इनमें से छह देश यूरोप के हैं। इस लिस्ट में अफ्रीका और नॉर्थ अमेरिका का कोई देश नहीं है। जापान मंदी से बाल-बाल बचा है। कई और देशों पर भी मंदी का खतरा मंडरा रहा है। इनमें जर्मनी भी शामिल है। यूरोप की यह सबसे बड़ी इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। चीन में हालात भी लगातार खराब होते जा रहे हैं। अमेरिका पर भी कर्ज लगातार बढ़ रहा है और यह जीडीपी का 125 फीसदी से अधिक पहुंच चुका है।

# 1 जुलाई से बदल जाएंगे क्रेडिट कार्ड सहित कई चीजों के नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जून का महीना खत्म होने वाला है और अगले हफ्ते से जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। आगामी 1 जुलाई 2024 से वित्तीय क्षेत्र में कई सारे बदलाव होने वाले हैं। इसमें क्रेडिट कार्ड से जुड़े नए नियम के अलावा, पेटीएम, एसबीआई कार्ड सहित कुछ बैंक भी अपनी तरफ से नए नियम तय करने वाले हैं। आइए, जानते हैं कि 1 जुलाई 2024 से कौन-से वित्तीय नियम बदलने वाले हैं।

**आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड शुल्क-** आईसीआईसीआई बैंक 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी विभिन्न क्रेडिट कार्ड सेवाओं में संशोधन की घोषणा की है। इसमें सभी कार्ड (एमराल्ड प्राइवेट मेटल क्रेडिट को छोड़कर) पर कार्ड रिप्लेसमेंट फीस को 100 रुपए से बढ़ाकर 200 रुपए करना शामिल है।

**पेटीएम वॉलेट-** पेटीएम पेमेंट्स बैंक 20 जुलाई, 2024 को जीरो बैलेंस राशि वाले और पिछले वर्ष या उससे अधिक समय में कोई लेनदेन न करने वाले निष्क्रिय वॉलेट बंद कर देगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक की वेबसाइट के मुताबिक, कृपया ध्यान दें कि वे सभी वॉलेट जिनमें पिछले 1 साल या उससे अधिक समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ है और जिनमें शून्य शेष राशि है, 20 जुलाई, 2024 से बंद हो जाएंगे। सभी प्रभावित यूजर्स को कम्यूनिकेट किया जाएगा। यूजर्स को अपना वॉलेट बंद करने से पहले 30 दिनों की सूचना अवधि दी जाएगी।




**एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड नियम-** एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि 1 जुलाई, 2024 से कुछ क्रेडिट कार्ड के लिए सरकारी संबंधित लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स को स्टोर करना बंद कर दिया जाएगा। एसबीआई कार्ड की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, उन एसबीआई क्रेडिट कार्ड की लिस्ट जहां 15 जुलाई, 2024 से सरकारी संबंधित लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट लागू नहीं होंगे-

**पीएनबी रुपे प्लैटिनम डेबिट कार्ड-** पंजाब नेशनल बैंक ने भी रुपे प्लैटिनम डेबिट कार्ड के सभी वेरिएंट के लिए लाउंज एक्सेस प्रोग्राम में संशोधन किया गया है। नए नियम 1 जुलाई, 2024 से लागू होंगे। इसमें प्रति तिमाही 1 (एक) घरेलू हवाई अड्डा/रेलवे लाउंज एक्सेस और प्रति वर्ष 2 (दो) इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस शामिल हैं।

**क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट-** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर नया नियम जारी किया है। यह नियम 1 जुलाई 2024 से लागू होगा। नए नियम के अनुसार क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के प्रोसेस में बदलाव होगा। इस बदलाव का सीधा असर फोनपे, क्रेड, बिलडेस्क और इंफीबीम एवेन्यूज जैसे फिनटेक प्लेटफॉर्म पर पड़ेगा।

आरबीआई ने सभी बैंकों को आदेश दिया है कि 1 जुलाई 2024 से सभी क्रेडिट कार्ड की पेमेंट भारत बिल पेमेंट प्रणाली के माध्यम से की जानी चाहिए।

# मजदूर महिलाओं की थाली देख क्लिक किया आइडिया, 1.5 करोड़ का बिजनेस बना दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड के संदीप पांडे ने 2009 में नैनीताल में रेस्टोरेंट खोलने के लिए दिल्ली में अपने इंजीनियरिंग करियर को छोड़ने का बड़ा फैसला लिया था। यह उनका सपना था। रेस्टोरेंट खुलने ही वाला था कि 2013 में विनाशकारी बाढ़ ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया। सब कुछ बर्बाद हो गया। इस आपदा के बाद संदीप एक खेत में घूम रहे थे। यहां उन्होंने देखा कि कुछ मजदूर महिलाएं रोटी के साथ पिस्युन लून खा रही थीं। पिस्युन लून पारंपरिक पहाड़ी नमक होता है जो सिलबट्टे पर पीसा जाता है। यहीं से उन्हें आइडिया मिला। उन्होंने इस पारंपरिक नमक में व्यावसायिक क्षमता को पहचान लिया। आज उनकी कंपनी हिमफ्ला 55 किस्म के फ्लेवर्ड नमक बनाती है। इसकी बिक्री देश-विदेश में होती है।

**सपना टूटा लेकिन नहीं मानी हार** - बाढ़ में तबाह हुए सपने से एक सफल स्टार्टअप का नेतृत्व करने तक



संदीप पांडे की कहानी दृढ़ता और मेहनत का एक उदाहरण है। उनकी कंपनी हिमफ्ला आशा और अवसर की किरण के रूप में खड़ी हुई है। यह उत्तराखंड की विरासत को जिंदा रखने के साथ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बना रही है।

**दोस्तों की मदद से शुरू की कंपनी** - स्वादिष्ट पिस्युन लून और पहाड़ी महिलाओं के कठिन जीवन से प्रेरित होकर संदीप पांडे ने इसे एक व्यावसायिक अवसर में बदलने का फैसला किया। अगस्त 2013 में केवल 160 रुपये और अपने बचपन के दोस्तों सौरभ पंत और योगेंद्र सिंह की मदद से संदीप ने हिमालयन फ्लेवर्स के लिए हिमफ्ला की स्थापना की। उनका उद्देश्य केवल इस अनोखे प्रोडक्ट को बाजार तक पहुंचाना ही नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करना था।

### मेलों में लगाया स्टॉल

शुरुआत में संदीप ने सिलबट्टा, ताजा धनिया और हरी मिर्च खरीदकर एक स्थानीय मेले में स्टॉल लगाया। उत्पाद के अनोखे स्वाद ने जल्दी ही ग्राहकों का दिल जीत लिया। तीसरे दिन तक उनका सारा माल बिक गया। हल्द्वानी में आयोजित बाद के मेलों में उन्हें और भी सफलता मिली। इससे स्थानीय मीडिया का ध्यान उनकी ओर गया और उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी।

### आज विदेश में बिकता है हमिफ्ला नमक

आज हिमफ्ला ने काफी तरक्की कर ली है। कंपनी अब हर महीने 2000 किलो तक स्वादिष्ट नमक बनाती है। यह पूरे भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई, जर्मनी, सिंगापुर और ब्राजील जैसे देशों में ग्राहकों तक पहुंचता है। स्टार्टअप 1.5 करोड़ रुपये के सालाना रेवेन्यू तक पहुंच गया है।

# 2023 में भारत को विदेश से रिकॉर्ड 120 अरब डॉलर मिले, पिछले साल के मुकाबले 7.5 फीसदी की वृद्धि

**वाशिंगटन , एजेंसी।** साल 2023 में भारत को विदेशों से रिकॉर्ड 120 अरब डॉलर मिले जो कि इसी दौरान मैक्सिको को मिले 66 अरब डॉलर के मुकाबले करीब दो गुना है। विश्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसी अवधि में चीन को 50, फिलीपीन को 39 और पाकिस्तान को 27 अरब डॉलर हासिल हुए। साल 2021-22 की अवधि में दुनिया में तेज वृद्धि दर्ज किए जाने के बाद साल 2023 में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में विदेशों से आने वाला पैसा 656 अरब डॉलर तक पहुंच गया।



रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में विदेशों से आने वाला पैसा 7.5 फीसदी की दर से बढ़ा। इस दौरान महंगाई में कमी और भारत के दक्ष श्रमिकों के सबसे बड़े केंद्र अमेरिका के श्रम बाजार व अन्य देशों में दक्ष व कम दक्ष श्रमिकों की मांग में मजबूती का फायदा साफ नजर आया। विदेशों में मांग की यही स्थितियां पाकिस्तान की भी मदद कर सकती थीं लेकिन आतंरिक उथल-पुथल और आर्थिक कठिनाइयों के कारण वहां विदेश से पैसे की आवक 12 फीसदी घट गई। 2022 में पाकिस्तान को 30 अरब डॉलर मिले थे जिसमें इस बार 3 अरब की गिरावट दर्ज की गई।

विश्व बैंक के अनुसार, भारत को संयुक्त अरब अमीरात के साथ फरवरी, 2023 में हुए समझौते का फायदा मिला जहां से उसे इसे बार 18 फीसदी राशि हासिल हुई है। यूएई इस मामले में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है। इसके बाद सउदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का नंबर है जहां से भारत को 11 फीसदी पैसा हासिल हुआ। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि 2024 में भारत को विदेशों से हासिल होने वाला पैसा 3.7 फीसदी की वृद्धि के साथ 124 अरब डॉलर रह सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में भारी बारिश से तबाही, 14 लोगों की मौत; लामजमग में भूस्खलन की वजह से बह गए तीन घर



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने के कारण 14 लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच की मौत बिजली गिरने से हुई। वहीं बाढ़ के कारण एक की जान चली गई। लामजमग जिले में रात भर हुए भूस्खलन में तीन घर बह गए। जिला प्रशासक बुद्ध बहादुर गुरुंग ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरएमए) के प्रवक्ता दीजन भट्टाराई ने कहा, 26 जून को हमने 44 मामले दर्ज किए, जिसमें 14 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। आठ की मौत भूस्खलन के कारण, बिजली गरजने से पांच की मौत और बाढ़ में डूबने से एक की मौत हो गई। भूस्खलन के कारण दो लोग लापता हो गए, जबकि अन्य 10 घायल है। नेपाल के गृह मंत्रालय के अनुसार, मानसून के शुरू होने के बाद भारी बारिश और भूस्खलन के कारण अबतक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान 13 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई। मानसून के कारण 33 जिले बुरी तरह से प्रभावित हो गए। 17 दिन में अबतक बारिश से जुड़ी 147 घटनाएं दर्ज की जा चुकी है। बता दें कि हर साल नेपाल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों लोगों की मौत होती है। हालांकि, यह पर्वतीय क्षेत्रों वाले देशों के लिए आम है।

### रूस में भीषण हादसा, ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतरे, 70 से अधिक लोग घायल



**मास्को, एजेंसी।** रूस में यात्री ट्रेन के नौ डिब्बे बेपटरी होने से हुए हादसे में 70 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। रूस की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सात लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। यात्री ट्रेन उत्तर पूर्वी कोमी में वोरकुटा से नोवोरोस्सिएस्क के ब्लैक सी बंदरगाह जा रही थी। दोनों जगहों के बीच की दूरी पांच हजार किलोमीटर है। जो रेल हादसे का शिकार हुई है उसका नाम ट्रेन 511 है। डिब्बों के पटरी से उतरने का कारण हाल ही में हुई भारी बारिश हो सकती है। खबरों के मुताबिक रेलवे ऑपरेटर ने बताया कि ट्रेन 511 में कुल 14 डिब्बे थे, जिसमें 232 यात्री सवार थे। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6.12 बजे इंटा शहर के पास हुआ। टेलीग्राम पर जारी बयान के मुताबिक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और राहत-बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। हताहत यात्रियों की सहायता के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सेक्शन पर यातायात को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। भौगोलिक रूप से उत्तर-पूर्वी कोमी आर्कटिक सर्कल के ऊपर है।

### 6 जुलाई को होगी सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर की धरती पर वापसी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विल्मोर अभी भी स्टारलाइनर विमान के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे गुए हैं। कुछ हफ्ते पहले ही वो स्टेशन पहुंचे थे। उनकी वापसी दो बार टल जरूर चुकी है लेकिन, खुशखबरी है कि नासा ने उनकी वापसी की तारीख की घोषणा कर दी है। दरअसल, बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत आने के कारण विमान अंतरिक्ष में फंस गया है। सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर को लेकर बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल 5 जून को धरती से उड़ा था और 6 जून को सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंच गया था। तकनीकी दिक्कत आने के कारण विमान अभी भी स्टेशन में ही फंसा हुआ है। उसमें आई समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की धरती की ओर आने की योजना अभी अधर में लटकी हुई है। नासा ने सीआईडी रिटर्न को तीन बार रीशेड्यूल किया है। सुनीता विलियम्स और उनके साथी की स्पेस सेंटर से वापसी की तारीख तय हो गई है। नासा के क्रू मैनेजर स्टीव स्टिच का कहना है कि स्टारलाइनर को 45 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में डॉक किया जा सकता है। नासा के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर की धरती में वापसी की तारीख 6 जुलाई तय की गई है। इससे पहले नासा दो बार धरती पर लैंडिंग की तारीख टाल चुका है।

# बोलीविया: तख्तापलट की कोशिश नाकामयाब, बैरकों में लौटे सैनिक, राष्ट्रपति बोले- लोकतंत्र की रक्षा करना जरूरी

**सूक्रे, एजेंसी।** बोलीविया की राजनीति में सियासी भूचाल आ गया है। दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में बुधवार को टैंक और सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। राष्ट्रपति लुइस आर्से ने इसे तख्तापलट की कोशिश बताया। हालांकि, आर्से ने तख्तापलट की कोशिश के नाकामयाब होने के बाद लोगों को धन्यवाद दिया।

**जनरल कमांडर को किया गिरफ्तार :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों के चौक से पीछे हटने के बाद बोलीविया के अधिकारियों ने सेना के निवर्तमान जनरल कमांडर जुआन जोस जुनिगा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, नवनियुक्त सेना प्रमुख जोस विल्सन सांचेज ने सभी सैनिकों को अपने बैरकों में लौटने का आदेश दिया।

**सैनिक पीछे हटे :** सशस्त्र सैनिक ला पाज के मुख्य चौराहे मुरिलो प्लाजा के आसपास इकट्ठा हुए, जहां राष्ट्रीय कार्यकारी और विधायी कार्यालय स्थित हैं। इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें आर्से को राष्ट्रपति भवन के दालान में जुनिगा का सामना करते हुए दिखाया गया है। राष्ट्रपति भवन में मंत्रियों से घिरे आर्से ने एक वीडियो में कहा, देश तख्तापलट की कोशिश का सामना कर रहा है। हम यहां कासा ग्रांडे में किसी भी तख्तापलट की कोशिश का सामना करने के लिए मजबूती से तैयार हैं। हमें बोलिवियाई लोगों को संगठित करने की जरूरत है। सेना के जनरल कमांडर जुआन



जोस जुनिगा के नेतृत्व में सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन के आसपास के क्षेत्र से पीछे हटना शुरू कर दिया। हालांकि, इस बीच आर्से ने नौसेना व वायु सेना के प्रमुखों के साथ जुनिगा को बाहर का रास्ता दिखा दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि बोलिवियाई लोगों को बहुत धन्यवाद, लोकतंत्र जिंदाबाद।

**इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं :** बोलीविया के राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर, मैं आपका कैप्टन हूं और मैं आपको सैनिकों को पीछे हटाने का आदेश देता हूं। मैं इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं करूंगा। लोकतंत्र की रक्षा करना जरूरी है। हम बोलीविया सेना की कुछ इकाइयों की अनियमित लामबंदी की निंदा करते हैं। लोकतंत्र का सम्मान किया जाना चाहिए।

नवनियुक्त सेना प्रमुख जोस विल्सन सांचेज ने सभी तैनात सैनिकों को अपने बैरक में लौटने का आदेश देते हुए कहा कि हम जो सड़कों पर देख रहे हैं, इसे कोई भी नहीं देखना चाहता।

आपराधिक जांच होगी सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि वह सरकार के खिलाफ असफल प्रयास के पीछे के लोगों की आपराधिक जांच शुरू करेगा। बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस ने भी इस घटना की निंदा की। मोरालेस, जो सार्वजनिक रूप से अपने एक समय के सहयोगी आर्से से अलग हो गए थे, उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए ग्रामीण इलाकों और शहर के सामाजिक आंदोलनों का भी आह्वान किया।

## पाकिस्तान में भीषण गर्मी से चार दिनों के भीतर 450 लोगों की मौत

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान में भीषण गर्मी से हाहाकार मचा हुआ है। अकेले कराची शहर में चार दिनों के भीतर 450 लोगों की मौत हो गई है। देश के एक प्रमुख गैर सरकारी संगठन ने बुधवार को यह जानकारी दी। हीटस्ट्रोक के कारण सैकड़ों की संख्या लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। ईधी फाउंडेशन ने कहा कि पिछले चार दिनों में उसे कम से कम 427 शव बरामद हुए हैं। जबकि मंगलवार को तीन सरकारी अस्पतालों से 23 शवों की जानकारी मिली। पाकिस्तान के एक एक प्रमुख गैर सरकारी संगठन ने बुधवार को जानकारी दी कि पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हो गई है। आग उगल रहा आसमान, पाक धरती पर हाहाकार पाकिस्तान के शहर कराची में शनिवार से ही अत्यधिक गर्मी पड़ रही है और बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लगातार बढ़ रहा तापमान चिंता की बात है। आगामी कुछ दिनों में राहत की उम्मीद है। फाउंडेशन के प्रमुख फैसल एधी ने कहा, कराची में हमारे चार शवगृह संचालित हैं और हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हमारे शवगृहों में और शव रखने के लिए जगह नहीं बची है।

## पाकिस्तान: महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा मुरम्मत के बाद करतारपुर साहिब में फिर स्थापित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराज रणजीत सिंह की प्रतिमा को मुरम्मत के बाद करीब 450 भारतीय सिख श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बुधवार को करतारपुर साहिब में फिर से स्थापित किया गया। इस प्रतिमा को पहले लाहौर स्थित किले में महाराजा रणजीत सिंह की समाधि के पास स्थापित किया गया था जिसे धार्मिक कट्टरपंथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पाकिस्तान और भारत के सिख समुदाय के सदस्यों ने महाराजा की स्थापित प्रतिमा के सामने तस्वीर खिंचवाई।

पंजाब सूबे के पहले सिख मंत्री (अल्पसंख्यकों के लिए) और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह अरोड़ा ने प्रतिमा का अनावरण किया। करतारपुर साहिब को गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है और यह लाहौर से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर पूर्व में भारतीय सीमा के नजदीक स्थित है। अरोड़ा ने कहा, ''हमने आज स्थानीय और भारतीय सिखों की उपस्थिति में गुरुद्वारा दरबार साहिब, करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के 44 वर्षीय नेता ने कहा कि पुनर्स्थापित प्रतिमा को मुख्य रूप से करतारपुर साहिब में इसलिए स्थापित किया गया ताकि गलियारे का उपयोग करके सीमा पार यहां आने वाले भारतीय सिख भी इसे देख सकें।

अरोड़ा ने कहा, करतारपुर में सिख नेता की प्रतिमा की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, जिसे पहले लाहौर किले में क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। महाराजा रणजीत सिंह की नौ फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा को सबसे पहले लाहौर के किले में उनकी समाधि के नजदीक 2019 में स्थापित किया गया था, लेकिन इसे दो बार दक्षिणपंथी इस्लामिक राजनीतिक पार्टी तहरीक ए लबैक पाकिस्तान के कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पंजाब के महान सिख शासक की प्रतिमा ब्रिटेन की एक संस्था की ओर से सूबे के लोगों को उपहार में दी गई थी। महाराजा रणजीत सिंह सिख साम्राज्य के संस्थापक थे और उनके साम्राज्य का विस्तार भारतीय उप महाद्वीप के पश्चिमोत्तर में था एवं राजधानी लाहौर थी।

## मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी ही मंत्री को किया गिरफ्तार

**माले, एजेंसी।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते कुछ दिनों से खबरों में बने हुए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू अपनी भारत विरोधी नीतियों को लेकर काफी चर्चा में रहे। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू पर चीन के इशारों पर चलने और भारत का विरोध करने का आरोप लगा। राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों को हटाने का फैसला लिया था। भारत के साथ उनकी बढ़ती तल्खियों की वजह से भारत और मालदीव में मुइज्जू की काफी आलोचनाएं हुईं। अब मालदीव के राष्ट्रपति एक और वजह से खबरों में हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि उनके ऊपर जादू-टोना किया गया था, मुइज्जू पर ऐसा करने के लिए उनकी एक मंत्री को गिरफ्तार भी किया गया है। अधाधु की रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव में पर्यावरण मंत्रालय की एक राज्य मंत्री को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के करीब आने और जादू-टोना करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने अधाधु को बताया कि फतिमाथ शमनाज अली सलीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और सात दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है। न्यूज पोर्टल के मुताबिक, हुलहुमाले मजिस्ट्रेट अदालत ने उनकी हिरासत की अवधि बढ़ा दी थी।

# अमेरिका ने पाकिस्तान चुनावों की जांच के लिए प्रस्ताव पारित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के समर्थन में बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव पाकिस्तान के 2024 के चुनावों में हस्तक्षेप की मांग के बाद पास किया गया है। जिसका नाम गहन और स्वतंत्र जांच रखा गया है। इस प्रस्ताव में सदन के 85 प्रतिशत सदस्यों ने भाग लिया और 98 फीसदी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। साथ ही राष्ट्रपति से अपील की कि पाकिस्तान से लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून को बनाए रखने के लिए बात करें। 100 से ज्यादा सदस्यों ने पेश किया प्रस्ताव जॉर्जिया के कांग्रेसी मैककॉर्मिक और मिशिगन ने अपने 100 से ज्यादा सहयोगियों के साथ प्रस्ताव एचआर 901 पेश किया था, जिसका शीर्षक पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए समर्थन व्यक्त करना है। प्रस्ताव में कहा गया, 'यह लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों का सम्मान करने के महत्व का सम्मान करते हैं। जो कि इस समय आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं।' प्रस्ताव में नागरिकों के अधिकारों के हनन की निंदा की गई डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्ताव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के महत्व पर जोर दिया गया है। जिसमें पाकिस्तान के 2024 के चुनावों में हस्तक्षेप या अनियमितताओं के किसी भी दावे की गहन और स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी। प्रस्ताव में पाकिस्तान में लोकतांत्रिक भागीदारी को दबाने के प्रयासों की भी निंदा की। खास तौर से उत्पीड़न, धमकी, हिंसा, मनमानी हिरासत और इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही नागरिकों के अधिकारों के हनन की निंदा की गई है। अमेरिकी



मीडिया ने भी पाकिस्तानी चुनाव पर उठाए थे सवाल अमेरिकी समाचार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान में राजनेताओं पर हो रही कार्रवाई साफ दिखाई दे रही है और इन्हीं वजहों से पाकिस्तान के चुनाव की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में है। पाकिस्तानी सेना का चुनाव में दखल है और पीटीआई के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। द फॉरेन पॉलिसी की रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तानी सेना अभी भी आम चुनाव को प्रभावित कर रही है। वहीं द वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा था कि पाकिस्तान के चुनाव एक राज्यभिषेक जैसे दिख रहे हैं, जिसमें विजेता पहले से ही तय दिख रहा है।

# समलैंगिक संबंधों के दोषी पूर्व सैनिकों को राष्ट्रपति का क्षमादान, व्हाइट हाउस ने कहा- ऐतिहासिक गलती सुधारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को अमेरिका के पूर्व सैन्यकर्मियों को क्षमादान दिया, जिन्हें सैन्य कानूनों के तहत समलैंगिक यौन संबंध बनाने का दोषी ठहराया गया था। अमेरिकी सेना में बीते 60 वर्षों से समलैंगिक यौन संबंधों को गैरकानूनी घोषित किया हुआ था। बाइडन ने सैन्य कानूनों के तहत साल 1951 से लेकर 2013 के बीच समलैंगिक संबंधों के दोषी करार दिए गए दो हजार लोगों को क्षमादान दिया।

**देशभक्त अमेरिकियों ने दशकों तक अन्याय झेला :** राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा, आज, मैं अपने क्षमादान अधिकार का उपयोग करके कई पूर्व सेवा सदस्यों को क्षमा करने के लिए एक ऐतिहासिक गलती को सही कर रहा हूं, जिन्हें केवल उनकी पहचान के कारण दोषी ठहराया गया था। उनके साहस और महान बलिदान के बावजूद, हजारों समलैंगिक



सैनिकों को उनकी लिंग पहचान के कारण सेना से बाहर कर दिया गया। इनमें से कुछ देशभक्त अमेरिकियों को कोर्ट-मार्शल का सामना करना पड़ा और दशकों तक इस अन्याय का बोझ ढोया।

**ऐतिहासिक गलती सुधारी :** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने इस कदम को एक ऐतिहासिक गलती को सुधारने की दिशा में बढ़ाया गया कदम बताया और कहा कि अमेरिकी सेना का हर सदस्य सुरक्षित और सम्मानित महसूस करने का हकदार है। अमेरिकी सेना के यूनिफ़ॉर्म कोड ऑफ़ मिलिट्री जस्टिस के अनुच्छेद 125 के तहत आपसी सहमति से भी समान या विपरीत लिंग के किसी अन्य व्यक्ति के साथ अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाना अपराध था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार साल 2013 में कांग्रेस ने कानून के उस हिस्से को निरस्त करने के लिए मतदान किया, जो सहमति से किए गए समलैंगिक संबंधों को गैरकानूनी घोषित करता था।

अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान जो बाइडन ने अपनी क्षमादान शक्तियों का उपयोग मुख्य रूप से अहिंसक ड्रग अपराधियों को क्षमा करने के लिए किया है। बाइडन ने अपने बयान में कहा कि बुधवार की घोषणा गरिमा, शालीनता और यह सुनिश्चित करने के बारे में थी कि हमारे सशस्त्र बलों की संस्कृति उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है जो हमें एक असाधारण राष्ट्र बनाते हैं।

# पत्नी और दो बच्चों को कार समेत पहाड़ी से नीचे गिराया भारतीय मूल के आरोपी डॉक्टर को नहीं मिली जेल की सजा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अदालत ने, अपनी पत्नी और दो बच्चों को कार समेत पहाड़ी से गिराने के आरोप में भारतीय मूल के एक डॉक्टर को जेल भेजने से इनकार कर दिया है। अदालत ने आरोपी को फिलहाल उसके माता-पिता के पास रहने और देश से बाहर न जाने का आदेश दिया है। साथ ही आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस भी जब्त कर लिया गया है। मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर अदालत ने दी राहत दरअसल मनोवैज्ञानिकों ने अदालत को बताया कि कैलिफोर्निया में रेडियोलॉजिस्ट धर्मेश पटेल पिछले साल से ही मानसिक समस्या से जूझ रहे हैं और इसी के चलते उन्होंने अपने पत्नी और सात और चार साल की दो बच्चों को अपनी टेस्ला कार समेत पहाड़ी से नीचे गिरा दिया। डॉक्टरों के अनुसार, पटेल दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले सिजोफेक्टिव डिसऑर्डर और मेजर डिप्रेसिव डिसऑर्डर से पीड़ित थे। उन्हें पैरों की पदचाप का लगातार आभास हो रहा था और उन्हें लगता था कि कोई उनका पीछा कर रहा है। मनोवैज्ञानिकों ने अदालत को बताया कि पटेल को उनके बच्चों के साथ यौन तस्करी होने का डर था और उसी डर के चलते और बच्चों और पत्नी को कथित तौर पर बचाने के लिए ही उन्होंने पत्नी समेत बच्चों की हत्या करने की कोशिश की। पत्नी की मांग- पति के खिलाफ न चलाया जाए मुकदमा भारतवंशी डॉक्टर धर्मेश पटेल ने एक चट्टान से अपनी टेस्ला कार को नीचे गिरा दिया था। हालांकि इस दुर्घटना में



डॉक्टर का परिवार चमत्कारिक रूप से बच गया था। बचाए जाने के बाद डॉक्टर की पत्नी ने माना कि उसके पति ने जानबूझकर उन्हें पहाड़ी से गिराया, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि वह नहीं चाहतीं कि उनके पति पर मुकदमा चलाया जाए। डॉक्टरों और वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर आरोपी डॉक्टर को जेल की सजा के बजाय मानसिक उपचार की अनुमति दे दी। अमेरिका का कानून कहता है कि इस तरह के प्रावधान पर तभी विचार हो सकता है, जब मानसिक बीमारी ने अपराध में बड़ी भूमिका निभाई हो। अदालत ने आरोपी डॉक्टर को कैलिफोर्निया में उनके माता-पिता के पास छोड़ने का आदेश दिया। उन पर जीपीएस से नज़र रखी जाएगी और वे सप्ताह में एक बार अदालत में रिपोर्ट करेंगे। उन्हें अपने देश से बाहर यात्रा करने की भी अनुमति नहीं है।

# भारतीय मजदूर की मौत पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने जताया दुख, कहा- अमानवीय कृत्य था

**रोम, एजेंसी।** हाल ही में इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई थी। अब इस मौत को लेकर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दुख व्यक्त किया है। भारतीय मजदूर का हाथ कट गया था। लेकिन जिसके यहां वह काम करता था उसने इलाज कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गई। पिछले सप्ताह हुई इस घटना ने इटली को झकझोर कर रख दिया है और प्रदर्शनकारियों ने उस नियोक्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आज, मेलोनी ने इतालवी संसद में इस मुद्दे को उठाया और मृतक मजदूर सतनाम सिंह के प्रति संवेदना व्यक्त की। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। मेलोनी ने सतनाम सिंह को अमानवीय कृत्यों का शिकार बताते हुए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी सजा देने की कसम खाई है। उन्होंने कहा, ये अमानवीय कृत्य है। इतालवी लोग ऐसे नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बर्बरता के लिए कड़ी सजा दी जाएगी। सतनाम सिंह पंजाब के रहने वाले थे। इटली मीडिया की खबर के मुताबिक, सिंह के नियोक्ता एंटोनेलो लोवेटो ने उन्हें और उनकी पत्नी को एक वैन में बिठाया और उनके घर के नजदीक सड़क किनारे छोड़ दिया।

एएनएसए समाचार एजेंसी ने घर के मालिक इलारियो पेपे के हवाले से खबर में बताया, हमने सिंह की पत्नी की चीखें सुनीं, जो मदद के लिए पुकार रही थी फिर हमने एक लड़के को देखा, जो उन्हें अपनी बाहों में उठाकर घर के अंदर ले गया। उन्होंने बताया, हमें लगा कि वह उनकी मदद कर



रहा है लेकिन फिर वह भी भाग गया। पेपे ने कहा, मैं उसके पीछे भागा और मैंने उसे वैन में चढ़ते हुए देखा और मैंने उससे पूछा कि क्या हुआ था और वह उसे अस्पताल क्यों नहीं ले गया।

उन्होंने कहा, उसने (लड़के) जवाब दिया कि वह (सिंह) नियमित कर्मचारी के तौर पर पंजीकृत नहीं है। कटे हुए हाथ को फलों के डिब्बे में रखा गया था। सतनाम सिंह को डेढ़ घंटे तक इलाज नहीं मिला। उन्हें हवाई मार्ग से रोम के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बुधवार को उनकी मौत हो गई। लोवेटो पर अब आपराधिक लापरवाही और हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की जांच चल रही है।

मध्य इटली के लाजियो क्षेत्र में भारतीय समुदाय के प्रमुख गुरमुख सिंह ने कहा, उसे कुत्ते की तरह बाहर फेंक दिया गया। हर दिन शोषण होता है, हम हर दिन इसे झेलते हैं, इसे अब खत्म किया जाना चाहिए। सतनाम सिंह की मौत की जांच की जा रही है, लेकिन इसने इटली में इस बात पर जोरदार बहस छेड़ दी है कि कृषि क्षेत्र में व्यवस्थागत दुर्व्यवहारों से कैसे निपटा जाए, जहां अवैध श्रमिकों का इस्तेमाल और किसानों या गिरोह के मालिकों द्वारा उनका दुरुपयोग आम बात है।

परमबर सिंह ने कहा कि सतनाम एक दिन में मर गया, मैं हर दिन मरता हूं। क्योंकि मैं भी एक पीड़ित श्रमिक हूं। परमबर सिंह की आंख एक कार्य दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। 33 वर्षीय इस व्यक्ति ने कहा, मेरे बॉस ने कहा कि वह मुझे अस्पताल नहीं ले जा सकते क्योंकि मेरे पास कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं था। मैं न्याय के लिए 10 महीने से इंतजार कर रहा हूं।

# लुइस किम्बर ने रॉबिन्सन को एक ओवर में रिकॉर्ड 43 रन ठोके



**चेम्सफोर्ड, एजेंसी।** लीसेस्टरशायर के लुइस किम्बर ने बुधवार को काउंटी चैंपियनशिप मैच में ससेक्स के ओली रॉबिन्सन के ओवर में 43 रन ठोककर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाकर क्रिकेट इतिहास रच दिया। डिवीजन टू काउंटी चैम्पियनशिप मैच के चौथे और अंतिम दिन, ससेक्स के रॉबिन्सन ने किम्बर को काउंटी चैम्पियनशिप के इतिहास का सबसे महंगा ओवर दिया। इस ओवर में किम्बर ने 43 रन बनाए, जो इंग्लिश प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड है। रॉबिन्सन ने वास्तव में नौ गेंदें फेंकी, जिनमें से तीन नो-बॉल थीं। ऐसा माना जाता है कि किम्बर की उपलब्धि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। यह 38 रनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देता है, जो 1998 में एलेक्स ट्यूडर और एंड्रयू फ्लिंटॉफ द्वारा संयुक्त रूप से और इस सप्ताह के शुरू में शोएब बशीर की गेंद पर डैन लॉरेंस द्वारा बनाया गया था। लंच के समय तक किम्बर की आश्चर्यजनक पारी केवल 95 गेंदों पर 192 रन तक पहुंच गई, जो बेन कॉक्स के साथ आठवें विकेट के लिए 200 रनों की साझेदारी का हिस्सा थी। लीसेस्टरशायर सुबह के सत्र में 29 ओवरों में 236 रन बनाने में सफल रहा। किम्बर 127 गेंदों में 20 चौकों और 21 छक्कों की मदद से 243 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए और ससेक्स ने यह मैच 18 रन से जीत लिया। लीसेस्टरशायर की पारी 464 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 445 रन पर सिमट गई।

### राशिद खान ने कुछ ऐसे कहा टी20 विश्व कप 2024 को अलविदा

# दिल जीत लेगी हर एक बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में जिस तरह से अफगानिस्तान ने पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन किया, उसे सालों तक याद रखा जाएगा। अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों को हराया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज से पहले ब्रायन लारा इकलौते ऐसे दिग्गज खिलाड़ी थे, जिन्होंने टॉप-4 टीमों में अफगानिस्तान को रखा था और अफगानिस्तान ने इस बात को सच भी किया। टीम ने सेमीफाइनल का कठिन सफर तय किया। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका ने एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। इस मैच के बाद टीम के कप्तान राशिद खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं और कुछ ऐसी बातें लिखीं, जिसके एक-एक शब्द ऐसे हैं, जो आपका दिल जीत लेंगे।

### अफगानिस्तान का सफर सेमीफाइनल में खत्म

# पहली बार विश्व कप फाइनल में द. अफ्रीका

**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद), एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को ब्रायन लारा स्टेडियम में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह पहली बार है जब द.अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका की टीम है। गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में अफ्रीकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। यह एकतरफा सेमीफाइनल रहा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग, हर विभाग में मात दी। दक्षिण अफ्रीका की यह जीत ऐतिहासिक है। इस जीत के साथ ही इस टीम ने पहली बार किसी विश्व कप फाइनल में एंट्री की है। ऐसा नहीं है कि दिग्गजों से शुमार ये टीम कभी नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंची। अफ्रीका की टीम 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। इसलिए उसके नाम के आगे चोकर्स का दाग लग गया था, जिसे अब ये टीम मिटा चुकी है।

टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।




अफगानिस्तान मात्र 11.5 ओवर में 10 विकेट पर 56 रन पर सिमट गई। यह पहली बार है जब किसी टीम ने पुरुष टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 100 रन से कम पर आउट कर दिया है। इस मुकाबले के हीरो रहे मार्को जेनसन और तबरेज़ शम्सी, जिन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, कागिसो रबाडा (2-14) और एनरिक नॉर्टजे (2-7) ने भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए अफगानिस्तान की टीम को 11.5 ओवर में 56 रन के मामूली स्कोर पर समेट दिया। जवाब में अफ्रीकी टीम ने महज 1 विकेट खोकर यह लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था। द.अफ्रीका को दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर पहला विकेट गिरा। अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी ने क्विंटन डिकॉक को 5 रन पर बोल्ड किया। लेकिन ज्यादा रिस्क न लेते हुए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन और कप्तान एडेन मार्कराम ने 23 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। यह जीत दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है। अब उनका मुकाबला खिताबी जंग में भारत बनाम इंग्लैंड सेमीफाइनल-2 के विजेता से 29 जून को होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कांस्य को स्वर्ण पदक में बदलने का लक्ष्य

- पेरिस ओलंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूज़ीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी



ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूज़ीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।

### राईफल शूंटिग चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ

- खेलों मे माध्यम से बनाये युवा पीढ़ी अपना बेहतर भविष्य: किशनानी

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान धरोहर सरंक्षण एवं प्रोन्नोति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने गुरूवार को यहां कहा है कि आज की युवा पीढ़ी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इनके माध्यम से अपना भविष्य बना सकती है, जीत और हार की भावनाओं से ऊपर उठकर उन्होने बेहत्तर परिणामों के लिए अधिक से अधिक परिश्रम करने का आवाह्न किया। चन्द्रवरदाई नगर के सांकेत नगर स्थित करणी स्पोटर्स शूंटिग एकडेमी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला राईफल शूंटिग



चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री किशनानी ने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे निशानेबाजों को कहा कि राष्ट्रीय औंर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहत्तर प्रदर्शन कर राज्य और देश का गौरव बढाये, उन्होंने राईफल शूंटिग की बढ़ती हुई खेल स्पर्धाओं पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनो से खेल जगत में नई ऊर्जा उत्पन्न होगी।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव हिम्मत सिंह राठौड ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग आयु के वर्ग के छात्र-छात्राओं, महिला-पुरूष व विकलांग वर्ग के लिए मुकाबलें आयोजित किये जा रहे है, इसमें लगभग 300 शूटरस् भाग ले रहे है, राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी अधिकारी इसका संचालन कर रहे है।

### सूर्यकुमार को अपदस्थ कर

# टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज बने ट्रेविस हेड




**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बेहतरान बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म के चलते भारत के सूर्यकुमार यादव को अपदस्थ कर आईसीसी टी 20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज का ताज हासिल कर लिया है।

हेड ने भारत के खिलाफ सुपर आठ के मैच में 76 रन की शानदार पारी खेली और टॉप पर पहुंच गए। सूर्या ने दिसम्बर 2023 से नंबर एक स्थान संभाल रखा था। इस दौरान उन्होंने कई मैच विजयी पारियां खेलीं और लगातार रन बनाये। लेकिन विश्व कप में हेड की शानदार फॉर्म ने सूर्या को पछाड़ दिया। हेड ने चार स्थान की छलांग लगाते हुए सूर्या, फिल साल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एक-एक स्थान पीछे छोड़ दिया। वेस्ट इंडीज के जॉनसन चार्ल्स ने चार स्थान की छलांग के साथ टॉप टेन में जगह बनायी है जबकि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज पांच स्थान के सुधार के साथ 11 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आलराउंडर रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टॉयनिस ने अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है और चौथे स्थान पर फिसल गए हैं। भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे स्थान पर और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा फिर से नंबर 1 स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज़ 17 स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच कर हरफनमौला खिलाड़ियों में एक उल्लेखनीय खिलाड़ी के रूप में उभरे। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड के आदिल रशीद शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं, लेकिन अफगानिस्तान के राशिद खान विश्व कप में अपनी वीरता के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड भी तीन पायदान ऊपर चढ़े और हसारंगा के बाद चौथा स्थान हासिल किया।

### पेरिस ओलंपिक

# पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद

### जूडोका तूलिका मान की नजरें पदक पर

नईदिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रही भारत की नौवीं महिला जूडो खिलाड़ी तूलिका ने कहा, यह यात्रा रोमांचक रही है। मेरे कोच (यशपाल सोलंकी) ने कार्यक्रमों का एक कैलेंडर तैयार किया था लेकिन ओलंपिक उसमें शामिल नहीं था। तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया।

तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए। इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। उन्होंने कहा, लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं। क्वालिफाइंग चक्र 22 जून 2022 से 23 जून 2024 था और 2022 में चोट लगने के बाद तूलिका ओलंपिक में क्वालीफाई करने को लेकर आश्वस्त नहीं थी। हालांकि, पिछले महीने अबु धाबी में विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में कनाडा की पोर्तुओंदो इसासी के खिलाफ जीत ने उनकी ओलंपिक रैंकिंग में सुधार किया। ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रही भारत की नौवीं महिला जूडो



खिलाड़ी तूलिका ने कहा, यह यात्रा रोमांचक रही है। मेरे कोच (यशपाल सोलंकी) ने कार्यक्रमों का एक कैलेंडर तैयार किया था लेकिन ओलंपिक उसमें शामिल नहीं था।

हालांकि, पिछले साल हांगझोउ में एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रहने और इस साल अप्रैल में हांगकांग में एशियाई चैंपियनशिप ने उन्हें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद की। दिल्ली की यह लड़की 1345 अंकों के साथ 36वें स्थान पर रही। उन्होंने कहा, मैंने एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप दोनों में तीन-तीन मुकाबले जीते। हांगकांग में मुझे सबसे पहले लगा कि मैं कर (क्वालीफाई) सकती हूं। विश्व चैंपियनशिप में जीत से मदद मिली। तूलिका का मानना है कि चीन की सू शिन खेलों के दौरान उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा, वह मेरी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धी होंगी क्योंकि 2022 एशियाई चैंपियनशिप में उनके साथ मुकाबले के दौरान मैं चोटिल हो गई थी। मुझे लगता है कि वह मेरी अब तक की सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी थी। फ्रांस की रोमेन डिको भी एक अच्छी प्रतिद्वंद्वी हैं। वह चीनी की खिलाड़ी की तरह भारी नहीं हैं लेकिन तेज और शक्तिशाली है।

# जयवर्धने के बाद श्रीलंका के मुख्य कोच ने भी दिया इस्तीफा, विश्व कप में पहले राउंड से बाहर हुई थी टीम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सिल्वरवुड के कार्यकाल में, श्रीलंका ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिसमें 2022 का एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज और बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरी शामिल है। टीम 2023 के एशिया कप के फाइनल में भी पहुंची थी। टी20 विश्व कप 2024 में अपने खराब प्रदर्शन के चलते टूर्नामेंट से बाहर हुई श्रीलंका की टीम को तगड़ा झटका लगा है। टीम के सलाहकार पद से हाल ही में पूर्व दिग्गज क्रिकेटर महेला जयवर्धने ने इस्तीफा दिया था। अब टीम के श्रीलंकाई टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिाया है। इसकी जानकारी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) की तरफ से जारी किए गए बयान में दी गई।

**सिल्वरवुड ने मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा-** श्रीलंका के नेशनल क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज क्रिस





सिल्वरवुड ने श्रीलंका के हेड कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। सिल्वरवुड को अप्रैल 2022 में श्रीलंका क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

### विश्व कप में श्रीलंका का खराब प्रदर्शन

श्रीलंका की टीम टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी। आईसीसी टूर्नामेंट में यह उसका सबसे खराब प्रदर्शन था। सिल्वरवुड ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।

# अब तक सिंगल हैं ये साउथ हसीनाएं

## शान से जी रही हैं अकेले जिंदगी, फैंस को है इनकी शादी का इंतजार

बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तरह साउथ अभिनेत्रियां भी लोकप्रियता के मामले में किसी से कम नहीं हैं। इनकी फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं, साउथ फिल्मों के बढ़ते क्रेज के साथ कई दर्शकों को बॉलीवुड से ज्यादा साउथ की अभिनेत्रियां पसंद हैं। इनकी सादगी के आगे फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। साउथ की कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने अब तक शादी नहीं की है और शान के साथ अकेले अपनी जिंदगी जी रही हैं। हालांकि, फैंस को इनकी शादी का ब्रेसब्री से इंतजार है। वहीं, कई बार तो इनकी शादी की खबरें भी सामने आ चुकी हैं। तो चलिए जानते हैं साउथ की इन हसीनाओं के बारे में...



### अनुष्का शेट्टी



साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी का नाम इस लिस्ट में सबसे पहले आता है। प्रभास के साथ फिल्म बाहुबली से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अनुष्का ने अब तक शादी नहीं की है। वह अकेले ही शान के साथ अपनी जिंदगी जी रही हैं और करियर पर ध्यान दे रही हैं। हालांकि, 42 वर्षीय अभिनेत्री की शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

### तृषा कृष्णन



अभिनेत्री तृषा कृष्णन का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। तृषा कृष्णन 41 वर्ष की हैं और वह अब तक सिंगल हैं। अभिनेत्री अभी अकेले ही शान से अपनी जिंदगी जी रही हैं। हालांकि, तृषा कृष्णन का नाम कई लोगों के साथ जुड़ चुका है। इनकी शादी को लेकर भी फैंस काफी उत्सुक हैं।

### प्रियामणि



अभिनेत्री प्रियामणि ने साउथ फिल्मों में अपनी पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड में सफलता हासिल कर ली है। अपने दमदार अभिनय के बदौलत उन्होंने हिंदी पट्टी के दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई है। 40 साल की प्रियामणि अब तक सिंगल हैं। उन्होंने शादी नहीं की है। फिलहाल अभी अपने करियर पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

### नित्या मेनन

साउथ अभिनेत्री नित्या मेनन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। नित्या मेनन 36 साल की हैं। अब तक उन्होंने शादी नहीं की है। वह शान के साथ अकेले अपनी जिंदगी बीता रही हैं। मगर को उनकी शादी का लंबे वक्त से इंतजार है। नित्या की शादी को लेकर भी खूब कयास लगाए जा चुके हैं।

### श्रुति हासन

साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री श्रुति हासन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 38 वर्षीय श्रुति हासन की भी शादी की खबरें कई बार सामने आ चुकी हैं। उनकी शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वह शांतनु हजारिका को डेट कर रही थीं। हालांकि, अब दोनों का ब्रेकअप हो चुका है।



# गीतांजलि मिश्रा के डायलॉग को मिले 40 मिलियन व्यूज, एक्ट्रेस ने सुनाया अनोखा किस्सा



टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस गीतांजलि मिश्रा अपनी दमदार कॉमेडी के लिए काफी फेमस हैं। वह सिटकॉम हप्पू की उलटन पलटन में राजेश का किरदार निभाती नजर आ रही हैं, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने शो के सेट पर एक अनस्क्रिप्टेड मोमेंट का किस्सा शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनका एक कॉमिक डायलॉग तुरंत हिट हो गया और सोशल मीडिया पर इसे 40 मिलियन व्यूज मिले। 1 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मजाक दिवस को लेकर गीतांजलि ने कहा, लाफ्टर में हमारे दिन को खुशनुमा बनाने और लोगों को एक साथ लाने की ताकत होती है, जिसे हर कोई समझ सकता है। जिंदगी हमें हंसने और जोक्स शेयर करने के कई मौके देती है। मुझे सेट का एक किस्सा याद है, जब मैं कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और बिमलेश (सपना सिकरवार) के साथ सुबह का सीन शूट कर रही थी। अभिनेत्री ने कहा, इस सीन में, मैंने बिमलेश को चिढ़ाते हुए कहा कि वह अपने पति के साथ कभी भी मौज-मस्ती कर सकती है, क्योंकि वे अकेले रहते हैं, लेकिन मैं नौ बच्चों की देखभाल करती हूं, जिसके चलते महीनों तक अपने पति से नहीं मिल पाती। मेरी बात के बाद, कटोरी अम्मा ने मजाकिया अंदाज में मुझे चिढ़ाते हुए कहा, एक-दूसरे का चेहरा देखे बिना ही, तुम नौ बच्चों को जन्म दे चुकी हो। सोचो अगर तुम गांधारी और धृतराष्ट्र की तरह साथ रहतीं तो तुम्हारे कितने बच्चे होते। उन्होंने आगे कहा, मैंने यह लाइन बनाई और हमारे डायरेक्टर ने इसे तुरंत सीन में शामिल कर लिया। यह सीन हिट हो गया, जिसे सोशल मीडिया पर 40 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया। हप्पू की उलटन पलटन एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

# दीवाली पर कार्तिक के सामने होंगी कई मुश्किलें



कार्तिक आर्यन एक से बढ़कर एक फिल्में देने के बाद निर्देशकों की पहली पसंद बने हुए हैं। हाल ही में उनकी 'चंदू चैंपियन' रिलीज हुई, जिसे गजब का रिस्पॉन्स मिल रहा है। कार्तिक आर्यन के अभिनय की काफी तारीफ हुई है। खैर, इस फिल्म के अलावा उनके खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। इस वक्त वो जिस फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, वो है- 'भूल भुलैया 3'। यह इस फ्रैंचाइजी का तीसरा इंस्टॉलमेंट है, जिसमें माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी नजर आने वाली हैं। इस बार पहले के दो पार्ट से बड़ा धमाका होने वाला है। कार्तिक आर्यन की फिल्म दिवाली पर रिलीज होने वाली है। हाल ही में अजय देवगन ने ऐलान किया था कि, उनकी 'सिंघम अगेन' भी दिवाली पर आने वाली है। दरअसल पहले फिल्म को 15 अगस्त को लाने का फैसला किया था। पर मेकर्स से इसकी डेट बदल दी। उनका कहना था कि अब तक पिक्चर का काम पूरा नहीं हुआ है, हालांकि, कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' के लिए मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। इस साल कई बड़ी साउथ की फिल्मे रिलीज होने वाली हैं।

लिस्ट काफी लंबी है। कई फिल्मों की रिलीज डेट का अब तक ऐलान नहीं किया गया है। इस लिस्ट में मच अवेटेड फिल्म- सूर्या-बॉबी देओल की 'कंगुवा' और राम चरण की 'गेम चेंजर' शामिल हैं। इसी बीच बड़ा अपडेट सामने आ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कंगुवा' की रिलीज़ डेट का 23 जुलाई को ऐलान किया जा सकता है। दरअसल सूर्या के 49वें जन्मदिन पर मेकर्स इसे लाने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि, शिवा के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म को अक्टूबर 2024 के आखिरी हफ्ते यानी दिवाली पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। दरअसल यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# उड़ने की आशा में अपने किरदार के लिए चलाना सीखी स्कूटीः वैशाली अरोड़ा



स्टार प्लस के पॉपुलर शो उड़ने की आशा में कंवर ढिल्लों और नेहा हरसोरा की जोड़ी दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रही है। हाल ही में शो में एक्ट्रेस वैशाली अरोड़ा शामिल हुईं। उन्होंने अपने किरदार के बारे खुलकर बात की और बताया कि उन्होंने अपने रोल को पर्दे पर बेहतरीन ढंग से पेश करने के लिए स्कूटी चलाना सीखा। वैशाली ने कहा कि शो में मैं रिया का किरदार निभा रही हूं, उसे स्कूटी चलाना आता है। ऐसे में मुझे स्कूटी चलाना सीखना पड़ा। मुझे पहले स्कूटी चलाना नहीं आता था, मैंने कई दिनों तक इसकी प्रैक्टिस की।



# बिग बॉस ओटीटी 3 में पौलोमी दास का मंत्र

बिग बॉस ओटीटी की शुरुआत हो चुकी है। शो पर कंटेस्टेंट्स के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। शो की कंटेस्टेंट, मॉडल और टीवी एक्ट्रेस पौलोमी दास ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। बिग बॉस के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में पौलोमी ने बताया, मैं कुछ महीने पहले तक तैयार नहीं थी, क्योंकि यह एक बहुत ही मुश्किल शो है। ऐसा नहीं है कि आप कुछ टास्क करके निश्चिंत हो जाएंगे। इस शो के लिए आपको मेंटली स्ट्रांग होना होगा। पौलोमी ने कहा, मुझे लगा कि इस शो का हिस्सा बनने का यही सही समय है, क्योंकि मेरी जिंदगी में कुछ ऐसा चल रहा था, कुछ ऐसी चीजें जो गड़बड़ा गईं, लेकिन कहीं न कहीं मेरे साथ जो हुआ वह सही था।

इसलिए, मुझे शो के लिए हां कहना पड़ा। मुझे लगता है कि यह शो मुझे एक अलग इंसान बना देगा, और मुझे वह चीज भी देगा जिसकी मुझे तलाश है। मंत्र के बारे में बात करते हुए, पौलोमी ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। शो में मेंटल ब्रेकडाउन को हैंडल करने के बारे में पौलोमी ने कहा, मुझे लगता है कि मैं उस वक्त बस जोर से रो पड़ूंगी। अगर मुझे रोने की जरूरत है, तो मैं रो दूंगी, क्योंकि उसके बाद दिल शांत हो जाता है। अगर आप अपने इमोशन्स को बाहर निकालते हैं, तो आपके दिल के अंदर चीजें सुलझ जाती हैं। उन्होंने कहा, शो के अंदर मैं बहुत से लोगों का ऑब्जर्व करूंगी, और कभी-कभी अगर इसकी जरूरत हुई तो मैं उनसे सीखूंगी, लेकिन साथ ही मुझे उसमें पौलोमी का टच भी डालना होगा।

बिग बॉस ओटीटी 3 में टीवी एक्टर साई केतन राव और सना मकबूल, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना सुल्तान खान, विशाल पांडे और लवकेश कटारिया, वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दो पत्नियां पायल और कृतिका, एस्ट्रोलॉजर मुनीषा खटवानी, बॉक्सर नीरज गोयत, रैपर नावेद शेख उर्फ नैजी और यूट्यूब सेंसेशन शिवानी कुमारी जैसे कंटेस्टेंट्स हैं।

# चुनाव हारने के बाद भोजपुरी सिनेमा की ओर लौटे निरहुआ



### पूरी की संकल्प की शूटिंग

लोकसभा चुनाव में नेताओं समेत भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारों ने भी अपनी किस्मत आजमायी। इनमें से एक रहे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ। उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में उन्होंने सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है और एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने उन्हें करीब सत्तर हजार वोटों से हरा दिया। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। उन्होंने कहा कि संकल्प की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। फिल्म बेहतरीन है और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। निरहुआ ने संकल्प की कहानी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म एक आम आदमी के संघर्ष और उसके दृढ़ संकल्प पर आधारित है। उन्होंने कहा, मैं फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहा हूं और एक ऐसे युवक का किरदार निभा रहा हूं, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मुश्किलों का सामना करता है। यह युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक फिल्म है। संकल्प राजघराना फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज होगी।

# लंदन में 17 घंटे एयरपोर्ट पर फंसी रहीं अदिति



बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार के लिए चर्चा में हैं। उन्होंने संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज में बिब्बो जान का किरदार निभाया है। इसके अलावा अदिति हाल ही में, सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की रिसेप्शन पार्टी में भी नजर आई थीं। अब हाल ही में अभिनेत्री लंदन पहुंची थीं और उनके साथ वहां कुछ ऐसा हो गया, जिसके बाद उन्हें अपने इस फैसले पर जरूर पछतावा हुआ होगा। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने हीथ्रो एयरपोर्ट और ब्रिटिश एयरवेज के खिलाफ एक्स पर अपनी शिकायत लिखी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अभिनेत्री को और अन्य यात्रियों को उनके सामान के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। एयरलाइन द्वारा जल्द से जल्द समाधान का वादा करने के बावजूद अभिनेत्री को 17 घंटे बाद भी अपने लगेज के लिए इंतजार करना पड़ा। हीथ्रो एयरपोर्ट और ब्रिटिश एयरवेज को निशाने पर लेते हुए अदिति ने एक्स पर लिखा, मुंबई से फ्लाइट दोपहर 2-15 बजे लंदन में उतरी। अभी शाम के 6-02 बज रहे हैं। थके हुए यात्री, भूखे बच्चे, व्हीलचेयर पर बैठे लोग खाली लगेज बेल्ट पर इंतजार कर रहे हैं, उनके पास कोई जानकारी नहीं है और कोई जिम्मेदारी नहीं है, सिवाय क्यूआर कोड के, जो उस एयरपोर्ट के लिए दिए जा रहे हैं, जहां कथित तौर पर तकनीक क्रैश हो गई है!



# प्रेग्नेंसी के 9वें महीने में ऋचा चड्ढा ने साइन की कॉमेडी फिल्म

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। वह प्रेग्नेंसी के 9वें महीने को एन्जॉय कर रही हैं। लेकिन इन दिनों वह अपनी अगली कॉमेडी फिल्म साइन करने को लेकर सुर्खियों में हैं। इस पर काम अक्टूबर में शुरू होने वाला है। बताया जा रहा है कि कॉमेडी फिल्म की स्क्रिप्ट पहले से ही तैयार है, जिसे अमितोष नागपाल ने लिखा है। फिल्म नॉर्थ इंडिया पर सेट है। मैटरनिटी ब्रेक के दौरान काम करने को लेकर ऋचा ने कहा, मैं सभी महिलाओं की ओर से बात नहीं कर सकती। हर किसी का सफर अलग होता है। लेकिन मैं लंबे ब्रेक पर नहीं रहूंगी।

-साभार एजेंसी